सुप्रभात
रांची, सोमवार
15.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 05



12 एक्स पर पीएम मोदी के 10 करोड़ फोलोअर्स

न्यूज डायरी

## जिम्बाब्वे को भारत ने 5वें मैच में 42 रनों से हराया

**हरारे (जिम्बाब्वे)।** भारत और जिम्बाब्वे के बीच रविवार को खेले गए 5वें टी20 मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया। भारत के 168 रन के जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 18.3 ओवर में केवल 125 के स्कोर पर आउट हो गयी। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी20 सीरीज पर 4-1 से अपना कब्जा जमाया। संजू सैमसन (58) के शानदार अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 18.3 ओवर में मात्र 125 के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके।

## अमेरिकी नाइट क्लब में फायरिंग, सात मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम में एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम सात लोगों के मौत की खबर है। बर्मिंघम पुलिस के अनुसार, इस घटना में 9 लोग घायल भी हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है, जिसमें से कई की हालत गंभीर है। बर्मिंघम पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार, पुलिस अधिकारी सूचना पर रात 11:08 बजे 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ के 3400 ब्लॉक में एक नाइट क्लब में पहुंचे। पहुंचने पर, अधिकारियों ने कई लोगों को गोली लगने से घायल हुए देखा। इस मामले में अभी तक किसी भी संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## गुमला में ट्रैक्टर से दब कर दो लोगों की मौत

**गुमला।** विशुनपुर के एक गांव में खेत जोतने के क्रम में ट्रैक्टर पलटने से गांव के गोपाल असुर (19 वर्ष) की दबकर मौत हो गयी। ट्रैक्टर खेत में ही छोड़ कर ग्रामीण शव ले कर चले गये। अचानक गोपाल असुर उक्त ट्रैक्टर के पास पहुंचा और डायरेक्ट स्टार्ट कर एक्सीलेटर दबाया। गाड़ी सामने से खड़ी होकर सीधा पीछे पलट गयी, जिसमें वह दब गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। 24 घंटे में अलग-अलग हादसों में चार लोगों की जान चली गयी है। पुलिस ने चारों मामले में शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## गढ़वा में में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के राजहरा गांव में वज्रपात होने से 2 महिलाओं की मौत हो गयी। 3 महिला घायल हो गयी हैं। इन सभी घायलों का इलाज निजी अस्पताल संगबरिया में किया जा रहा है। वज्रपात की घटना में घटनास्थल पर ही मरने वालों में तेतरी देवी 50 वर्ष पति ललित राम और गीता देवी 48 वर्ष पति जुगन राम तथा चार बकरी की मौत हो गयी है। वज्रपात की घटना में घायल शारदा देवी, महेश्वरी देवी, प्रमिला देवी है शामिल।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काशी-विश्वनाथ, काल भैरव से झारखंड की सुख-समृद्धि मांगी



# लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। बाद में काल भैरव के मंदिर पहुंचे और वहां भी माथा टेका। मिर्जापुर स्थित विध्यवासिनी देवी के दरबार में माथा टेका। इस दौरान सीएम ने बाबा विश्वनाथ महादेव जी से झारखंड वासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। वाराणसी में मीडिया से बातचीत में हेमंत सोरेन ने उपचुनावों के परिणाम को अपेक्षा के अनुरूप बताया। लोगों ने आइएनडीआइए को चुना है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है।

### मां के आशीर्वाद से लड़ाई जारी रहेगी

पत्रकारों से हेमंत सोरेन ने कहा कि न्याय प्रक्रिया के तहत मैं बाहर आया हूं। मां के आशीर्वाद से हमें बल मिलता है। जो हमारी लड़ाई है, उसको हम जारी रखते हैं। हम देश के जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित रहते हैं। एयरपोर्ट पर सीएम पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। सात राज्यों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर कहा कि इसमें कहने की बहुत आवश्यकता नहीं है। सीडिया के सवाल पर सीएम ने कहा, आम लोगों से जनता से यह बात पूछनी चाहिए। यह लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा है। हाई कोर्ट से बेल मिलने के बाद इडी-सीबीआइ को लेकर कहा, कि इस बारे में जो भी निर्णय लेना है वह कोर्ट लेगी। वहीं, नीट एग्जाम को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, कि इस पर भी काम चल रहा है। यह चीज भी धीरे-धीरे आगे बढ़ाई जायेंगी।

### बनारस की गलियों में दुनिया का सार

सीएम हेमंत अपनी पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के के साथ बनारस की गलियों में घूमे। उन्होंने कहा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। सीएम हेमंत सोरेने ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बनारस की सारी तस्वीरें साझा की है। पहले पोस्ट में सीएम बनारस की गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। दूसरे पोस्ट में हेमंत ने चार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो बाबा विश्वनाथ महादेव जी की पूजा अर्चना करते नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्ट में भी हेमंत ने चार फोटोज शेयर किया है, इसमें दोनों पति-पत्नी काल भैरव को हाथ जोड़कर प्रणाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं बनारस में हमेशा आता रहता हूं। इस शहर से काफी साल पुराना जुड़ाव रहा है। इस शहर को लेकर मेरी आस्था और भक्ति है। यह शहर मुझे काफी पसंद है।

# हमले में बाल-बाल बचे डोनाल्ड ट्रंप, कान छलनी

## गोलीबारी के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, कुछ तो गड़बड़ है

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोली चली जिसमें वे बाल-बाल बच गये। गोली उनके कान को छलनी करते हुए निकल गयी। ट्रंप पर ये जानलेवा हमला एक चुनावी रैली के दौरान हुआ। वह पेन्सिलवेनिया में रैली कर रहे थे। अचानक एक शख्स ने गोलीबारी कर दी। गोली से उनके दाहिने कान छलनी हो गये। यदि गोली 2 सेंटीमीटर भी इधर होती तो ट्रंप की जान जा सकती थी। इस गोलीबारी में एक शख्स की जान चली गयी जबकि सीक्रेट सर्विस ने फायरिंग करने वाले को मार गिराया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घटना निंदा की और कहा कि अमेरिका में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमले की दुनिया भर में निंदा हो रही है। पीएम मोदी, राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा की है। पीएम मोदी ने कहा, उनके मित्र बाल-बाल बच गये, इससे उन्हें राहत मिली।

**ट्रंप बोले कुछ तो गड़बड़ है :** खुद पर हुए जानलेवा हमले पर ट्रंप ने कहा, 'मुझे तुरंत पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है, मैंने घरघराहट की आवाज सुनी, गोली चली और तुरंत महसूस हुआ कि गोली शरीर को चीर रही है।' रैली में फायरिंग की घटना के बाद बाद



सुरक्षाकर्मियों द्वारा ट्रंप को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इस घटना में एक संदिग्ध शख्स की मौत हुई है, इसके अलावा रैली में मौजूद एक और शख्स की मौत हुई है। इस घटना की जांच इस एंगल से की जा रही है कि ये ट्रंप की हत्या की साजिश थी। उन्होंने कहा, 'यह अविश्वसनीय है कि हमारे देश में ऐसा हो सकता है। इस समय शूटर के बारे में कुछ भी पता नहीं है, जो अब मर चुका है।' हालांकि इस घटना में ट्रंप गंभीर रूप से घायल नहीं हुए और उन्होंने बयान जारी कर कहा कि वह ठीक हैं और उनकी मेडिकल जांच चल रही है।

## रांची में गरजे शिवराज, कहा भाजपा लाओ झारखंड बचाओ

# झूठ बोलने की मशीन है कांग्रेस और झामुमो

### हिंदुत्व क्या है राहुल को कुछ पता नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कांग्रेस और झामुमो के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाये। श्री चौहान राजधानी के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा चुनाव की आहट के बीच झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस और झामुमो झूठ बोलने की मशीन हैं। वे गलत नैरेटिव सेट करते हैं। राहुल कभी अग्निवीर के बारे में झूठ बोलते हैं तो किसानों को एमएसपी के बारे में। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां होगी वहां गड़बड़ होती होगी। उन्होने कहा कि संसदीय चुनाव में हमने झारखंड में 14 में से 09 सीटें जीती हैं। इसी को विधानसभा में बदल दिया जाये तो हम 81 में से 52 सीटों पर आगे रहे हैं। कांग्रेस जहां होगी, वहां गड़बड़ होती है। वहीं भाजपा पार्टी नहीं, पार्टी से आगे बढ़ाकर एक परिवार है।

उन्होंने कहा, भाजपा लाओ, झारखंड बचाओ। भाजपा ही झारखंड का विकास कर सकती है।



**राहुल को हिंदुत्व का ज्ञान नहीं :** श्री चौहान ने कहा कि राहुल कहते हैं हिंदू हिसंक हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की पहचान तुम क्या जानो। ये मेरा है, ये तेरा है ये सोच छोटे दिल वालों की होती है, जो विशाल हृदय के होते हैं, वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिंदुत्व है। केवल मनुष्य में नहीं प्राणियों में सद्भावना हो, ये हिंदुत्व है। हिंदू भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा हैं। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र सबकुछ दे रहा है

एक तरफ पीएम मोदी ने कहा था कि किसानों को सम्मान निधि देंगे, किसानों के खाते में 6 हजार रूपया हर साल की सम्मान निधि आ रही है। जब रघुवर दास यहां यहां सीएम थे, तब मुख्यमंत्री किसान समृद्धि योजना में प्रति एकड़ 5 हजार रूपया किसानों को दिया जाता था। सबसे पहले हेमंत सोरेन ने यही योजना बंद की। भाजपा की सरकार में 50 लाख रुपये की रजिस्ट्री अगर बहन के नाम पर होती थी तो केवल 1 रूपया में होती थी। हेमंत सोरेन ने यह योजना बंद की। विकास अगर कर सकती है तो भाजपा की सरकार कर सकती है। इस सरकार में गरीब रो रहा है। सामान्य आदमी रो रहा है।

# संघ का आह्वान, गांव में बदलाव के वाहक बनें युवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे गांव में बदलाव के वाहक बनें। कहा- महीने में 24 घंटे गांव को दें। प्रांत प्रचारकों, सह प्रांत प्राचरकों, क्षेत्र प्रचारकों और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के कार्यकताओं की तीन दिवसीय बैठक अंतिम दिन रविवार को प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरसंघचालक मोहन भागवत की उपस्थिति में संघ की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) में देश भर में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी रांची में ही तैयार गयी। आपसी विचार विमर्श के लिए संघ के विविध संगठनों की समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में होगी।

### धर्मांतरण पर सख्ती जरूरी

उन्होंने धर्मांतरण से लेकर लोकसभा के चुनाव परिणाम पर बात की और संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, धर्मांतरण पर सख्ती से रोक लगे, कानून का पालन हो। संघ ने धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस साल संघ के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 20 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड विस चुनाव में तीसरा मोर्चा भी संभव

**धनबाद।** विधायक सरयू राय तीसरा मोर्चा बना झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनकी बात भी हुई है। जदयू और भाजमो मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। यह बातें खुद सरयू राय ने मीडिया से कही। झारखंड में फिलहाल इंडिया गठबंधन और एडीए में चुनाव की तैयारी जोरशोर के साथ कर रही है। वहीं अब तीसरा मोर्चा बनाने की तैयारी भी की जा रही है। धनबाद पहुंचे सरयू राय ने कहा कि झाखंड में होने वाले विधानसभा को लेकर तीसरा मोर्चा तैयार कर रहे हैं। चुनाव लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 30 विधानसभा सीट पर भारतीय जन मोर्चा की तैयारी है। कोयलांचल, कोल्हान, संथाल सहित पलामू क्षेत्र में तैयारी है।

# एलओसी पर घुसपैठ करते तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सुरक्षा बलों ने रविवार को 3 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि अंतिम जानकारी मिलने तक घुसपैठ रोधी अभियान जारी था। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।' हालांकि, मारे गए दहशतगर्दों की अभी तक पहचान नहीं हो पायी। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से संरक्षण और समेकन की रणनीति अपनायी गयी है। सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल



इसी तरह के छिपे हुए खतरे से जूझ रही हैं। यह खतरा उत्तरी कश्मीर और कठुआ जिले में हाल ही में घात लगाकर किए गए हमलों और मुठभेड़ों में स्पष्ट प्रतीत होता है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने घात लगाकर किये गये हमलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ों का विश्लेषण किया है। इस आधार पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन जमीनी स्तर की मानव खुफिया जानकारी के अभाव में ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में बाधा आ रही है।

**सुरक्षा अधिकारियों को गुमराह करने के प्रयास :** तकनीकी खुफिया जानकारी पर पूरी तरह निर्भरता फलदायी नहीं रही है, क्योंकि आतंकवादी अधिकारियों को गुमराह करने के लिए ऑनलाइन गतिविधियों का इस्तेमाल करते हैं। अधिकारियों को लगता है कि विदेशी आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। अपने शांतिपूर्ण माहौल के लिए परिचित इस क्षेत्र, खासकर पुंछ, राजौरी, डोडा और रियासी जैसे सीमावर्ती जिलों में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। भारतीय वायुसेना के काफिले, तीर्थयात्रियों की बस पर हमले और कठुआ में सैनिकों की हाल ही में हत्या से यह उभरता खतरा सामने नजह आता है।

## लातेहार : डैम में नहाने गये दो युवकों की मौत

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन टोला के पास रविवार को डैम में डूबने से दो लड़कों की मौत हो गयी। मृतकों में मोहम्मद अफरोज (10) और रुपेश कुमार (11) हैं। दोनों बालूमाथ के हरिजन टोला के रहने वाले थे। रुपेश और अफरोज कुछ अन्य लड़कों के साथ रविवार को नहाने के लिए पास में स्थित डैम में गये थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख उनके साथ नहाने गए अन्य लड़के दौड़ते हुए गांव आए और लोगों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण डैम के पास पहुंचे और पानी में डूब रहे दोनों लड़कों को बाहर निकाला। दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बात दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# 46 साल बाद फिर खुला पुरी जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार

## ओड़िशा सरकार करायेगी मूल्यवान सामानों की सूची तैयार

एजेंसी

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का खजाना 'रत्न भंडार' रविवार को 46 साल बाद फिर से खोला गया। कई रस्में पूरी कर 1.28 बजे खोला गया। बेशकीमती रत्नों और सोने चांदी के गहनों की डिजिटल लिस्टिंग की जायेगी, ताकि इसे सुरक्षित रखा जा सके। मंदिर की मरम्मत करने की बात भी सामने आयी है। एक अधिकारी ने बताया कि यह खजाना आखिरी बार 1978 में खोला गया था। ओडिशा सरकार रत्न भंडार के आभूषणों और अन्य मूल्यवान सामानों की सूची तैयार करायेगी। मंदिर का रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) करता है।



**दो हिस्सों में है भंडार :** रत्न भंडार दो हिस्सों में बंटा है। इसका बाहरी हिस्सा खुला है, जबकि भीतरी हिस्सा रहस्य बन चुका है। रत्न भंडार में राजाओं द्वारा दान में दिये गये भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के कीमती आभूषण हैं। (शेष पेज 11 पर)

### 'आज्ञा' की रस्म के बाद खोला भंडार

राज्य सरकार द्वारा खजाने में कीमती वस्तुओं की सूची की निगरानी के लिए गठित समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा कि पुरी में आयोजित समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, सबसे पहले मंदिर के अधिकारियों ने उस स्थान की पहचान की जहां कीमती सामान अस्थायी रूप से रखा जायेगा। 'आज्ञा' की रस्म, जिसमें रत्न भंडार को फिर से खोलने के लिए मंजूरी मांगी जाती है, सुबह पूरी हो गयी थी। 'कोषागार को फिर से खोलने से पहले हमने देवी बिमला, देवी लक्ष्मी, जो खजाने की मालिक हैं, की स्वीकृति मांगी और अंत में भगवान लोकनाथ, जो इसके संरक्षक हैं, की स्वीकृति मांगी। समिति के सदस्य सीबीके मोहंती ने बताया कि समिति के सदस्य दोपहर 12 बजे मंदिर को फिर से खोलने के लिए पारंपरिक पोशाक में मंदिर में दाखिल हुए।

# नगर विकास व आवास विभाग को मिला स्पार्क व प्रेज अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची ।** झारखण्ड राज्य में वर्ष 2014 से डे-एनयूएलएम योजना चल रही है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रह रहे गरीब परिवारों के सामाजिक, आर्थिक क्षमता का विकास करते हुए प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। साथ ही उनकी आजीविका को मजबूत करना है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। यह योजना राज्य के 49 नगर निकायों में संचालित है। इसके बेहतर संचालन के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड को दो अवार्ड दिए जा रहे है। इसमें स्पार्क और प्रेज अवार्ड शामिल है। बताते चलें कि सहयोग के माध्यम से शहरी गरीबों, उनकी संस्थाओं तथा आजीविका विकास व गरीबी उन्मूलन से सम्बंधित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन करने को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। उनके मौजूदा आजीविका के विकल्पों का वर्धन और विस्तार करने, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ते बाजार द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ कौशल निर्माण करते हुए गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का कार्य किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### डे-एनयूएलएम योजना में झारखंड का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी ने हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप

# खाली पदों पर नौकरी का वादा अब तक अधूरा : शिवराज सिंह चौहान

■ झारखंड में तराजू में तौल कर बालू की बिक्री करने का लगाया आरोप



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान लगातार झारखंड की झामुमो गठबंधन सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने हेमंत सरकार पर जनता से वादा खिलाफी करने, छलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि करीब पांच साल इस सरकार के होने को हैं। 2019 में चुनाव के समय संकल्प पत्र जारी करते कहा था। बदलो सरकार, पाओ अधिकार। सरकार बदल भी गयी पर लोगों को कौन सा अधिकार, न्याय यह अब तक दे सकी है। इसने युवाओं को नौकरी, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठगा। महिलाओं, बेटियों, किसानों सहित हर वर्ग को ठगा गया। चुनाव के समय इस ठगबंधन सरकार की हकीकत जनता के सामने भाजपा ले जायेगी।

उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के समय झामुमो और कांग्रेस की ओर से जारी संकल्प पत्र के बिंदुओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि झामुमो करीब 150 विषयों पर जबकि कांग्रेस ने तो 317 बिंदुओं पर काम करने का भरोसा दिलाया था। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में कहा गया था कि दो साल के भीतर राज्य के सभी खाली पड़े पदों पर नियुक्ति कर दी जायेंगी। बेरोजगारों को भत्ता मिलेगा। हेमंत सोरेन बतायें कि कितनों को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। उन्होंने कहा कि महिला बैंक की स्थापना राज्य भर में करने, केवल आधार कार्ड के आधार पर 50 हजार रुपये का लोन मिलने का भरोसा दिया था, आज तक एक को भी लोन नहीं मिला। गरीब परिवार की महिलाओं को चूल्हा खर्च के नाम पर 2000 रुपये हर माह देने की बात का क्या हुआ। तत्कालीन भाजपा सरकार में तो 50 लाख रुपये तक की संपत्ति महिलाओं के नाम एक रुपया पर किया जा रहा था। इसे हेमंत सरकार ने बंद करा दिया। किसान के लिए किसान बैंक और इसके जरिये मदद की बात हेमंत सरकार ने की थी लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ।

रघुवर सरकार में किसान समृद्धि योजना लागू थी। इसके अंतर्गत प्रति किसान प्रति एकड 5000 रुपये दिये जाते थे। इसे हेमंत सरकार ने बंद करा दिया। हेमंत सरकार ने पलामू, गढ़वा, गिरिडीह, चाईबासा, दुमका, देवघर को बेहतर शहर के तौर पर विकसित करने को 25 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान की बात की। इस पर कोई काम नहीं हुआ। राज्य में खनन नहीं, पर्यटन की बात भी ढकोसला साबित हुई। केवल खनन ही हो रहा है, वह भी अवैध। इस अवसर पर विकास प्रीतम व शिवपजून पाठक भी उपस्थित थे।

इसके पहले धुर्वा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव के घर शिवराज सिंह ने भोजन किया। परिवार के सदस्यों, बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न और आनंदित हूं। उमेश यादव हमारे मंडल के अध्यक्ष हैं और उनके मंडल से लोकसभा के चुनाव में भाजपा को भारी बढ़त मिली है। उनके मंडल में हम 81 पोलिंग पर हमें भारी लीड मिली है। इसके कारण लोकसभा चुनाव में रांची लोकसभा में शानदार सफलता मिली है।

### आरोप : झामुमो-कांग्रेस-राजद के रहते विधि व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती

# राज्य की भ्रष्ट गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें : मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/राजधनवार।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विचार आधारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा किया है। ऐसे कार्यकर्ताओं का सम्मान पार्टी का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के दुष्प्रचार और भ्रम के बाद भी जनता ने भाजपा और एनडीए पर भरोसा किया। जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी जनता ने एनडीए पर विश्वास जताया। नौ सीट पर एनडीए को जीत मिली। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को 84 लाख वोट दिये, जबकि इंडी गठबंधन को 66 लाख ही वोट मिले। तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित राज्य के 7 मंत्री अपने क्षेत्र में इंडी गठबंधन को नहीं जीता सके। उन्होंने कहा कि अब झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को हटाना है और भाजपा नेतृत्व में मजबूत डबल इंजन सरकार बनानी है।

उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस के रहते विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। यहां खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट की छूट है। युवाओं की नौकरी तक बेची जा रही है। जेपीएससी जेएसएससी की परीक्षा लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलायें घर में भी असुरक्षित हैं। अपराधी बेलगाम हैं। व्यापारियों से फिरौती की मांग हो रही है। संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही है। तुष्टिकरण में यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार से निजात दिलाने केलिये जनता से संवाद बढ़ायें। नाकामियों को उजागर करें।

### 21 जुलाई से केंद्रीय अध्यक्ष शुरू करेंगे दौरा

## विस चुनाव में ओबीसी आरक्षण और नियोजन नीति होगा बड़ा मुद्दा: राजेंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में ओबीसी आरक्षण और नियोजन नीति व स्थानीय नीति को मूलवासी सदान मोर्चा मुद्दा बड़ा मुद्दा बनायेगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इन सब मुद्दों को लेकर वे 21 जुलाई के बाद पूरे राज्य के दौरा पर रहेंगे और मूलवासी सदानों से आने वाले हर वर्ग के जाति धर्म के लोगों से बात कर उन्हें बताएगें कि किस तरह से मूलवासी सदानों की उपेक्षा की जा रही है। मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले बड़ी आबादी ओबीसी का 55% है इसके बावजूद इनके आरक्षण को छीन कर 14%कर दिया गया। राज्य के 112 प्रखंड की सभी पंचायतों में मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले ओबीसी एससी और सवर्णों को मुखिया, प्रमुख ,जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित क्यों किया गया और कब तक इन्हें वंचित रखा जाएगा? इस बात को ग्रामीणों के बीच ले जाने की बात कही है।राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जिस तरह से ओबीसी और एससी को राजनीति हासिए पर डाला जा रहा है यह भी एक बड़ा चिंता का विषय है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में जबतक विधानसभा की सीट को 160 नहीं किया जाता है तब तक राज्य में एक दल की बहुमत और स्थिर सरकार बन पाना नामुमकिन सा लगता है। उन्होंने लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग की है।

# झारखंड जदयू ने 12 सीट पर चुनाव लड़ने का केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष भेजा प्रस्ताव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए जदयू झारखंड में अपनी अस्तित्व को बचाये रखने की कोशिशों में जुट गयी है। साल के अंत में होने वाले चुनाव के लिए जदयू ने 12 सीटों को चिन्हित किया है। ये सभी वैसी सीटें हैं जहां बीजेपी या तो कमजोर स्थिति में है या वर्तमान में उसकी सीटें नहीं हैं।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का कहना है कि झारखंड में जिन सीटों को चिन्हित किया गया है, उन पर अंतिम मुहर पार्टी की शीर्ष नेतृत्व लगाएगा। उन्होंने कहा कि मांडू, गिरिडीह, डुमरी, जमशेदपुर पूर्वी जैसी कई सीटें हैं, जिन पर पार्टी मजबूत स्थिति में है।



हाल ही में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने साफ तौर पर इस बात के संकेत दिए थे कि झारखंड में पार्टी एनडीए में रहते हुए अन्य सहयोगी दलों के साथ तालमेल बैठाकर ही चुनाव लड़ेगी। उन्होंने राज्य में सरयू राय की पार्टी भारतीय जन मोर्चा के साथ किसी तरह की बातचीत से भी फिलहाल इनकार कर दिया है।

**ये होंगे जदयू के चेहरे जो चुनाव लड़ने की कर रहे तैयारी** : विस चुनाव की तैयारियों के बीच खबर आ रही है कि जदयू के कई बड़े नेता चुनाव लड़ने की तैयारियां शुरू कर चुके हैं। इन नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के पुत्र भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार महतो मांडू विधानसभा सीट से टिकट की मांग पार्टी के सामने रख सकते हैं। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कमेश्वर दास, मधुकर सिंह, संतोष सोनी, भगवान सिंह, डॉक्टर अफ्ताब जमील जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं।

वर्तमान में जदयू के पास एक भी सीट नहीं है, ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि बीजेपी के साथ चुनाव लड़कर शायद पार्टी की नैया झारखंड में पार लग जाए। दरअसल, अब तक जदयू झारखंड में कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। 2014 में जदयू 45 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी, मगर एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। 2019 में भी पार्टी 40 सीटों पर चुनाव लड़ी, मगर कोई कमाल नहीं कर पाई। हालांकि, 2005 के चुनाव में जदयू 18 सीटों पर लड़ी और 6 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई थी।

## झारखंड सरकार 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करे : केंद्रीय खान मंत्रालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/दिल्ली।** केंद्रीय खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार को 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का निर्देश दिया है। 10 खनिज ब्लॉक में एक सोना, एक तांबा, एक चूना पत्थर और एक ग्रेफाइट की खदान भी शामिल है। इतना ही नहीं मंत्रालय ने राज्य सरकार को चेतावनी भी दी है। सूत्रों के अनुसार, ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यदि राज्य खनिज ब्लॉक की नीलामी करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है।

**2021 में 15 ब्लॉक नीलामी का दिया आश्वासन, पर केवल चार के लिए ही किया अधिसूचित :** झारखंड सरकार को सौंपी गयी 38 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट में से अबतक केवल पांच का उपयोग नीलामी के लिए किया गया है। राज्य सरकार ने दिसंबर 2021 तक 15 ब्लॉक को नीलामी के लिए अधिसूचित करने का आश्वासन दिया था। हालांकि राज्य केवल चार ब्लॉक को नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया। बाकी बचे 11 खदानों में से 10 ब्लॉक राज्य द्वारा नीलामी के लिए अधिसूचित किया जाना है। वहीं पोटाश ब्लॉक की निलामी केंद्र द्वारा की जायेगी। चालू वित्त वर्ष में अब तक 12 खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। नीलाम किये गये सभी ब्लॉक राजस्थान में हैं। ये ब्लॉक अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और जेके सीमेंट लिमिटेड जैसी कंपनियों को मिले हैं।

## भाजपा नेत्री आशा सोनी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू का थामा दामन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शराबबंदी और विकास एवं महिला सुरक्षा के रोल मॉडल से प्रभावित होकर झारखंड जदयू को मजबूती देने के लिए भाजपा नेत्री आशा सोनी समर्थकों के साथ जदयू पार्टी में शामिल हुई। झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो के हाथों से उन्होंने सदस्यता ग्रहण की।



खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार के काम का सराहना पूरे भारत में हो रही है और आने वाले समय में झारखंड में भी एनडीए की सरकार बनेगी और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड का निर्माण होगा। जदयू झारखंड में पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगा एवं किंग मेकर बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड जिस तरीके से केंद्र की सरकार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, उसी तरीके से झारखंड में भी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

मिलन समारोह में सागर कुमार, श्रवन कुमार, आशा शर्मा, सुधा चौधरी, कामेश्वर दास, त्रिवेणी वर्मा, संतोष कुमार सोनी, राजपूत निर्मल सिंह, संजय सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## चौकीदार नियुक्ति में एससी आरक्षण को किया शून्य, सीएम त्रुटि में सुधार करायें : राजेश गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पलामू गिरीडीह गोड्डा सहित राज्य के सभी जिले में चौकीदार की नियुक्ति में अनुसूचित जाति के आरक्षण को शून्य कर दिया गया है, जो एक षड्यंत्र है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस त्रुटि को सुधार लिया जाये। अधिकारियों ने ओबीसी के साथ भी रोस्टर घोटाला किया था। उसी तर्ज पर अनुसूचित जातियों का भी चौकीदार नियुक्ति में रोस्टर घोटाला किया जा रहा है। जब चौकीदार की नियुक्ति राज्य में पहली बार आरक्षण से हो रही है तो फिर आरक्षण से वंचित करने का क्या औचित्य है? उन्होंने कहा कि जब राज्य बिहार से अलग हुआ था, उस वक्त ओबीसी समुदाय का आरक्षण शून्य कर 14% के अनुसार नियुक्ति में आरक्षण दी जानी चाहिए थी लेकिन अधिकारियों ने राज्य सरकार को गुमराह कर ओबीसी का 13% एक्स्ट्रा दिखाकर उनकी नियुक्ति बहुत सालों से नहीं की गई। मुख्यमंत्री इस पर तुरंत संज्ञान लें और अनुसूचित जाति के चौकीदारों की नियुक्ति में उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित किया जाये। साथ में ओबीसी समुदाय का जो रोस्टर घोटाला किया गया है, उसकी भी जांच पड़ताल करायी जाये।

## डीजीपी आज करेंगे समीक्षा बैठक, मोहर्रम को लेकर कानून-व्यवस्था पर होगी चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में मोहर्रम में विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की जायेगी।

गौरतलब है कि मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, उन जिलों में पुलिस मुख्यालय ने विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में इको की 16 कंपनियां, रैप की कंपनी, 2388 लाठीबल और पांच हजार होमगार्ड तैनात की गयी है। डीजीपी के आदेश के बाद आईजी अभियान ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने के निर्देश दिये हैं।

**सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी, अफवाह फैलाने वाले पर तत्काल कार्रवाई** : सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया गया है, ताकि आसामाजिक तत्व सोशल मीडिया में अफवाह ना फैला सकें। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का भी निर्देश है। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठक हो चुकी है। शांति समिति के सदस्यों से कहा गया है कि कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन या अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें। ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के चिन्हित स्थानों के बारे में सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है।

## एमएसपी और प्रोन्नति को लेकर सीएम के समक्ष पांच अगस्त से शिक्षक करेंगे आमरण अनशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एमएसपी और प्रोन्नति की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षक मुख्यमंत्री के समक्ष पांच अगस्त से आमरण अनशन करेंगे। यह निर्णय रविवार को हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्यकार्यकारिणी की रांची में हुई बैठक में ली गयी। कहा गया कि राज्य के शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) लागू करने, स्नातक प्रशिक्षित और प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति देने, छठे वेतनमान की विसंगति दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिला में स्थानांतरण का विकल्प देने,स्वास्थ्य बीमा लागू करने, राज्यकर्मियों के लिए सभी स्थानों पर परिवहन भत्ता की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष पांच अगस्त से राज्य के शिक्षक करेंगे।



संघ ने कहा है कि बिहार की भांति राज्य के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने का आश्वासन 2022 में ही मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों को दिया गया था। लेकिन आज तक सरकार ने इस पर निर्णय नहीं लिया। शिक्षकों की प्रोन्नति को कोर्ट के हवाले करके शिक्षा विभाग शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशानी में डाले हुए हैं। साथ ही 2016 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को उनके वरीयता का लाभ अब तक नहीं मिल पा रहा और स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के चालीस प्रतिशत पद तथा प्रधानाध्यापकों के 97 प्रतिशत पद रिक्त पड़े हुए हैं। कैबिनेट से निर्णय होने के बाद भी राज्यकर्मियों को अब तक स्वास्थ बीमा लागू नहीं किया जा सका है। छठे वेतनमान की विसंगति दूर करने में शिक्षकों के साथ भेद भाव रखते हुए सचिवालय सहायकों को इसका निदान कर दिया गया, लेकिन शिक्षकों का मामला अब तक लंबित है। बैठक में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, संगठन महामंत्री असादुल्लाह, प्रवक्ता नसीम अहमद, दीपक दत्ता, हरे कृष्ण चौधरी, अजय कुमार सिंह, राकेश कुमार, सलीम सहाय तिग्गा, विभूति कुमार, प्रवीण कुमार, श्रीकांत सिन्हा, शंभू शर्मा, संजय कंडुलना,सुरजन,प्रेम कुमार शर्मा, मनोरंजन कुमार, उदय कुमार सिंहा, विनोद कुमार सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए शिक्षक प्रतिनिधि शामिल थे।

### राजद राष्ट्रीय महासचिव ने बताया लालू परिवार के अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने की वजह!

# आपातकाल को कोई सही नहीं कहता लेकिन आज आफतकाल वाली स्थिति : श्याम रजक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक अपने निजी यात्रा पर रांची पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से रूबरू भी हुए और बिहार झारखंड की राजनीति पर मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया। उन्होंने झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार बनने को जनभावना की जीत करार देते हुए मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी। बिहार के रुपौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में राजद की हार बल्कि जदयू की हार करार दिया है। चुनावी भाषणों में जिस अंबानी-



अडानी का राजद और लालू परिवार विरोध करता रहा है, उसी अंबानी के यहां शादी में सपरिवार पहुंचने को देश की सांस्कृतिक खूबसूरती करार देते हुए श्याम रजक ने लालू-तेजस्वी का बचाव किया। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि आपातकाल को कोई भी समर्थन नहीं कर सकता, हम भी 17 महीने तक इमरजेंसी के दौरान जेल में रहे थे लेकिन आज तो स्थिति उससे भी बदतर है और आज आफतकाल जैसी स्थिति है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक रिपोर्ट बताती है कि हम रसातल में चले जा रहे हैं। झारखंड और बिहार को विशेष सुविधा केंद्र की सरकार नहीं दे रही है।

इसके साथ ही श्याम रजक ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने नीट जैसे परीक्षा में जमकर धांधली हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आर्थिक स्थिति ठीक होने की बात करती है। उसे जवाब देना चाहिए कि जब आर्थिक स्थिति अच्छी है तो फिर 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज क्यों देना पड़ रहा है।

### झारखंड में महागठबंधन एक

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि झारखंड में इंडिया ब्लॉक के तहत महागठबंधन पूरी तरह एकजुट हैं। हम सब मिलकर सभी 81 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को हराएंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि महागठबंधन में सभी की अपनी-अपनी भूमिका होती है और ऐसे में मीडिया हमें अलग-अलग करके ना देखें।

### रुपौली उपचुनाव के नतीजे पर श्याम रजक

बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने रुपौली विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर कहा कि वहां राजद की नहीं बल्कि जदयू, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और महिला की हार हुई है। रुपौली विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी बीमा भारती के तीसरे नंबर पर पिछड़कर चुनाव हार गयीं। वहां से निर्दलीय प्रत्याशी की जीत पर श्याम रजक ने कहा कि रुपौली में तो पिछले 20 वर्षों से राष्ट्रीय जनता दल का विधायक रहा ही नहीं है। राजद नेता ने कहा कि अगर देखा जाए तो रुपौली की हार अत्यंत पिछड़े वर्ग और एक महिला की हार है। यह भी एक सच्चाई है कि बीमा भारती एक लड़ाकू महिला हैं और वह विधायक रहे या ना रहे, जनता की आवाज बुलंद करती रहेंगी।

# डीजीपी 18 जुलाई को नक्सल गतिविधि की करेंगे समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के 15 जिलों में चल रहे नक्सल अभियान और नक्सल गतिविधि की समीक्षा होगी। इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 18 जुलाई को बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, चाईबासा, चतरा, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, सरायकेला, पलामू और दुमका जिले के एसएसपी व एसपी शामिल होंगे।

**झारखंड के पांच जिले माओवाद प्रभावित** : बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की समीक्षा के बाद देश के नौ राज्यों के 38 जिले सिर्फ माओवाद प्रभावित हैं। इनमें झारखंड के पांच जिले (पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा) भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने माओवाद प्रभाव के आधार पर एलडब्लूई (लेफ्ट विंग एक्सट्रीम) जिलों को तीन श्रेणियां में बांटा है। पहली श्रेणी में नक्सल प्रभावित वाले जिलों को रखा गया है। दूसरी श्रेणी में उन जिलों को रखा गया है, जो अति माओवाद प्रभावित हैं। वहीं तीसरी श्रेणी उन जिलों की है, जहां माओवाद का प्रभाव कम हो गया है, लेकिन अब भी वहां नजर रखने की जरुरत है।

**साढ़े तीन साल में मारे गये 38 नक्सली, 1381 गिरफ्तार, 78 ने किया सरेंडर** : झारखंड में सक्रिय नक्सली संगठनों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। राज्य के अलग-अलग जिलों में बीते साढ़े तीन साल (जनवरी 2021 से 17 जून 2024) में 38 नक्सली मारे गये हैं। मारे गये नक्सलियों में भाकपा माओवादी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और टीपीसी संगठन के नक्सली शामिल हैं। इस दौरान 1381 नक्सली गिरफ्तार भी हुए हैं। जबकि 78 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## आदिवासियों की जमीन और संस्कृति पर हो रहा प्रहार : सत्यनारायण

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के कार्यालय में रविवार को सत्यनारायण लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में आदिवासियों की जमीन पर खुलेआम अतिक्रमण पर चर्चा की गयी। सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि सीएनटी एक्ट की धारा 46 के तहत आदिवासियों की भूमि एक ही थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरीद-बिक्री होती है लेकिन आज आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी अल्पसंख्यक हो रहे हैं, और इन क्षेत्रों में बाहरियों की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। जादो उरांव ने कहा कि राज्य के आदिवासियों के हित के लिए आदिवासी परामर्श समिति है, लेकिन इसमें समिति की कोई पहल नहीं है। इससे आदिवासियों की जमीन एवं संस्कृति खतरे में है। बाना मुंडा ने कहा कि आज एचइसी की स्थिति भी दयनीय है, एचईसी प्रबंधक आदिवासियों से गयी जमीन को विभिन्न कंपनी एवं संस्थानों को बेच रही है। यह आदिवासियों की भावना के साथ खिलवाड़ है।

# ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों में अलार्म और सीसीटीवी लगायें, चोरी के गहने न खरीदें: एसएसपी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में स्थित ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर और पुख्ता बनाने के लिए रविवार को रांची एसएसपी ने बैठक कर जेवर दुकानदारों के साथ गहन मंथन किया। जेवर दुकानदारों के साथ बैठकर रांची एसएसपी ने कारोबारी के लिए राजधानी में भय मुक्त वातावरण कैसे बनाया जाए, इसकी रणनीति तैयार की।

**जेवर दुकानदारों ने दिए सुझाव**

बैठक में हाल के दिनों में जो घटनाएं घटी हैं, उसे लेकर भी चर्चा की गई। भविष्य में जेवर दुकानों में लूट की घटना को अपराधी अंजाम न दे पाए। इसे लेकर ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने सीनियर एसपी को कई सुझाव दिए।

वहीं दूसरी तरफ रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया जेवर दुकान को निशाना बनाने वाले अपराधियों की एक लिस्ट तैयार की गई है, जिन पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। जेवर कारोबारी से भी यह कहा गया है कि वह किसी संदिग्ध व्यक्ति को अगर अपने प्रतिष्ठान के आसपास लगातार देख रहे हैं तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

**सीसीटीवी और अलार्म जरूर लगाएं** : इस बैठक के दौरान रांची के सीनियर एसपी ने सभी जेवर दुकानदारों से यह अपील की है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाएं। केवल दुकान के अंदर ही कमरे ना लगे बल्कि आसपास भी कैमरे लगाएं ताकि अगर कोई संदिग्ध दिखे तो उसकी पहचान की जा सके। वहीं जेवर दुकानदारों को दुकान में अलार्म सिस्टम जरूर लगाना चाहिए यह काफी सस्ता होता है, जिसे हर दुकानदार खरीद सकता है। घटना के समय कोई ना कोई कर्मचारी मौका देखकर अलार्म को बजा सकता है। जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो सकती है।

## जेवर खरीदने में बरतें सावधानी

जेवर दुकानदारों के साथ हुई मीटिंग में रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चोरी के गहनों को लेकर भी बड़े ही स्पष्ट निर्देश दिए हैं। हाल के दिनों में एक दर्जन से ज्यादा जेवर दुकान में काम करने वाले या फिर जेवर दुकानदार चोरी के गहने खरीदने के आरोप में जेल भेजे गए हैं। जेवर दुकानदारों को एसएसपी ने साफ-साफ शब्दों में यह निर्देश दिया है कि वह किसी भी कीमत पर बिना उचित पहचान के कोई भी गहने नहीं खरीदें। गहनों की खरीद और बिक्री के लिए जो एसओपी बनाया गया है उसी के अनुसार इसकी खरीद बिक्री करें। इसे अलावा एसएसपी ने दुकान मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई गहना बेचने के लिए आए तो उसे भुगतान कैश में कभी न करें। बिक्री कर्ता को भुगतान के लिए बैंक चेक या फिर ऑनलाइन पेमेंट एप का इस्तेमाल करें, जिससे बिक्री कर्ता की जानकारी मिल सके। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले जेवर कारोबारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी के साथ हुई बैठक में संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, उमेश प्रसाद, अरुण कुमार, गोपाल प्रसाद, मुकेश कुमार, रवि कुमार पिंकू पप्पू इत्यादि लोग शामिल थे।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ने लगाये पौधे

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से रविवार को अशोक नगर देवालय मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। सत्र 2024-2025 की पहली गतिविधि में पूर्व अध्यक्ष सोनी मेहता ने आम, अमरुद, फालसा, रुद्राक्ष और चीकू जैसे फलदार पौधा क्लब को दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अरुण सिंह, मनीष गाड़ोदिया, डा. प्रदीप कुमार, विनोद जायसवाल, अजय सखूजा, डॉ हरमिंदर बीर सिंह, परविंदर जीत सिंह, अजय अग्रवाल, राजेश चौधरी, केके सिंह, दिलीप बंका, विजय पांडेय, मंजुला जायसवाल, एसएस शर्मा, सुनीता चौधरी, सुजाता गाड़ोदिया, सुबोध वर्मा, अजय सिंह, वीणा बंका, रजनी सिंह, रश्मि अग्रवाल, मनोज चौरसिया एवं संजय सरावगी थे।

# धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हेल्पिंग नंबर 1930 और धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को डालसा हॉल में किया गया। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ प्रवीण कुमार ने कहा कि जागरूकता-सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन साईबर फॉड से बचने के लिए किया गया है। साईबर फ्रॉड होने पर कैसे बचा जा सकता है। इसकी जानकारी सभी को लेना आवश्यक है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए साईबर थाना के संदीप कुमार ने साईबर क्राईम के विषय में विधिवत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साईबर अपराधियों के द्वारा साईबर क्राईम कम्प्यूटर के माध्यम से किया जाता है और बड़े-बड़े लोगों को ठगा जाता है। उन्होंने फिनांसियल फ्रॉड, युपीआई संबंधित फ्रॉड, मैसेज संबंधित फ्रॉड, सोशल मीडिया संबंधित फ्रॉड, डिजिटल एरेस्टिंग फ्रॉड, फेक एकाउंट फ्रॉड, स्क्रीन सेयरिंग फ्रॉड, वाट्सएप, वीडियो कॉल फ्रॉड, एटीम क्लोनिंग फ्रॉड, ओ.एल.एक्स फ्रॉड के संबंध में विधिवत प्रशिक्षण उपस्थित लोगों को दिया। उन्होंने साईबर हेल्पिंग नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर शिकायत करने की सलाह और जानकारी दी। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार, डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, साईबर थाना से पंकज कुमार, संदीप मौजूद थे।

## एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिया दिशा-निर्देश, रेन कोट भी बांटा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएसपी चंदन सिन्हा ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच रेनकोट का वितरण किया, ताकि बरसात में बिना भींगे सभी ड्यूटी कर सकें। एसएसपी ने कहा कि राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बेहतर तरीके से ड्यूटी करनी होगी। एसएसपी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी, जब कर्मी स्वस्थ रहेंगे।

## खबर एक नजर में

### 194 आवंटियों का आवंटन रद्द करेगा आवास बोर्ड

रांची। अपने आवासीय मकान का अवैध रूप से कॉमर्शियल यूज कर रहे आवंटियों के खिलाफ झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने कड़े फैसले लिये हैं। बीते दिन हुई बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई थी, जिसमें आवासीय मकान एवं भूखंडों पर अवैध रूप से व्यवसायिक उपयोग करने वाले 194 आवंटियों का आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव भी लाये जाने पर चर्चा की गयी थी।

### नॉन एससीएस अधिकारी आइएएस में होंगे प्रोन्नत

**रांची।** राज्य के नॉन एससीएस अधिकारियों के आइएएस में प्रमोशन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिक्त पदों के लिए अधिकारियों की अनुशंसा मांगी है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय से गैर असैनिक सेवा के अधिकारियों स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, इंजीनियर, योजना सेवा के पदाधिकारी सहित अन्य सेवा, झाप्रसे को छोड़कर रिक्तियां दी गयी है। छह पद इन सेवाओं के लिए रिक्त हैं।

### हेल्थ कैंप का आयोजन

**रांची।** बीएमसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरियातू रोड के द्वारा रविवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप टाटीसिलवे के ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया गया। जिसमें सैकड़ो बुजुर्ग महिलाओं एवं बुजुर्गों का हेल्थ चेकअप किया गया।

### इनर व्हील क्लब को मिले कई पुरस्कार



**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने उत्कृष्ट सेवा और योगदान के लिए कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जो क्लब की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के उत्कृष्ट नेतृत्व में संचालित हुए हैं। उनके नेतृत्व में क्लब ने इस वर्ष कई प्रशंसनीय परियोजनाएं पूरी की हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। क्लब को बेस्ट क्लब, बेस्ट प्रेसीडेंट, बेस्ट सेक्रेटरी, बेस्ट ट्रेजरर, और बेस्ट आईएसओ के खिताब से सम्मानित किया गया है। उन्हें ट्रेलब्लेजर के हर वर्टिकल में काम करने के लिए उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण का वितरण रविवार को किया गया। नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे पुड़ी, आलू चना की सब्जी, खीर भेजिटेबल पुलाव एवं जलजीरा का 1100 से अधिक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। 158वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की एवं सह संयोजक पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में शहर की सुप्रसिद्ध समाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त लोगों के बीच श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया।

### करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित योगदा सत्संग आश्रम के पास करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। यह घटना रविवार की सुबह की है, जहां कचरा चुनकर अपना जीवन यापन करने वाला व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

## बीआइटी के 70वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर नृत्य-संगीत कार्यक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा में रविवार को 70वां स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कुलपति, प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, डीन डॉ भास्कर कर्ण और अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व छात्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के एसोसिएट डीन डॉ श्रद्धा शिवानी ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत बीआईटी प्रार्थना से हुई। इसके बाद प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने सभी को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने कॉलेज से संबंध स्थापित करें।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों की एक ग्रुप संकल्प द्वारा स्वागत नृत्य के साथ हुई। इसके बाद तापस ग्रुप द्वारा शास्त्रीय कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। पूर्व संध्या पर संस्थान के पूर्व छात्रों द्वारा एक प्रस्तुति दी गई और इसके बाद एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन हुआ। इसके बाद युवा कलाकार अब्दुल रजीक ने पहले भी मैं, रमता जोगी और बुल्लेया जैसे गानों पर अपनी प्रस्तुती दी। इसके बाद कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह का अंत पूर्व छात्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के एसोसिएट डीन श्री विशाल एच. शाह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## अग्रवाल युवा सभा एवं आइआइएम ने किया पौधारोपण

**रांची।** अग्रवाल युवा सभा एवं आईआईएम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पौधारोपण किया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव थे। विद्यार्थियों के संग लगभग 400 पौधा आईआईएम परिसर में लगाया गया। इस मौके पर संयोजक गौरव परशरामपुरिया, सौरव कटारुका, मयुर बुधिया, विनायक पोद्दार एवं पर्यावरण प्रभारी विशाल महलका, आलोक बजाज के साथ अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रौनक झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका, आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, अनीश सरावगी, मयूर पोद्दार, यश सुरेका, तरुण सर्राफ, निशान अग्रवाल, गौरव मुरारका, कन्हैया भालोटिया, तरंग बुधिया, उत्सव गोयल, सौरभ गोयल, सक्षम अग्रवाल, तुषित बुधिया, रवि अग्रवाल, प्रदीप महानसरिया, प्रिया बुधिया के साथ अन्य सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सन्नी टिबड़ेवाल एवं अमित प्रकाश बजाज ने दी।

नदियों के पुनर्जीवन विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमीनार

# आंखों का पानी सूख जाना नदियों का मर जाना है : राजेन्द्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता




**राँची।** प्रकृति के प्रकोप को आज ग्लोबल वार्मिंग के नाम से दुनिया संबोधित करती है, गांवों की आम लोग इसे धरती का बुखार का नाम देते हैं। जब समाज की आँखों से नदियाँ गायब होती हैं तो नदियां भी सूखने लगती हैं और जब नदियों और पानी को बचाने के लिए समाज उठ खड़ा होता है तो सरकारों को समाज के पास आना ही पड़ता है। यही कारण है कि आज झारखंड ही नहीं देश और पूरी दुनिया में पानी का संकट विकराल होता जा रहा है। हमने विगत 20 वर्षों के समुदाय के साथ कार्य के अनुभव के आधार पर दावा करते हैं कि 17 मृत नदियों को पुनर्जीवित किया है और ये झारखंड के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, क्योंकि यहां समुदाय का देशज ज्ञान बहुत ही समृद्ध है और ये ऐतिहासिक समय से ही जल, जंगल, जमीन के प्रति संघर्ष की भूमि रहा है। ये बातें गैर सरकारी संस्था द्वारा आयोजित समुदाय केंद्रित नदियों के पुनर्जीवन विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए देश के ख्याति प्राप्त जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने कही।

कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं आपदा प्रबंधन विभाग की मंत्री दीपिका पाण्डेय ने कहा कि समाज का बड़ा तबका आज जल संकट का सामना कर रहा है। मुझे जो नई जिम्मेदारी सरकार ने सौंपी है, हमारी पूरी कोशिश होगी कि जल छाजन जैसी महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर उतारें।

विधायक सह दामोदर नदी को बचाने की मुहिम के प्रणेता सरयू राय ने कहा कि सरकरों द्वारा निर्गत किये जानेवाले अनुदानों अथवा कर्ज राशि को खर्च करना हमेशा से प्राथमिकता रहती है। जिसके कारण जिनके ऊपर योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेवारी होती है, उनकी प्राथमिक मंशा होती है कि योजना में से अधिकांश हिस्सा कैसे बचे। इसे हमलोग भ्रष्टाचार कहते हैं। कार्यक्रम को समुदाय विशेषज्ञ बहादुर उराँव, संजय सिंह, झारखंड जल गुणवत्ता यूनिट से डॉ विपुल सुमन, विनोद मिश्रा, तुहिन सुबरा मंडल ने भी संबोधित किया।

संघ के साथ विविध गतिविधियों में हर साल जुड़ रहे हैं एक से सवा लाख लोग

# राष्ट्रहित में आरएसएस से जुड़ रहे युवा : सुनील आंबेकर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि देश के युवा राष्ट्रहित की भावना से बड़ी संख्या में संघ से जुड़ रहे हैं। सरला बिरला विवि में चल रही अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के अंतिम दिन रविवार को सुनील आंबेकर ने बताया कि इसमें देशभर के 227 कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि नये लोगों को जोड़ने के लिए वर्ष 2012 में ज्वाइन आरएसएस (वेबसाइट) के तहत एक ऑनलाइन माध्यम शुरू किया गया था। इससे हर साल एक से सवा लाख लोग संघ के साथ विविध गतिविधियों में जुड़ रहे हैं। इस वर्ष भी जून के अंत तक 66529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

तीन दिनी बैठक के दौरान संगठन दृष्टि से महत्वपूर्ण विविध विषयों पर मंथन हुआ। उन्होंने बताया कि अब आपसी विचार-विमर्श के लिए विविध संगठनों की तीन दिनी समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में बुलायी गयी है। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, सह प्रचार प्रमुख चंडीगढ़ के प्रदीप जोशी, दिल्ली के नरेंद्र कुमार और पटना के राजेश पांडेय मौके पर मौजूद थे।

**72 प्रशिक्षण वर्गों के 20615 युवाओं ने लिया हिस्सा** : सुनील आंबेकर ने बताया कि इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना और पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग आयोजित हुये। इनमें कुल 20615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख नये लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऐसे ही नयी रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिये पहली बार तीन दिनी प्रारंभिक वर्गों का आयोजन देशभर में हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विजयादशमी 2025 को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। देश में संघ कार्य विस्तार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंडल और शहरी क्षेत्रों में सभी बस्तियों में दैनिक शाखा का लक्ष्य तय किया गया है।

## जन-जन को दिया जायेगा अहिल्या देवी होलकर का जीवन संदेश

सुनील आंबेकर ने बताया कि यह वर्ष पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की त्रि-शताब्दी का वर्ष है। अहिल्या देवी ने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एक आदर्श स्थापित किया। उनके जीवन संदेश, जीवन आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने के लिये स्वयंसेवक समाज के साथ मिलकर वर्ष भर कार्य करेंगे। इसका शुभारंभ 31 मई को इंदौर से हो चुका है। सुनील आंबेकर ने कहा कि गांव के विकास के लिए युवाओ को आगे आना चाहिये। माह में एक दिन 24 घंटे ग्रामीण क्षेत्र में रहें और योगदान दें। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर गौ सेवा और ग्राम विकास को मिलाकर विशेष अभियान चलाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाये जा रहे हैं। ताकि गांव की स्थिति और भी बेहतर हो। उन्होंने कहा कि जनसंख्या असंतुलन को लेकर समाज को भी चिंता करनी चाहिये।

# इमाम हुसैन की अजमत का इनकार कोई मुस्लिम व्यक्ति नहीं कर सकता : मौलाना तहजीबुल हसन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इमामे हुसैन जिसने कर्बला में अपने नाना के दीन (मजहब इस्लाम) को बचाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर नमाज को बचाया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर दीन ए इस्लाम को बचाया। वो हुसैन जिसने अपने 72 साथियों को लेकर हजारों लश्कर पर भारी पड़ गया। वो हुसैन जिसने अल्लाह की रजा के लिए सजदे की हालत में शहीद हो गए। ये बातें ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कही। वह रविवार को सातवी मोहर्रम के अवसर पर शहर के मकबूल युवा समाजसेवी सह समाजवादी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद शाहरुख हसन रिजवी पिता स्वर्गीय सैयद हसन अली रिजवी के कांके हुसीर आवास पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मौलाना ने आगे कहा कि पूरी कायनात जिस पर नाज(फख) करे उसे मोहम्मद कहते है और जिस पर मोहम्मद नाज करें उसे इमाम हुसैन कहते है। आज जरूरत है दुनिया को बताने की के मआविया के बेटे का किरदार क्या था और अबू तालिब के पोते का किरदार किया था। हम यह कहते हैं कि कोई भी मुसलमान हजरत इमाम हुसैन की अजमत का इनकार नहीं कर सकता। अगर वह करता है तो मुसलमान नहीं हो सकत मजलिस में आए हुए सभी लोगों का स्वागत सैयद शाहरुख हसन रिजवी ने किया। मजलिस की शुरूआत मौलाना बाकर राजा दानिश के तिलावते कुरान से हुआ।

मौके पर इकबाल हुसैन, सैयद फराज अब्बास, शाहरुख रिजवी, जीशान हैदर, नूरी मस्जिद के इमाम मौलाना जैनुल आबिदीन, मौलाना नुरुल्लाह, मौलाना सईद अहसन, सैयद फराज अब्बास, सैयद शजर हसन रिजवी, सैयद सद्रुद्दीन शाहनवाज, समेत सैंकड़ों लोग थे।

स्पीड न्यूज

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के अनगड़ा हुन्डरु फौल सड़क पर शिव मन्दिर के पास रविवार को दोपहर एक मुर्गी लोड करने वाले पीकप वैन जेएच 01 एफएफ 2734 और एक बाईक के बीच हुयी टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गयी मृतक की शिनाख्त सुरेश मुन्डा पिता स्व सोनाराम मुन्डा के रूप में हुयी है। वह महेशपूर देशवईल टोली का रहने वाला था । घायल युवक का नाम संजीत मुन्दा बताया गया है। पुलिस ने पीकप वैन को जप्त कर लिया है।

## बाइक सवार डिवाइडर से टकराया, मौत



**सोनाहातू।** सिल्ली-रंगामाटी मुख्य सड़क पर शनिवार की रात तिलाईपीड़ी और टांगटांग के बीच डोमड़ा नदी के समीप डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों समेत ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही पुलिस को भी सूचना दी गई।शव की पहचान बागमुंडी थाना क्षेत्र के बागती गांव निवासी 39 वर्षीय भूटी सिंह मुंडा के रूप में की गई है।परिजनों के अनुसार टाटा से अपने घर बागती लौटने के क्रम में डोमड़ा नदी के समीप डिवाइडर के पास अनियंत्रित होकर वह डिवाइडर से ही टकरा गया। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि युवक की मौत मौके पर ही हो गई। सोनाहातू पुलिस घटनास्थल पहुंचकर युवक की बाइक और शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है।

## चोरी की दो बाइक के साथ नाबालिग धराया, दो फरार

- पुलिस कर रही है पूछताछ
- परिजन छुड़ाने को परेशान

**रातू।** पुलिस गशती दल ने चेकिंग के दौरान बीती रात चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ एक नबालिग को धर दबोचा। वहीं दो भागने में सफल रहे। जानकारी के मुताबिकए हीरो होंडा कंपनी की पैशन प्रो बाइक जेएच 01 डीजेड 9597 जो रातू बड़काटोली की हैए तीनों ने उसकी चोरी कर ली। इसके बाद वे काटू निवासी बिनोद उरांव के आंगन में खड़ी केटीएम जेएच 01 डीबी 8102 को भी निशाना बनाया। जैसे ही वह मुख्य मार्ग आयेए रास्ते में ईंधन खत्म हो गया। इसके बाद शर्ट को बांध टोचन कर आ रहे थे। चेकिंग के क्रम में एक धराया। जबकिए दो फरार हो गये। आरोपी की थाने से रिहाई के लिये बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे। इसमें महिलाएं भी थी। थानेदार एसवी चौधरी ने उन्हें बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर बड़काटोली के रिक्की उरांव ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## नाबालिग को भगाने के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुतला दहन

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी को गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को सालहन पंचायत की मुखिया सरिता तिर्की के नेतृत्व में आरोपी को संरक्षण देने वालों का पुतला जलाया गया। आरोपी को संरक्षण देना बन्द करो पुलिस को तंग करना बन्द करो आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करो लड़की को बरामद करो इत्यादि नारे लगाए जा रहे थे। मालुम हो कि 11 जून से चिलदाग गांव का सहिल नामक लड़का एक नाबलिगा को लेकर फरार है। बताया गया कि पुलिस ने न तो लड़का को गिरफ्तार कर पाया है और ना हीं लड़की को हीं बरामद किया है। मौके पर मुखिया सरिता तिर्की उप मुखिया विमला चौधरी मार्शल महतो ज्योतिष महतो शिबु महतो सहित दर्जनों मौजूद थे।

# मांडर में ग्राम न्यायालय का उद्घाटन

### प्रखंड परिसर में खुला जिला का पहला ग्राम न्यायालय

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड परिसर में नव निर्मित जिले का पहला ग्राम न्यायालय का उद्घाटन रविवार देर शाम को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डा विद्युत रंजन षाडंगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत स्कुल के बच्चियों द्वारा बैंड के साथ किया गया तथा सभी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि आम नागरिकों तक न्याय व्यवस्था की पहुँच को बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को देश के न्यायिक तंत्र से जोड़ने के लिये श्ग्राम न्यायालय अधिनियमए 2008 के तहत श्ग्राम न्यायालयोंश की स्थापना की जा रही है। मांडर के लोगों को छोटे छोटे मामले में तत्काल न्याय मिलेगा। अधिकतम दो साल तक की सजा वाले मामले की सुनवाई यहां होगी। पूरे राज्य के लोगों को न्याय मिले। साथ ही न्याय व्यवस्था पर लोगों की आस्था बनी रहे यही शुरू से उनकी कोशिश रही है और हमेशा वे इसी दिशा में प्रयासरत रहते हैं।

### घर तक पहुंची न्याया व्यवस्था

झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि इस न्यायालय के खुल जाने से अब न्याय व्यवस्था आपके घर तक आ पहुंची है। छोटे मामलों का निपटारा मध्यस्तता के माध्यम से यहीं पर कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों तक पहुँच से लोगों का समय और धन की बचत होगी। स्वागत भाषण ज्यूडिशियल कमिश्नर दिवाकर पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हाए विद्यायक शिल्पी नेहा तिर्कीए बीडीओ मनोरंजन कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी और अधिवक्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बकरी चराने गये भाई और बहन की कुएं में डूबने से मौत

**मांडर।** बकरी चराने गए दो सगे भाई-बहन की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार शाम थाना क्षेत्र के लोयो पंचायत अंतर्गत सकरा गांव की है। बताया जाता है बिगा उरांव के बारह वर्षीय पुत्री खुशी उरांव और नव वर्षीय पुत्र निखिल उरांव दोनों भाई.बहन दोपहर में बकरी चराने घर से थोड़ी दूर खेतों में गए थे। बकरी चराते हुए एक कच्चा कुएं के निकट जा पहुंचे उसी दौरान निखिल खेलते हुए कुएं में जा गिरा उसे कुएं में डूबता देख बहन से रहा नही गया और खुशी भी बचाने के लिए कुएं में कूद गई। वहीं थोड़ी दूर में काम कर रहे लोगो को इसकी जानकारी मिली तो तत्काल दोनों को बचाने का प्रयास करने लगे। पर जब तक दोनों भाई-बहन को कुएं से बाहर निकाला गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में लोग घटना को लेकर सदमें में थे। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मांडर पुलिस मिली तभी गांव पहुंच कर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## रातू में 18 जुलाई को मनाया जायेगा मुहर्रम, लगेगा मेला

### शांति समिति की बैठक में लिया निर्णय

- पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक रविवार की शाम थाना परिसर में हुई। उप प्रमुख रियाजुल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान घुरती रथयात्रा को देखते हुये 17 की बजाय 18 जुलाई को मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व क्षेत्र में बढ़ रही चोरी व अतिक्रमण पर चिंता जतायी गयी। सदस्यों ने पुलिस से अपराध नियंत्रण के लिये जरूरी पहल करने की मांग की। बैठक में बीडीओ, सीओ, बिजली एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अभियंता तथा पीआरआई मेंबर की गैर मौजूदगी का भी मुद्दा उठा। संचालन थानेदार एसवी चौधरी ने किया।

### बैठक में लिया हिस्सा

अताउल्लाह अंसारी, अनीसुर्रहमान, राणा सिंह, मो असलम, अंजुम खान, इमरान खान, के हक, के अंसारी, मो कलाम, मुंतजिर खान, हजारी प्रसाद, जसीम अंसारी, आरडी तिवारी, राजेश सिंह, कामेश्वर महतो, सिंदबाज खान, सुभान राय, कुशवाहा शिव चरण मेहता, फूलकुमारी देवी, दामोदर मिश्र, गोयंदा उरांव, मकबूल अंसारी, अजमुल हक, रज्जब अली, बी अंसारी व शमशाद अंसारी आदि।

### चान्हो प्रखंड में विकास योजनाओं का शिलान्यास

**चान्हो।** प्रखंड के दो स्थानों पर रविवार को जिला परिषद मद के दो योजनाओ का शिलान्यास क्षेत्र के जिला परिषद सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोल पंचायत के गुटुवा में नाली निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का काम निरंतर चलता रहेगा। जनता की परेशानियों का हल करने की भरपूर कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि अपने छेत्र में हर वो कार्य करना जिससे मेरे क्षेत्र के लोगो को दिक्कत नहीं हो। वहीं कलवट का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य चान्हो मो आदिल अजीम के कर कमलों द्वारा किया गया जिन्होने कहा कि मस्जिद के पास नाली की पानी से आने जाने वालो को बहुत परेशानी हो रही थी।

## मरियाटांड़ में नकद समेत ढाई लाख के जेवरात की चोरी

- चाला नगर की है घटना
- अज्ञात के खिलाफ केस

### अपराधियों ने सरकारी शिक्षक के घर को बनाया निशाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में अपराधिक गिरोह की सक्रियता बढ़ गयी है। इससे हत्याए लूटए चोरीए छिनतई व अपहरण की घटनाएं थम नहीं रही है। कोई भी दिन ऐसा नहींए जब इलाके में दो से चार घर और बाइक की चोरी न होती हो। इससे आम नागरिक भयभीत हैं। शनिवार की रात अपराधियों ने सुरेश उरांव के मरियाटांड़ स्थित चाला नगर में बंद घर को निशाना बनाया और अलमीरा में रखे 90 हजार नकद समेत करीब ढाई लाख के जेवरात व अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। पेशे से सरकारी शिक्षक श्री उरांवए शादी में परिवार के साथ सिमडेगा गये थे। उन्होंने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### पड़ोसियों ने दी सूचना

रविवार की सुबह श्री उरांव को घटना की टेलीफोनिक सूचना दी गयी। जब वह लौटेए तो कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। गोदरेज से सोने की दो अंगूठी, गले का चेन, 5 जोड़ी सोने का झुमका, 4 जोड़ी चांदी के पायल और 5 जोड़ी सोने की बिछिया गायब पाकर उनके होश उड़ गये।

### मुहल्ले के दूसरे घर में भी हुई चोरी

मुहल्ले की राखी देवी के यहां भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बदमाशों की ओर से 10 हजार नकद और चांदी के तीन पायल की चोरी कर लिये जाने की बात सामने आ रही है। चोरी से पहले चाला नगर के लोगों के दतवाजे में बाहर से कुंडी लगा दी गयी थी। ताकिए लोग घर से बाहर न निकल सकें।

### ओरमांझी में दो दिन में दो बाइक की चोरी

**ओरमांझी।** बाइक चोरों के लिए ओरमांझी थाना क्षेत्र में लगने वाली सप्ताहिक बाजर सॉफ्ट टारगेट बन गया है। प्रखंड के ओरमांझी व कुच्चू बाजार से दो दिन में दो बाइक की चोरी हो गई है। ओरमाझी निवासी मुकेष साहू अपने स्पलेंडर बाइक जेएच01-4899 लेकर शुक्रवाार बाजार गया था। बाजाार के समीम बाइक खड़ी कर बाजार गया। लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। काफी तलासने के बाद जब नही मिला। इससे एक दिन पूर्व गुरूवार को पिठोरिया थाना के हुंदुर निवासी देवेंद्र महतो अपनी स्पलेंडर बाइक जेएच01डीएन से कुच्चू बाजार सब्जी लेने गया था। बाकइ खड़ी कर सब्जी लेने गया। लौटा तो उसकी भी बाइक चोरी हो चूकी थी। दोनो के द्वारा अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस द्वारा बाइक व चोर का पता लगााने का प्रयास की जा रही है। इससे पूर्व भी ओरमांझी थाना में लगातार बाइक चोरी की षिकायत आने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा बाजार आने वाले लोगों की बाइक लॉक नही रहने पर बाइक को जब्त कर, सावधाानी बरतने की चेवतावनी देकर छोड़ दिया गया था। इधर बाजार से लगातार बाइक चोरी होने से बाजार जाने वाले लोगों में अपनी बाइक की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है।

## किराना दुकान में नाबालिग बच्चों ने की चोरी

### दुकान में रखे फ्रिज को तोड़कर चुरा ले गये कोल्डड्रिंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धुर्वा मोड़ के पास अज्ञात नाबालिग बच्चों के द्वारा किराना दुकान में आधी रात हाथ की सफाई बड़े ही आराम से करके घटना का अंजाम दिया। घटना लगभग 11 बजे रात्रि का बताया जाता है। घटना के बारे में दुकानदार से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि रोजाना की तरह रात्रि 9रू30 बजे दुकान बंद करके आराम करने चला गया। जिसके बाद दुकान के बाहर कोल्ड फ्रिज को तोड़ कर बड़े ही आराम से कोल्ड्रिंक वस्तुओं को निकाल कर ले गया। चोरों ने अपने साथ एक बोरा भी लाया था। जिसमे कोल्ड्रिंक के समान भर कर ले गए। जिसमे एक चोर ने दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा पर नजर पड़ गया। जिसके बाद से चोरों ने कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकानदार ने बताया कि बीते 10 दिनों के अंदर यह दूसरा घटना है। चोरी किया गया समान व फ्रिज का नुकसान लगभग 40 हजार तक का अनुमान है। सभी नाबालिक चोर 8 की संख्या में हैएजो कि सीसीटीवी कैमरा साफ साफ दिख रहे है। चोरी की घटना को दुकानदार के द्वारा पुलिस को दिया गया। मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी नाबालिक चोरों की पहचान कर लिया गया। पुलिस ने सभी अल्प नाबालिक चोरों की पहचान कर धर पकड़ किया जा रहा है।

### झारखंड आंदोलनकारियों का प्रदर्शन 23 को

**खलारी।** चामा स्थित वीर बुधु भगत भवन में झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक रविवार को माले नेता किशोर खंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के चान्हो प्रखण्ड अध्यक्ष सिकंदर राम ने किया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग किया की आंदोलनकारियों को मान सम्मान के साथ साथ रोजगार दिया जाए।आंदोलनकारियों की मान्यता के लिए उनके जेल जाने की बाध्यता को भी खत्म किया जाए। वहीं बैठक में 23 जुलाई को प्रदर्शन करने का निणर्य लिया।

## एटीएम से चोरी : पुलिस ने प्रयुक्त बाइक को टंडवा से किया बरामद

- ओरमांझी के धनेश्वर मुंडा की है बरामद की गई बाइक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने सिमलिया हाजी चौक स्थित एसबीआई के एटीएम से शनिवार रात हुयी चोरी के मामले में अपराधियों की ओर से इस्तेमाल बजाज आरएस 200 बाइक जेएच 01 एफडी 5494 को क्षतिग्रस्त अवस्था में टंडवा से बरामद कर लिया है। बाइक ओरमांझी इचेदाग निवासी धनेश्वर मुंडा की है। उसे तापे का युवक पंकज बेदिया उनसे मांगकर दलादिली आया था। वह नागपुरी कलाकार है। घर.आंगन रेस्तरां परिसर में शाम 7 बजे गाड़ी खड़ी करने के बाद लॉक कर दोस्तों के साथ बोलेरो में सवार होकर बेड़ो चला गया। प्रोग्राम से सुबह 5 बजे लौटाए तो बाइक गायब था। बाइक धारक के पुत्र पंकज मुंडा ने रातू थाने में चोरी की लिखित शिकायत की है।

### फुटेज की हो रही जांच

थानेदार शशिभूषण चौधरी ने बताया कि एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसमें एक आरोपित की तस्वीर सामने आयी है। इसका सत्यापन किया जा रहा है। कॉल डंप और फिंगर प्रिंट रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। सीडीआर में मोबाइल नंबर ट्रेस होने के बाद अपराधियों की धर-पकड़ में तेजी लायी जायेगी। हालांकि संदिग्ध लोगों पर पुलिस की नजर है।

एक नजर में

## स्टूडेंट क्लब गुडू की टीम फाइनल में पहुंची



**सिकिदिरी।** लाधूप फुटबॉल मैदान में खेले जा रहे फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन जूनियर ग्रुप के मैच में स्टूडेंट क्लब गुडू ने एसएविएम गेतालसूद की टीम को पेनाल्टी शूट में 3.2 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है। इससे पूर्व खेले गए मैच में सिरका विकास विद्यालय ने उत्क्रमित मवि जशपुर को 4.3 से पराजित किया। वहीं उत्क्रमित मवि जशपुर ने सिरका विकास विद्यालय को पेनाल्टी में 4.3 से पराजित किया। जूनियर ग्रुप में ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल आगर टोली और अपैक्स पब्लिक स्कूलए गोला की टीम सेमी फाइनल में पहुंच गई है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजीव अग्रवाल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर मुंडाएपंकज कुमार पटेलएचांदनी कुमारीए रीता कुमारीए देवंती कुमारीए वीणा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच लाह बीज का वितरण



**बुंडू।** उद्योगिनी संस्था के द्वारा उधमी किसान को लाह बिजा का वितरण किया। प्रखण्ड बुण्डू के अपने कार्य श्रेत्र में उधोगिनी संस्था के द्वारा उधमी किसान को लाह बिजा का वितरण किया गया। उधोगिनी संस्था बुण्डू प्रखण्ड के सुदुरवर्ती गाँव के आदिवासी महिलाओं के आय को बढाने के लिए प्रशिक्षण देती है। और समय. समय पर बिजा का भी व्यवस्था करती हैं। उधोगिनी संस्था लाह खेती पर मुर्गी पालन बकरी पालन के ऊपर प्रशिक्षण देती हैं। लोगों का आय बढाने का काम करती हैएसंस्था के द्वारा बताये प्रशिक्षण को गाँव में शक्तिपद महतो और सुबर्धन महतो के द्वारा दिया गया।

### मोहर्रम को लेकर अनगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक

**अनगड़ा।** मोहर्रम को लेकर रविवार को अनगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रमुख दीपा उरांव की अध्यक्षता में हुयी बैठक मोहर्रम का मातम आपसी भाईचारा और सदभावपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया । प्रखड के हेसल मासू और तूरूप गांव से 20 जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा । बैठक में सदस्यों ने थाना प्रभारी से नशाखोरी पर अंकुश लगाने की मांग की साथ हीं शांति समिति में विभिन्न अंजूमन कमेटी के सदर सेक्रेट्री और नौजवानों को सदस्य बनाने का आग्रह किया मुखिया कृष्णा मुन्हा ने थाना प्रभारी से गांव गांव में दीवाल लेखन कर किस अपराध पर क्या सजा है युवकों को इससे अवगत कराने को कहा।

## इटकी में पेंशनर भवन निर्माण कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज इटकी इंकाई के बैनर तले इटकी में पेंशनर भवन निर्माण कराने की मांग जोर पकड़ने लगा है। रविवार को इटकी प्रखंड के पेंशनर समाज की हुई बैठक में सदस्यों द्वारा उक्त मांग पर गहन चिंतन मंथन किया गया। एक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि मांडर विधान सभा के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री सह झारखंड स्टेयरिंग कमिटी के सदस्य बन्धू तिर्की को एक मांगपत्र सौंपकर पेंशनर भवन बनाने की मांग किया जाएगा। बैठक में संगठन में नये सदस्यों को जोड़ने व नियमित रूप से बैठक में शामिल होने की बात कही गयी। इटकी प्रखण्ड क्षेत्र में फैल रहे डेंगू, चिकेनगूनिया रोग से बचने के लिए सावधानियां बरतने और जल जमाव स्थल पर अपने स्तर से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने पर चर्चा की गयी। इसके अलावे संसाधन और चिकित्सा कर्मी विहिन स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को संसाधनयुक्त बनाने की मांग की गई। यक्ष्मा आरोग्यशाला में करोड़ो रुपए खर्च कर अनुपयोगी और बेकार पड़े कोरोना वार्ड को जेनरल अस्पताल के रूप में विकसित करने हेतु सरकार व जिला प्रशासन से मांग की गयी। इस संबंध में पेंशनर समाज द्वारा पोस्टकार्ड भेजो अभियान शुरू किये जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुश्ताक अहमदए तस्मिन अहमदए बिनोद सिन्हाए किशोर गोपए मोनिका कोनगाड़ीए क्रिस्टीना बाड़ाए रोजदानीए अली हसनए सतीश होरोए मोण शरीफए इजाजुल हक सहित दर्जनों पेंशनर मौजूद थे।

### हुंडरू फॉल बागवानी में लगाया गया नागलिंग पुष्प का पौधा

**सिकिदिरी।** हुंडरु जलप्रपात पर्यटन स्थल के बागवानी परिसर में रविवार को हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा एवं वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत महतो के द्वारा एक दुर्लभ प्रजाति का नागलिंग पुष्प का पौधा लगाया गया। यह पौधा उड़ीसा के भुवनेश्वर से लाया गया है। इस दुर्लभ प्रजाति पौधा दक्षिण अफ्रीका में पाया जाता है। झारखंड में यह सिर्फ देवघर एवं दुमका के शिवधाम में ही देखने को मिलता है। उमाकांत महतो ने बताया कि यह पुष्प शिव जी का सबसे प्यारा पुष्प है। इससे शिव भगवान के सभी आकृति का दर्शन देखने को मिलता है। इसकी सुगंध चार किलोमीटर के परिधि तक फैलता है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को मिलेगा अवसर

### राज्य के 431 युवक युवतियां छात्रवृत्ति परीक्षा में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



छात्रवृति परीक्षा में शामिल युवव व युवतियां।

**ओरमांझी।** हाजी एहसान अंसारी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट इरबा द्वारा रविवार को आयोजित छात्रवृति परीक्षा में राज्य के विभिन्न जिला के 431 युवा (छात्र-छात्राएं) शाामिल हुए। परीक्षा में उतीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ पारामेडिकल एवं फामेर्सी में निशुल्क नामांकन के साथ छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलेगा। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अवसर मिलने की उम्मदी में पहुंचे युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। संस्थान के निदेषक डा. शाहीन कौषार ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में काफी संख्या में युवा स्कूली षिक्षा पूर्ण कर आर्थिक अभाव में रोजगार युक्त षिक्षा से नही जूड़ पाते हैं। वैसे युवाओं को अवसर, प्रोत्साहन व आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के उदेष्य से यह छात्रवृति योजना लाई गई है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वालों को बीएमएलटी, डीएमएलटी, ओफ्थाल्मिक, ओटी, ईसीजी, क्रिटिकल केयर (आईसीयू), रेडियो इमेजिंग, एनेस्थीसिया, ड्रेसर व फामेर्सी के बी. फार्म एवं डी. फार्म के पाठ्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। बताया कि संस्थान द्वारा 20 जुलाई को निषुल्क हेल्थ कैंप भी लगाया जाएगा। जिसमें आने वाले को मेदांता के कई विषेझ्ज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच व निषुल्क दवा दी जाएगी।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर संस्थान के सचिव जीनत कौशर, डा. शाहीन कौशर, डा. नजनीन कौशर, कलाम अंसारी, आशुतोष बहेरा, शकील परवेज, पवन कुमार, शुभम कुमार, सादिक अंसारी, ज्योति कंचन साहू, मुनामि भट्टाचार्या, तनाया पलित, रचना कुमारी, प्रफुल्लित हेंब्रम, गुलाम मुस्तफा, शबाना परवीन, प्रदीप श्रीवास्तव, हाजी मंसुर अंसारी, मुसर्रफ हुसैन, सत्यजीत मोहंती, आंचल कुमारी, अबुजर फराहीन आदि उपस्थित थे।

## इटकी में मिलन बुक स्टोर का उद्घाटन



**इटकी।** इटकी स्टेशन रोड स्थित मिलन बुक स्टोर का उदघाटन मुस्लिम लीग के जमशेदपुर संयोजक मो सैफुल्लाहए पत्रकार शहाब हमजा व शिक्षक मोख्तार अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर शहाब हमजा ने कहा कि इटकी में यह बुक स्टोर के खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब स्कूल और कॉलेजों के अलावे प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तक उचित मूल्य पर आसानी से मिल जाएंगे। बुक स्टोर के प्रोपराइटर रिजवान अहमद ने बताया कि यहां विभिन्न प्रकाशन के स्कूल व कॉलेज के पुस्तक कॉपी और स्टेशनरी के सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। क्लासमेट कॉपी में रिटेल पर 15 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जा रहा है। स्टोर में थोक व खुदरा दर पर सभी सामान उपलब्ध है। मौके पर आरिफ इकराम शहंशाह नवाज खान गुलजार करीम रियाजुल अय्यूब अंसारी आदि मौजूद थे।

खबर मन्त्र

रांची.सोमवार.15 जुलाई 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# भारत-रूस संवाद

भारत-रूस के बीच आखिरी वार्षिक शिखर वार्ता नयी दिल्ली में छह दिसंबर 2021 को हुई थी, तब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भारत दौरे पर थे, 2020 में कोविड महामारी के कारण यह वार्षिक बैठक नहीं हो पाई थी। फिर यूक्रन युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक श्री मोदी रूस दौरे पर नहीं गए थे। उनका आखिरी दौरा सितंबर 2019 में हुआ था। लेकिन इतने उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और सौहार्द्र का रिश्ता कायम ही रहा। 9 जुलाई को रूस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ी मार्के की बात कही कि रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में सबसे पहला शब्द आता है, भारत का सुख-दुख का साथी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजादी के बाद से अब तक दुनिया के तमाम देशों में रूस ही वह देश रहा है जो हर मुकाम पर भारत के साथ खड़ा दिखाई दिया है। भारत ने भी इस बीच आर्थिक, सामरिक या तकनीकी सहयोग के लिए दूसरे देशों से समझौते किए, संबंधों में नयी मजबूती दिखाई, लेकिन रूस के साथ भारत के संबंध जैसे पहले थे, अब भी वैसे ही हैं। यूक्रेन से युद्ध के कारण रूस और भारत के संबंधों पर भी सबकी निगाहें बनी हुई थीं, क्योंकि पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन आलोचनाओं के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा था। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भारत की विश्वशांति की हिमायत शिखर वार्ता में की। राष्ट्रपति पुतिन को श्री मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। इसलिए इस बात को केवल रूस तक सीमित न रखकर इसके व्यापक मायने समझने की भी जरूरत है।

# मणिपुर की चिंता

मणीपुर के मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी सशस्तप्र संघर्षों के चलते इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों ओर के लोगों की जानें गई हैं। हालांकि मरने वालों और उत ीड़न के ज्यादा शिकार कुकी हुए हैं। बता दें कि ये दोनों ही आदिवासी समुदाय हैं। फर्क इतना ही है कि मैतेई हिन्दपू हैं जबकि कुकियों ने सदियों हले ईसाईयत अ ना ली है। मैतेइयों की नाराजगी का कारण यह है कि कुकी आरक्षण के हकदार हैं और वे इससे वंचित हैं। इसके अलावा प्रदेश में उनकी जनसंख्या लगभग 64 प्रतिशत है जबकि राज्य के केवल 10 प्रतिशत भू भाग ही उनका आधित्य है पिछले वर्ष मई के महीने में वहां जो कुछ हुआ उसने न केवल देश बल्कि सम्पूर्ण विश्व को स्तब्ध करके रख दिया था। भारतीय जनतापार्टी की सरकार के ध्रुवीकरण की राजनीति के चलते कुकियों पर हमले तेज हुए। उस समुदाय की दो युवतियों को निर्वस्त कर उनकी परेड कराई और उनके साथ बदसलू की। इस शर्मनाक घटना को भाजपा की सरकार ने लम्बे समय तक छिपाकर रखा। कुछ स्थानीय दलों के साथ बनी यहां की भाजपा सरकार जातीय दंगों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम ही रही। कुकी महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो जब तीन महीने बाद सामने आया, तो लोगों के दिल दहल गये। जातीय झड़पों में 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए, 1000 से ज्यादा घायल हुए और 220 से अधिक लोग मारे गये हैं। करीब 5000 घरों में आग लगा दी गई। वीडियो का स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लेते हुए केन्दप्र सरकार को चेताया कि अगर वह कुछ नहीं करती तो अदालत कोई कदम उठायेगी। इससे हिली सरकार में कुछ हलचल हुई। अब राहुल गांधी ने मणिपुर जाकर लोगों के बीच मानवताका परिचय दिया जो देश के हित में है। मणिपुर को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी चिंता व्यक्त किया।


# संघ से नफरत करने वाले जस्टिस दास को पढ़ें



**समय** कभी ठहरता नहीं, वक?त की गति के साथ जो ताल से ताल मिलाकर चलता है, वह इतिहास नहीं बनता, अपने समय में वह सदैव वर्तमान बना रहता है। एकात?म मानवदर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध?याय ने राष?ट्र की चिति का जिक्र अपने भाषणों में कई बार किया था। उनके अनुसार ह्यजब लोगों का एक समूह किसी लक्ष्य, आदर्श, मिशन के साथ रहता है और किसी खास भूमि के टुकड़े को मातृभूमि के रूप में देखता है, तो यह समूह एक राष्ट्र का निर्माण करता है। अगर दोनों में से कोई एक- आदर्श और मातृभूमि नहीं है, तो कोई राष्ट्र नहीं है। किसी राष्ट्र का आदर्श या मूल सिद्धांत उसकी आत्मा है। एक व्यक्ति के मामले में, उसकी आत्मा बार-बार जन्म ले सकती है। हर बार एक अलग अस्तित्व होता है, लेकिन आत्मा एक ही होती है। इसी तरह, एक राष्ट्र की एक आत्मा होती है। इसका तकनीकी नाम 'चिति' है। चिति मौलिक है और राष्ट्र के लिए इसकी शुरूआत से ही केंद्रीय है। व्यक्ति राष्ट्र की आत्मा 'चिति' को सामने लाने का भी साधन है। इस प्रकार व्यक्ति अपने स्वयं के अलावा राष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व करता है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में इस चिति की समीक्षा करें तो यह अनन?त काल से यहां की हवा में स्व स्फुरित है। कई बार इसकी गति कम और अनेक बार तेज होती दिखती है। कई धाराओं में प्रवाहमान भी यह देखी जाती रही है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस वह संगठन है, जो इन अनेक धाराओं को राष्ट्र की चिति की पुष?टता के लिए एक साथ जोड़कर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का काम करता हुआ दिखाई देता है। इसमें भी सुखद यह है कि संघ अपने इस कार्य को अनेक अलोचनाओं को सहते-सुनते पिछले 99 सालों से अनवरत कर रहा है।

सांप्रदायिक, हिंदूवादी, फासीवादी, धर्मनिरपेक्षता का दुश?मन, सांप्रदायकिता की खाई खोदनेवाला और इसी तरह के अन्य न जानें कितने शब्दों एवं उपमाओं से संघ को लगातार नवाजा जा रहा है। उसे अपमानित करने का कोई एक पल भी उसकी बातों में असहमति रखनेवाले छोड़ना नहीं चाहते, किंतु रा.स?व.संघ है कि इन सभी बातों पर बिना कोई प्रतिक्रिया दिए धैर्य के साथ अपने कार्य में जुटा हुआ है और वह कार्य प्रारंभ से अंत तक एक ही है, अनेक धाराओं को एक साथ लाकर राष?ट्र की चिति को मजबूत करना। इसलिए संघ कभी अतीत नहीं हुआ, वह वर्तमान है।



-डॉ मयंक

> निश्चित ही यहां जस्टिस दास के आरएसएस को लेकर आए अनुभव को जानने के बाद यही कहना होगा कि प्रतिदिन संघ में की जानेवाली उसकी प्रार्थना एक स्वयंसेवक को इतना अधिक अपने राष्ट्र के लिए समर्पति हो जाने की प्रेरणा देती है कि उसके लिए फिर राष्ट्र की सर्वोच्चता ही महत्व रखती है, जिसमें कि स्वयं को वह विलीन कर देने में ही अपनी सार्थकता समझता है और इसी में अपने जीवन की धन्यता स्वीकारता है।

आज कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास यह कहकर और इस संगठन के बारे में स?पष?ट कर देते हैं कि मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं। किसी को अपनी पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। एक जज रहते हुए उन्होंने संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। संघ में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है।

जस्टिस दास इस बात पर भी जोर देते हैं कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉश की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है। आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। यह सच है कि संघ कोई क्रांतिकारी संगठन नहीं, लेकिन इतिहास में पता चलता है कि इंदिरा गांधी को भी आरएसएस की मदद लेनी पड़ी थी। चीन से युद्ध के समय भी संघ ने काफी काम किया था। ये चीजें लोगों को बताई नहीं जाती हैं। आरएसएस यही कहता है कि आपको अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर इस संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश की जाती रही है।

वस्तुतः यहां जस्टिस दास पुनः स्पष्ट करते चलते हैं कि (रास्वसंघ) इससे मेरा काम कभी प्रभावित नहीं हुआ। एक जज रहते हुए मैं संविधान के प्रति वफादार रहा। आप हमारे कई फैसले देख सकते हैं। आरएसएस आपसे कभी राइट या लेफ्ट में जाने को नहीं कहता है। कई बार हमारे फैसलों में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं को भी राहत मिली। मैंने यह कभी नहीं सोचा कि जो बीजेपी के खिलाफ हैं वे हमारे दुश्मन हैं। हमने कानून के मुताबिक ही सबके साथ व्यवहार किया और यही आरएसएस की मूल दृष्टि है। व्यक्ति जहां है, जिस भी दायित?व पर है, वहां रहते हुए वह अपने राष्ट्र के हित में अपना सर्वस्व समर्पित करे।

निश्चित ही यहां जस्टिस दास के आरएसएस को लेकर आए अनुभव को जानने के बाद यही कहना होगा कि प्रतिदिन संघ में की जानेवाली उसकी प्रार्थना एक स्वयंसेवक को इतना अधिक अपने राष्ट्र के लिए समर्पति हो जाने की प्रेरणा देती है कि उसके लिए फिर राष्ट्र की सर्वोच्चता ही महत्व रखती है, जिसमें कि स्वयं को वह विलीन कर देने में ही अपनी सार्थकता समझता है और इसी में अपने जीवन की धन्यता स्वीकारता है।

प्रार्थना के प्रथम श्लोक स्वयंसेवक मातृभूमि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। मातृभूमि को सर्वोच्च स्थान पर रखते हुए इस मातृभूमि की विशेषताओं का स्मरण कर उसके लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेता है। ₹मातृभूमि के प्रति मेरा सर्वस्वार्पण हो जाये ऐसी अभिलाषा स्वयंसेवक ₹पतत्वेष कायोर₹ के रूप में व्यक्त करता है। समर्पण केवल एक वचन में अर्थात स्वयं का ही होता है। कोई दूसरा बलिदान करेगा तब में करूँगा या हम सब बलिदान करेंगे यहां ऐसा बिल्कुल नहीं है।

संपूर्ण प्रार्थना में पांच गुण स्वयंसेवक अपने लिए भारत माता से मांगता है। ये पाँच गुण हैं, एक - अजेय शक्ति (ऐसी शक्ति जिसको विश्व में कोई जीत न सके)। दो- सुशील (ऐसा श्रेष्ठ शील (चरित्र) माँगा है, जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये)। तीन- श्रुतं (ऐसा ज्ञान भी माँगा है जो सभी कठिनाईयों तथा समस्याओं में से मार्ग प्रशस्त कर दं।

## खास बात

### पूर्वी राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक

सुधांशु कुमार

**इन** दोनों याचिकाओं में टीएमए पाई और अन्य बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि नागालैंड, मिजोरम और मेघालय ईसाई-बहुल राज्य हैं।

बाकी राज्यों में भी असम को छोड़ कर ईसाईयों की तादाद ही ज्यादा है। वहां हिंदु अल्पसंख्यक हैं। लेकिन उनको यह दर्जा नहीं मिला है। इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया गया है उसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यों में आबादी के आधार पर ही भाषाई अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी इलाके में जो लोग संख्या में कम हैं उन्हें संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अपने धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए स्कूल और कॉलेज खोलने का अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि धार्मिक आधार पर भी अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला राज्यों की आबादी के आधार पर ही किया जाना चाहिए, आबादी के राष्ट्रीय औसत के आधार पर नहीं।

इन याचिकाओं में 23 अक्तूबर, 1993 को केंद्र की ओर से जारी उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन तबके के लोगों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। याचिकाकताओं ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक के दर्जे की वजह से तमाम सरकारी लाभ ले रही है। यह सार्वजनिक धन की बबार्दी की मिसाल है। इलाके के ज्यादातर राज्यों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है. लेकिन वह अल्पसंख्यकों को मिलने वाले फायदों से वंचित है। डेलिना खांग्डुप ने मेघालय हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि राज्य (मेघालय) में ईसाइयों की आबादी 74.59 प्रतिशत है जबकि हिंदुओं की 11.53 प्रतिशत। इसके अलावा आबादी में 4.4 प्रतिशत मुस्लिम, 0.33 प्रतिशत बौद्ध, 0.02 प्रतिशत जैन और 8.71 प्रतिशत दूसरे धर्मों के लोग शामिल हैं। इस कारण उन्हें कठिनाई हो रही है।

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली और विदेशी भूमि पर भारतीय ध्वज फहराने वाली पहली महिला भीकाजी कामा जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन।

**– अन्नपूर्णा देवी, सांसद कोडरमा**

## रोचक ट्वीट

**भारतीय** न्याय संहिता ,2023 की निम्नलिखित धाराओं के तहत प्रभावित महिलाओं को सहायता के लिए ओएससी भेजा जा सकता है :धारा 63 से 70, धारा 74 से 79, धारा 81 से 87।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**पुरुषार्थी–** संकल्पसिद्ध साधक के लिए जगत में कुछ भी दुर्लक्ष्य नही है मनुष्य मन अनंत ऊर्जा -असीमित शक्तियों का स्त्रोत है। एकाग्रतापूर्वक यौगिक क्रियाओं के अनुवर्तन और ईश अनुग्रह से यथार्थ-बोध संभव है

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# मृग मरीचिका

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**सीता** बोली मुझे सुनहले चमड़ों वाला मृग ला दें तो मैं आपके बैठने के लिए मृगचर्म बनाऊं। राम ने कहा मैं अभी जाता हूं। लक्ष्मण बैठे देख रहे थे। उन्होंने सोचा मृग को मारने के लिये भगवान खुद चल दिये। मुझे आदेश देते तो मैं मारकर ला देगा। क्या बात है ये खुद चल दिये। वे कुछ समझ पाते इसके पहले राम मृग के पीछे दौड़ रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि राम के बार-बार बाण मारने के बाद बाण उसे लग नहीं रहा था। ज्योंही मृग कुछ दूर गया राम ने बाण मार दिया और मृग रूपी मारीच मरने के पहले हाय लक्ष्मण कहा। रामजी समझ गये निश्चय ही यह छल करने वाला कोई राक्षस है। यहां सीता तैयार बैठी थी। उसने कहा लक्ष्मण तुम्हारे भाई पर कोई संकट आया है। तुम जल्दी जाओ। लक्ष्मण ने कहा कोई संकट नहीं है। सीता बोली तुमने आवाज नहीं सुनी? वे तुम्हें पुकार रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- यह आवाज उनकी नहीं है। मैं बचपन से उनकी आवाज सुना हूं, जानता हूं, यह किसी बनावटी राक्षस की आवाज है। यहां सीता तो नाटक के लिये पहले से ही तैयार थी। लक्ष्मण तुम्हारे अंदर कलुष भावना है। तुम सेवा का नाटक किये हो। तुम मेरे साथ आये हो राम का सेवक बनकर लेकिन तेरे अंदर तो यही भावना है कि राम मर जाएं और तुम्हारी शादी सीता से हो। तेरे अंदर ये भावना है। सुनकर लक्ष्मण कांप गये। मैं क्या कह सकता हूं। फिर भी आप कह रही हैं तो मैं जा रहा हूं लेकिन आप मेरी एक बात मान लिजिएगा। मैं एक रेखा खींच देता हूं। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड

कैसी मानसिकता.....




साभार: कार्टिनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### तेल की बढ़ती कीमत

**कच्चे** तेल की कीमतों में गिरावट आई। माना जाता है कि तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती।

**– भवेश, गढ़वा**

### गरीबों की सरकार?

**आम** जनता के लिए सस्ते अनाज की सप्लाई के लिए किसानों को जो समर्थन मूल्य सरकार देती थी वह गुजरे जमाने की बात हो जाएगी। कृषि सेक्टर पूरी तरह से मुनाफे से संचालित कार्पोरेट सेक्टर के नियंत्रण में आ जाएगा। आखिर कार्पोरेट के अच्छे दिनों के लिए तो मोदीजी सत्ता में आए हैं। अब जनता ठगी महसूस कर रही है विशेषकर मजदूर और किसान।

**– प्रदीप सिन्हा, हजारीबाग**

# डॉ रमेश शरण जैसा व्यक्तित्व और आर्थिक जानकार की कमी खलेगी

**डॉ रमेश** शरण नहीं रहे। उनके साथ ही एक अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, सहयोगी शिक्षक, बेहतरीन व्यक्तित्व भी चला गया, शेष रह गयी उनकी प्रेरणा और यादें। स्टूडेंट सर्किल संस्थान के सभागार में रविवार को डॉ रमेश शरण के याद में एक पुष्पांजलि कार्यक्रम में उन्हें याद करते हुए प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अरविंद लाल ने कहा।

श्री लाल ने कहा कि डॉ शरण उन गिने चुने लोगों में थें जो युवाओं के लिये प्रेरणा बने और मेरे समय के दर्जनों युवाओं ने उनसे प्रेरणा पाकर गंभीरता से कुछ जानने समझने की बात सीखी। अपने संस्मरण में श्री लाल ने कहा कि अर्थशास्त्र उनका प्रिय विषय नहीं था लेकिन जब उन्होंने डॉ शरण से आग्रह किया कि उनका और उनके सहयोगी मित्रों का इस दिशा में मार्गदर्शन करें तो वे तुरंत तैयार हो गये। उन्होंने जो कुछ बताया जब मैंने उसका विश्लेषण किया तो पाया कि जो कठिन से कठिन पार्ट था उसे उन्होंने समझा दिया जिससे आसान बात स्वतः समझ में आ गयी। स्टूडेंट सर्किल संस्थान का शुभारंभ के पीछे भी डॉ शरण की ही प्रेरणा थी। वे सदैव छात्रों को कुछ बताने के लिये तैयार रहते थे। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वे एक एकेडमिक पर्सन थे और उन्हें वीसी बनने के बाद ज्यादा खुशी नहीं हुई थी। वे मान-अपमान से उपर सदैव झारखंड के हित में आर्थिक मुद्दों को उठाने के लिये प्रेरित रहते थे।

कार्यक्रम में कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष दिलीप प्रसाद ने कहा कि मैं एक ग्रामीण इलाके से आता हूं और अर्थशास्त्र जैसे विषय पर आज मेरी समझ इतनी है कि मैं 20 घंटे लगातार बोल सकता हूं तो यह डॉ शरण की देने है। वे एक शिक्षक के साथ बड़ें मोटिवेटर थे और हर समय विषयों के संबंध में समझाने कॉन्सेप्ट क्लियर करके ही मानते थे। आज उनके पढ़ाने बताने की शैली का प्रभाव है कि मैं भी युवाओं को बेहतरीन ढंग से पढ़ा सकता हूं।

## श्रद्धांजलि





कार्यकम में झारखंड वित्त सेवा के श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य की समस्याओं पर उनकी ऐसी पकड़ थी कि वे जब बताते थे तब लगता था कि उन्हें उस विषय के तथ्यों का उनके दिमाग में कोई भ्रम नहीं है।

कार्यक्रम में अंत में संस्थान के कोर्स डायरेक्टर कृष्णा कुमार ने कहा कि वे ज्या द्रेज की तरह ही सामाजिक आर्थिक विकास को प्राथमिकता देने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने कहा कि उनके श्रंद्धांजलि कार्यक्रम में हमें उनके बताये मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम में कंमाडेंट अमित कुमार,चिराग पब्लिक स्कूल सिल्ली दिनेश कुमार, सेवा निवृत अंचलाधिकारी कैलाश जी लखन जी,मुरलीधर और स्टूडेंट सर्किल के प्रबंध निदेशक सुभाष लाल ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में डॉ रमेश शरण के विचारों, शोध, आर्थिक विषयों पर लिखे आलेख और पाण्डुलिपि के आधार पर पुस्तक के प्रकाशन के लिये सामूहिक प्रयास को लेकर गंभीरत से प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे आने वाले समस में लोगों को सही मार्गदर्शन मिल सके।

# समुद्री तट पर सैकड़ों व्हेलों की मौत पर्यावरण के लिए गंभीर संकट

## पर्यावरण

मनोज शर्मा

**ऑस्ट्रेलिया** के वेस्ट कोस्ट तस्मानिया में मार्की हार्बर पर फंसी करीब 460 पायलट व्हेलों के पॉड में से ज्यादातर की मौत हो गई। छिछले तटों की ओर आकर फंसी केवल 50 व्हेलों की जान बचाई जा सकी।

दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में मार्की हार्बर के पास के छिछले पानी में करीब 460 पायलट व्हेलों का समूह आ फंसा था। तमाम प्रयासों के बावजूद उनमें से केवल 50 व्हेलों को बचाया जा सका. इस पॉड यानि पायलट व्हेलों के समूह के ज्यादातर सदस्य हार्बर के छिछले पानी में थीं जबकि कुछ गहरे पानी की ओर बढ़ने में कामयाब हो गई थीं। पायलट व्हेलें महासागरीय डॉल्फिन की एक किस्म होती हैं, जिसके सदस्य 7 मीटर (23 फीट) तक लंबे और 3 टन तक भारी हो सकते हैं।

कम गहरे पानी में जाकर फंस गई व्हेलों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके लिए व्हेलों के पास भारी मात्रा में ठंडा पानी ले जाकर उन्हें एक झूले जैसी चीज पर टांगने की कोशिश की जाती है और इस तरह उन्हें धीरे धीरे गहरे पानी की ओर ले जाकर छोड़ दिया जाता है।

तस्मानिया के पार्क्स और वाल्डलाइफ सर्विस के क्षेत्रीय प्रबंधक निक डेका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, हमने एक ऐसा तरीका आजमाने पर सहमति बनाई, जिसमें पहले एक झूले जैसी चीज को व्हेल के नीचे से गुजारा जाता है जो नाव से जुड़ा होता है। इसके अलावा गहरे पानी में भी क्रू मौजूद होता है।

बचाव अभियान से जुड़े 60 से भी अधिक लोगों में स्थानीय मछुआरे,

> सरकारी संरक्षण एजेंसी में काम करने वाले वन्यजीव जीवविज्ञानी क्रिस कार्लयन ने बताया, हम बड़े और संकट में पड़े जानवरों से निपट रहे हैं। ना केवल इसमें कई कई दिन का समय लग जाता है बल्कि भावनात्मक रूप से भी यह काफी कठिन होता है। कार्लयन कहते हैं कि चूंकि यह एक प्राकृतिक घटना है इसलिए यह स्वीकार कर सकते हैं कि कुछ जानवरों की जान जा सकती है।

स्वयंसेवी और पेशेवर शामिल हैं। इस समय यहां पानी इतना ठंडा है कि खास वेटसूट पहन कर काम करने के बावजूद सभी बचावकर्मी छोटी शिफ्टों में काम कर रहे हैं ताकि ज्यादा ठंड लगने के कारण उन्हें हाइपोथर्मिया नाम की स्वास्थ्य परेशानी का सामना ना करना पड़े।

सरकारी संरक्षण एजेंसी में काम करने वाले वन्यजीव जीवविज्ञानी क्रिस कार्लयन ने बताया, हम बड़े और संकट में पड़े जानवरों से निपट रहे हैं। ना केवल इसमें कई कई दिन का समय लग जाता है बल्कि भावनात्मक रूप से भी यह काफी कठिन होता है। कार्लयन कहते हैं कि चूंकि यह एक प्राकृतिक घटना है इसलिए यह स्वीकार कर सकते हैं कि कुछ जानवरों की जान जा सकती है। वैज्ञानिकों को अब तक नहीं पता चला है कि हमेशा समूह में यात्रा करने वाली पायलट व्हेलें कभी कभी समुद्र तटों की ओर क्यों बढ़ जाती हैं. स्तनधारियों की यह प्रजाति आम तौर पर किसी नेता के नेतृत्व में चलती है और अपने पॉड में किसी के घायल हो जाने या परेशानी में पड़ने पर उसे अकेला नहीं छोड़तीं और उसके चारों ओर इकट्ठी हो जाती हैं।

इस इलाके में अकसर व्हेलों को समुद्री तटों पर देखा जाता रहा है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में इन्हें कभी नहीं देखा गया था। इसके पहले सन 2009 में तस्मानिया के पास करीब 200 भटकी हुई व्हेलें दिखी थीं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पास के इलाकों में कई किस्म की व्हेलें मिलती हैं।

हर साल ये व्हेलें छोटे समूहों से लेकर 1,000 जैसी बड़ी तादाद में पॉड बना कर दूर दूर के पानी में माइग्रेट करती हैं। 2018 में भी न्यूजीलैंड में इसी तरह फंसने से एक ही हफ्ते के भीतर 200 से अधिक पायलट व्हेलों की मौत हो गई थी।

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले जरूरतमंदो को भोजन कराया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व अन्य सदस्यों द्वारा सैंकड़ो गरीब महिला-पुरुष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया गया कि पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, लालू उरांव, रंजीत यादव, सुकरा करमाली, लखन राम, इम्तियाज अंसारी, संजू सिंन्हा सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक



**कुजू।** मुहर्रम को लेकर रविवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मांडू अंचलाधिकारी मुद्दसर नजर मंसूरी व संचालन कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने किया। बैठक के दौरान सीओ व ओपी प्रभारी ने मुहर्रम कमिटी के लोगों तथा राजनीतिक एवम सामाजिक कार्यकर्ता से मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए अति आवश्यक गाइडलाइंस भी दिए। जिसमें ताजियों को निकालने के समय बिजली का ध्यान रखने, पुरानी निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने, डीजे को हाई साउंड में न बजाएं तथा ऐसा कोई गीत ना बजाएं जिससे कोई भी समुदाय को आहत हो, किसी भी प्रकार के कोई अफवाहों की सूचना मिले तो पुलिस को सूचना देने, जुलूस में आग की करतब को ना अपनाएं का निर्देश दिया गया। बैठक में अनि मनीष कुमार, सअनि बीरेंद्र कुजूर, ज्ञानी महतो के अलावे समाज सेवी अमर सिंह, मो मुन्नवर अंसारी, मो

### विस्थापित-अधिकार समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-अधिकार समिति की साप्ताहिक बैठक रविवार को मां पंच बहनी मंदिर प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता खुशबू देवी एवं संचालन मकसूद आलम एवं प्रदीप साहू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में समिति की मजबुती सहित विभिन्न समस्याओं और रोजगार पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनटीपीसी पीवीयूएनएल पतरातु के वादा खिलाफी के विरोध में 22 जुलाई को समिति के चार लोग आमरण-अनशन करने को ले परमिशन लेने के लिए दिल्ली जायेंगे। बैठक में मो. सुभान अंसारी, मो. जिलानी, सुनील मुंडा, अमन मुंडा, विनीत मुंडा, अमित मुंडा, श्याम मुंडा, अनिल कुमार, राजू कुमार करमाली, मुस्ताक अंसारी, अनुज मुंडा आदि मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अलग झारखंड राज्य चिन्हित आंदोलनकारी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता संजय मिश्रा ने की। बैठक में चिन्हित झारखंड आंदोलनकारियों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में झारखंड सरकार से सभी चिन्हित आंदोलनकारियों को जल्द से जल्द आंदोलनकारी होने का प्रमाण-पत्र देने की मांग की। साथ ही सभी चिन्हित आंदोलनकारियों को सम्मान राशि पेंशन का भुगतान की जाए। जैसे जेल जाने वाले आंदोलनकारियों को मिलती है। बताया गया कि 21 जुलाई को भुरकुंडा पंचायत भवन में सुबह 10 बजे से पुन: झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक होगी। उक्त बैठक में पुष्कर महतो झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय महासचिव उपस्थित रहेंगे। बैठक में टिकेश्वर महतो, मुन्ना श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, दर्शन गंझू, कुलदीप मेहता, ब्रजेश पांडेय, क्यूम अंसारी, टिकेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण



**कुजू।** पांच दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर रांची रोड वीआरएल डेम साइड कॉलोनी में तीसरे दिन रविवार को मां दुर्गे की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान सर्व प्रथम श्रद्धालुओं ने फूलों से सजी वाहन पर मां की प्रतिमा को रखा। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र के डेम साइड कालोनी, वीआरएल कॉलोनी, सेवटा, राची रोड़, कोयला डीपो व रामानगर आदि स्थानों का भ्रमण कराते हुए पुन: मंदिर परिसर लाया गया। इस दौरान अचार्य बालमुकुंद पांडेय, पिंटू पांडेय द्वारा यजमान बने उपेंद्र सिंह, प्रदीप प्रसाद, अरुण दुबे सपत्नीक के हाथों कर्म कुट्टी, अधिवसादि कर्म, सय्याधिवाश आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। तत्पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं रात्रि में बक्सर बिहार से आए कथा वाचक आदित्याचार्य महाराज जी द्वारा रामचरितमानस की प्रसंग पर कथा प्रस्तुत किया गया। मौके पर काफी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

# दर्जनों युवा आजसू में शामिल

## बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : रोशन लाल चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के हेवई पंचायत भवन में आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस को छोड़कर दर्जनों युवाओं ने विजय कुमार के नेतृत्व में रोशनलाल चौधरी के प्रति आस्था जताते हुए उन्हें विधायक बनाने के संकल्प के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में अबकी बार जनता ने विकास के लिए मतदान करने का मन बना लिया है। नेतृव मिलते हीं सम्पूर्ण बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास, युवाओं को यहीं पर रोजगार मुख्य उद्देश्य होगा। यहां के युवाओं को पलायन करने से रोकना ही मुख्य उद्देश्य है। युवा रोजगार के लिए अन्यत्र राज्यों में पलायन करने को मजबुर हो रहें हैं। बड़कागांव में उद्योग का हब होने के बावजूद यहां के युवाओं का पलायन उनके परिवार के लिए भी दुःखदायी होता है। मेरी कोशिश है कि सत्ता में आते हैं सर्वप्रथम बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को क्षेत्र में हीं रोजगार उपलब्ध करवाऊं। विजय कुमार ने नेतृत्व में आजसू में शामिल होने वालों में प्रमोद कुशवाहा, अनिल कुमार, जगदेव ठाकुर, कुणाल कुमार, महावीर महतो, सहदेव साव, राजेश कुशवाहा, भुवनेश्वर महतो पूर्व मुखिया, छोटू कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, विकास कुमार,आकाश कुमार , दीनानाथ कुमार, भुवनेश्वर कुमार, राजू कुमार, खेलावन कुमार, प्रताप सिंह चौहान, कृष्णा कुमार, तुकन महतो, हेमराज महतो, संतोष कुमार, राजेश कुमार, विजय चौरसिया, मो. मकबूल, मो. उस्मान, अजरूद्दीन कांग्रेस पूर्व पंचायत अध्यक्ष सुमित कुमार, सुनील कुमार, अशोक सिंह, धीरेन्द्र कुमार, इंद्रदेव राम, आकाश कुमार, कृष्णा महतो, परमेश्वर राम, सुबोध कुमार, सीताराम कुमार, प्रमोद कुमार, अभिषेक कुमार , अनूप कुमार, दिलीप कुमार , संतु कुमार,अरुण कुमार, अजित कुमार, अरविंद कुमार, उमेश महतो, प्रेम महतो, मनोज महतो, अंकित कुमार, सुभाष कुमार, योगेंद्र कुमार, दिनेश्वर महतो, नंदलाल महतो, रघु महतो , हेमराज महतो ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर आजसू नेताओं में गिरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, लीलाधन साव, उपेंद्र कुमार, पंकज साहा इत्यादि आजसू पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव पूरी शक्ति के साथ लड़ेंगे: मनोज यादव

**16 जुलाई को विजय संकल्प रैली को लेकर पूर्व विधायक ने की बैठक**

**प्रत्येक बुथ से पांच पांच कार्यकर्ता होंगे शामिल : विवेकानंद सिंह**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** 16 जुलाई को आरएनवाईएम महाविद्यालय बरही में होने वाले भाजपा के विजय संकल्प सह अभिनंदन सभा को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अगुवाई मंडल अध्यक्ष अमित साहु ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बरही में आयोजित होने वाले विजय संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए रूप रेखा तैयार की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आगामी विस चुनाव को लेकर हम पूरी शक्ति के साथ लड़ेंगे। इसके लिए सबो को एकजुट होना होगा। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि सभा में बुथ से पांच पांच सक्रिय कार्यकर्ताओ को लाना है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी व अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, भाजपा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, भाजपा जिला महामंत्री नेता सुनील मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, राजदेव यादव, अवध यादव, सुनील सिंह, भारत सिंह, पदमा मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष बंधन यादव, चंदवारा मण्डल अध्यक्ष द्वारिका राणा, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, चौपारण पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सुरेश साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, बरसोत मुखिया मोती लाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, अजय रजवार, मुकेश सिन्हा, किशुन यादव, उप मुखिया मनोज उपाध्य, प्रखंड महामंत्री किशोरी सिंह, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण पाण्डेय, विनोद यादव, ओबीसी मोर्चा के मनोज साव, मुन्ना यादव, एससी मोर्चा के नागेश्वर रजक, मनोज राणा, सचिन यादव, प्रभु यादव, सचिन यादव, पिन्टू ठाकुर, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित कई किसान

**कटकमसांडी।** पीएम किसान निधि योजना से प्रखंड के कई किसान वंचित है। बावजूद आंचल कर्मियों का ध्यान इब ओर नहीं है। जबकि सरकार का निर्देश था कि इस योजना से वंचित किसानों के घर-घर जाकर लोगों को जोडने का काम करे। इसके लिए कर्मचारियों को किसानों से संपर्क कर ई केवाईसी , एनपीसीआई बैंक खाते से आधार सेटिंग एवं भूलेख अंकन करेंगे। लेकिन सरकार के इस आदेश को अंचल कर्मियों द्वारा धत्ता बताते हुए कई किसानों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। किसान इस योजना में नाम जोड़ने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद कंप्यूटर ऑपरेटर मिथिलेश कुमार द्वारा टाल मटोल कर उन्हें वापस लौटा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं किसानों ने आरोप लगाया कि इसमें नाम जोड़ने के लिए उनसे कुछ मांग भी की गई है । नही देने के कारण इस योजना से वंचित रखा जा रहा है । मोदी सरकार जहां किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस योजना का संचालन किया है लेकिन कर्मी के लापरवाही के कारण पिछले एक साल से किसान अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते हार गये।

## गोला दर्पण प्रोड्यूसर कंपनी के एमडी सम्मानित



**गोला।** रांची के मोरहाबादी मैदान में नाबार्ड का 43 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित थे। स्थापना दिवस को नाबार्ड के द्वारा तीन दिवसीय तरंग एफपीओ मेला के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें झारखंड के कुल 48 एफपीओ ने अपने अपने स्टॉल लगाए, साथ ही अपने उत्पाद को भी प्रदर्शनी में लगाया।

नाबार्ड का सोच है कि किसानों के उत्पादित माल का कैसे दोगुना मूल्य मिले इसके लिए एफपीओ को हमेशा उस दिशा में सहयोग व मर्गदर्शन मिलता रहता है। इसी कड़ी में गोला दर्पण प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड जो रामगढ़ ज़िला के गोला में किसानो के आय दोगुना करने में हमेशा प्रयासरत रहा है यह उत्पादक संगठन समूह जुलाई 2021 को नाबार्ड से गठन से निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। इसमें खेती की नये नये कि स्म पर काम किया जा रहा है। 2021 में ही आलू का व्यवसाय किया और वार्षिक टर्नओवर 13 लाख का किया गया, उस दरम्यान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एमडी नव महतो को पुरस्कृत किया था।

## डॉ. रामानुज कुमार ने राहुल गांधी को लिखा पत्र, विस चुनाव लड़ने की इच्छा जतायी

**बरही।** डॉ. रामानुज कुमार ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर बरही विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे एआईपीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर हजारीबाग लोकसभा में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि वे बरही विधानसभा के 1932 का खतियान धारी हैं एवं पेसे से डॉक्टर हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2019 का चुनाव में बरही विधानसभा में सीपीआई के उम्मीदवार भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाब मीर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा मिले आदेश के बाद उन्होंने राहुल गांधी से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से बरही विधानसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के रूप में लड़ना चाहते है।

# रामगढ़ में खुला सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल

खबर मन्त्र संवाददात

**सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो देश-के बेहतरीन हॉस्पिटल में हैं : जैन**



**रामगढ़।** शहर के नईसराय मेन रोड प अत्याधुनिक उपकरणों और बेहतर सुविधाओं से लैस आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रामगढ़ महालक्ष्मी प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया ।

मैनेजिंग पार्टनर डॉ. सुबोध कुमार सिंह, निदेशक ऑर्किड अस्पताल सिद्धांत जैन, राजकुमार अग्रवाल और डॉ. गोपाल सिंह शामिल रहे। अतिथियों द्वारा विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया।

डॉ. सिद्धांत जैन ने बताया कि रांची में आंखों के मरीजों को सेवा देने के साथ ही अब रामगढ़ में अस्पताल की स्थापना की गई है। यहां वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो देश- के बेहतरीन हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत ईलाज की भी सुविधा है। विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों से भी हमारा टाई-अप है। साथ ही चौरिटी के उद्देश्य से भी सेवाएं देने का भी प्रयास रहेगा।

डॉ. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि मरीजों का अस्पताल पर विश्वास तब जमता है जब अस्पताल के डॉक्टर ट्रेंड और अस्पताल के इक्वीपमेंट बेस्ट हों। आइरिस हॉस्पिटल ने यह क्वालिटी मैंटेन की हुई है। हमारे फैकल्टी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ट्रेंड हैं। हॉस्पिटल में बेस्ट उपकरणों के साथ बेहतरीन सुविधा देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि रांची आइरिस में हमने वह तमाम सुविधाएं दी हैं जो एम्स नई दिल्ली, शंकर नेत्रालय चेन्नई, एलवीपीईआई हैदराबाद और अरविंद नेत्र अस्पताल पांडिचेरी के द्वार दिया जा रहा है। रामगढ़ के लोगों को भी अब वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो रांची के आइरिस आई हॉस्पिटल में मिलती है। यहां आंखों से संबंधित सभी जटिल से जटिल बिमारियों का उपचार किया जाएगा। जिससे यहां के लोग बाहर जाकर महंगे उपचार सहित अन्य तरह के खर्चों और परेशानियों से बच सकें। मौके पर डॉ. एम. सिराज अली, डॉ. नवनीत चतुवेर्दी,डॉ. रूही श्रीवास्तव, आकाश अदुकिया, विनीता जैन, अनंत जैन, कृष्ण अग्रवाल सहित कई मौजूद थे।

## एक नजर में

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार और मैनेजर सुषमा भारती को डॉक्टरेट की उपाधि

**बरही।** आइलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार व मैनेजर सुषमा भारती को मैरीलैंड राज्य विश्वविद्यालय, गैदर्सबर्ग, यूएसए द्वारा डॉक्टर ऑफ रिसर्च फॉर इनोवेटिव एजुकेशन सिस्टम स्पेसिफिकली इन सेकंडरी एंड सीनियर सेकंडरी की उपाधि दी गयी। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये नई दिल्ली के सभागार में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। आइलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार पिछले दो दशक से स्कूल शिक्षा से जुड़े हुए हैं। शिक्षा को आम जन तक पहुंचाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को विशेष सहायता प्रदान की जाती है। शैलेश कुमार शिक्षा में नवाचार के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने स्कूल शिक्षा को और बेहतर करने के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया। इनके विद्यालय के छात्र छात्राएं आज विभिन्न उच्च पदों पर असीम हैं। इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई विद्यालयों का कार्यभार सम्भालते हुए नई नई आधुनिक विद्या से छात्र छात्राओं को जीवन में कुछ अच्छा करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के प्रति प्रेरित किया है। विद्यालय के निदेशक को उक्त उपाधि प्रदान करने पर आज विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और सभी स्टॉफ ने उनका ह्रदय से स्वागत और अभिनन्दन किया है। बताते चलें कि आज आइलेक्स पब्लिक स्कूल का बरही के अलावा बड़कागांव, चौपारण, बरकट्ठा, हजारीबाग, गिरिडीह में भी अपना शाखा चल रहा है।

### मैहर एलॉय फैक्ट्री में करंट से मजदूर की मौत



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के रउता स्थित मैहर एलॉय फैक्ट्री में रविवार की सुबह करीब 9 बजे करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गयी। बाद में उसे इलाज के लिए रांची रोड स्थित पॉलीडॉग अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन व अन्य लोग फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री परिसर में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार चुंबा निवासी बबलू पांडेय सुबह फैक्ट्री पहुंचकर काम कर रहा था। इसी बीच अचानक उसे करंट लग गया। जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर परिजन व लोगों का कहना था कि फैक्ट्री में आये दिन ऐसी घटनाएं होती रहती है। इसके बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है। विरोध के बाद फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच वार्ता हुआ है। जिसमें मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपए व पीएफ राशि बैंक खाता में जमा करने के साथ उसके बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेवारी लेने के आश्वासन के बाद विरोध शांत हुआ।

### हाइवा व ट्रक में टक्कर, चालक घायल

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के रामानगर सांडी में शनिवार की देर रात्रि ट्रक व हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर में ट्रक चालक तो बाल-बाल बच गया, लेकिन हाइवा चालक काफी देर तक स्टेयरिंग में फंसा रहा। बाद में कुजू पुलिस के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद स्टेयरिंग में फंसे हाइवा चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### बरही : विधवा भाभी से देवर ने की शादी

**बरही।** बरही के खोड़ाहर में समाज को संदेश देने वाली खबर सामने आई है। खोड़ाहर के एक युवक ने अपनी विधवा भाभी से शादी करके और जीवन भर उसके साथ रहने की कसम खाकर मिशाल पेश की है। वहीं दूसरी ओर युवक न केवल शादी की है बल्कि विधवा भाभी के साथ दो भतीजा की जिम्मेदारी उठा कर अनाथ बच्चों का पिता बन गए है। युवक संतोष कुमार है, वह अपने विधवा भाभी अंजनी कुमारी के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं। संतोष कुमार की ओर से लिए गए इस फैसले की हर तरफ तारीफ हो रही है। दरअसल 2020 में विकास कुमार का सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। उनके निधन से परिवार में मातम छा गया था। विकास कुमार के निधन के समय उन्हें दो पुत्र थे। विकास कुमार के मृत्यु के कारण दो पुत्र ने अपने पि?ता की छांव को खो दिया था लेकिन संतोष कुमार ने अंजनी से शादी कर उनकी परवरिश करने का वायदा किया है। संतोष कुमार व अंजनी कुमारी के विवाहोपरांत भाजपा प्रदेश नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत चन्द्रवँशी, महिला नेत्री कविता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता उमेश सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रदीप सिंह, त्रिवेणी सिंह सहित अन्य लोगों ने अपना अपना आशीर्वाद दिया।

### म्यूटेशन के नाम पर रुपए मांगने का आरोप

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिचौलियों के कथनानुसार ही कर्मी कार्य कर रहे है । आबुवा आवास ,मनरेगा,आवासीय, जाती, आय प्रमाण पत्र,जमीन म्यूटेशन , पीएम किसान सम्मान निधि योजना,ऑनलाइन रशीद कटवाने संबंधी अन्य योजनाओ में कई योग्य लाभुको ने लाभान्वित नही होने से नाराजगी जताते हुए नाम नही लिखने के शर्त में कहा की जब तक प्रखंड सह अंचल परिसर में कर्मियों को रुपए पैसे नही दिए जाते तब तक कोई कार्य नहीं होता है। रुपए के आभाव में कई गरीब परिवार के लोगों का टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में योजनाओ से लाभान्वित होने के लिए आते जाते न जाने कितनी जोड़ी चप्पल घिस गए लेकिन योजनाओ को लाभान्वित होने से असमर्थ हो गए। वही झरपो पंचायत अंतर्गत झरपो गांव निवासी संतोष साव पिता स्व.बासुदेव साव ने कर्मचारी मनीष कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा की मेरा जमीन जिसका खाता संख्या 195 प्लॉट संख्या 1104 रकवा 9 डी. थाना न.129 जो अपनी मां मो. कैलाश से दिनांक 21/9/2023 को खरीदगी केवाला लिए है तथा उपरोक्त जमीन का दाखिल खारिज म्यूटेशन के लिए झरपो पंचायत के राजस्व कर्मचारी मनीष कुमार को कई बार जमीन का कागजात पूर्ण देकर जमीन म्यूटेशन करने के लिए गुहार लगाए लेकिन बारंबार उन्होंने पच्चास हजार रुपए की मांग करता था । जबकि हमारे पास जमीन का पूर्ण कागजात के बावजूद भी मुझे पैसा का मांग करता है नही देने पर कर्मचारी मनीष कहता है की तुमको जहां जाना है जाओ जब तक मुझे 50000/- रुपए नही दोगे तब तक प्रखंड सह अंचल कार्यालय दौड़ा दौड़ा कर परेशान करते रहेंगे यहां सभी को पैसे देते है तभी काम होता है । इस समस्या समाधान को लेकर हमने कई बार प्रखंड सह अंचल कार्यालय बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज को लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दिया गया है लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। अब मैं उपायुक्त,सदर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय को आवेदन देकर गुहार लगाएंगे।

### आजसू युवा पंचायत कमेटी का गठन

बड़कागांव ।आजसू पार्टी यूवा मोर्चा पंचायत स्तरीय बैठक पंचायत सिंदवारी पंचायत भवन में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता आजसू युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नारायण प्रसाद एवं संचालक डाडी पंचायत प्रभारी रंजीत महतो ने किया। बैठक में आजसू पार्टी युवा मोर्चा का पंचायत कमिटी गठन किया गया। जिसमे सर्व समिति से आजसू युवा मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुमार कुशवाहा, सचिव मोहित कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष राज वर्मा एवं उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार का चयन किया गया। मौके पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने एक स्वर में कहां की पार्टी ने जो दायित्व दिया है वह ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करने का काम करूंगा। वहीं मौके पर उपस्थित युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नारायण महतो सचिव पप्पू प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा कि बड़कागांव विधानसभा में बदलाव का बयार बह चुका है और विधानसभा चुनाव में प्रचंड मतों से आजसू पार्टी के रौशन लाल चौधरी को जीताने के लिए जनता तैयार हो रही है। बैठक में पप्पू प्रसाद, संतोष कुमार, पंडित,महेंद्र कुमार वर्मा, मिंटू कुमार कुमार, छोटू कुमार, चन्दन कुमार गोबिंद महतो,उज्वल कुमार, रितेश कुमार रंजू देवी, अनीता देवी,रेखा देवी,पूनम देवी के अलावा दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भजन संध्या का आयोजन



**कोडरमा।** बिजली ऑफिस कॉलोनी में अधिवक्ता ऋतम कुमारी के आवास पर गुप्त नवरात्रि महाष्मी के उपलक्ष्य में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जहां कोडरमा के स्वर संगम मियूजिकल ग्रूप के गायक दीपक सिंह, रंधीर कलाकार, संजीत भारती, राकेश सिंह व राजलक्ष्मी ने एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को झूमने अपर मजबूर कर दिया। वहीं साज पर इनका साथ विवेक सिंह, शशि चंदेल, मिलन चक्रवर्ती, मंच संचालन सुधीर पांडेय ज्योत दरबार का सजावट आकाश भारती ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील प्रसाद, विजय कुमार सिंह, प्रिंस कुमार शर्मा, मोतीलाल सिन्हा, रघुवीर सिंह, संतोष कर्ण, सुनील कुमार, आलोक सिन्हा, गौतम कर्ण, विक्रम कुमार, वैभव कुमार, विभु अमर कर्ण, प्रिंस कुमार सन्नी कर्ण समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### लायंस क्लब ने बाटें पौधे



**कोडरमा।** लायंस क्लब के सदस्यों ने तिलैया बस्ती में कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डालने का कार्यक्रम किया। बताते चलें की लायंस क्लब झुमरीतलैया विगत 16 सालों से इस ग्राम में ब्लीचिंग पाउडर डालकर कुओं का शुद्धिकरण करता आया है, क्योंकि पहली बार जब यहां भयंकर डायरिया फैला था तब लायंस क्लब के डॉक्टर एवं सदस्यों ने आकर दवा एवं सलाइन चला कर लोगों की जान बचाई थी। वहीं इस संबंध में बताते हुए गांव के प्रकाश आंबेडकर कहते हैं कि हमारा गांव डायरिया से पूर्णतया मुक्त हो चुका है। गांव वाले अब प्रतिवर्ष लायंस क्लब के आने का इंतजार करते रहते हैं। साथ ही साथ गांव के लोगों के बीच 100 पौधों का वितरण किया गया। जिसमें जामुन, अमरूद, आम, शिशाम, छटवां, करंज एवं अर्जुन के पौधे बांटे गए। कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डालने के कार्यक्रम को लायंस क्लब ऑफ झुमरीतिलैया अपना सिग्नेचर प्रोजेक्ट मानता है। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब के जिला चेयरपर्सन गजेंद्र राम, डॉ.सुजीत कुमार राज एवं रीजन चेयरपर्सन सुजीत कुमार अम्बष्ट आदि लोग मौजूद थे।

### संघर्ष दिव्यांग संघ की बैठक संपन्न, 13 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा



**कोडरमा।** जिला संघर्ष दिव्यांग संघ की मासिक बैठक सभी सक्रिय पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा बागीटांड स्टेडियम में की गई। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार रवि एवं संचालन पंकज पंडित ने किया। बैठक में आजादी अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए अगस्त महीने में संघ की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा निकालने पर विचार हुआ एवं संघ की रजिस्ट्रेशन करवाने पर विचार विमर्श के साथ चर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व निर्धारित रोड मैप के अनुसार आगामी 13 अगस्त को झुमरीतिलैया के सुभाष चौक, झंडा चौक, गांधी चौक कोडरमा, डोमचांच ढाब रोड, महेशपुर चौक होते हुए डोमचांच शहीद चौक तक तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। संघ अपील करती है कि इस तिरंगा यात्रा में सभी वर्ग के लोग बढ़चढ़ कर भाग लें और देश के प्रति लोगों में देशभक्ति की भावना उत्पन्न हो। बैठक में अध्यक्ष योगेंद्र कुमार पंडित, अजय यादव, ओमप्रकाश राम, मो.असलम, सरयू साव, आलोक कुमार, फागू दास, दुर्गी दास, दीपक मेहता, पिंटू राणा, बंसी मेहता, मुख्तार अंसारी, बासुदेव साव, विक्की शर्मा, गौतम कुमार राणा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### गौरव राय एमएसएम एकेडमी के मेधावी बच्चियों को साइकिल व पढ़ाई से जुड़ी सामान देंगे



**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू एकेडमी डोमचांच में कोरोना काल में ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध बिहार के गौरव राय का आगमन हुआ। श्री राय धनबाद जाने के दौरान विद्यालय के निदेशक रजनीश शर्मा से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की तीन मेधावी बच्चियों से मिले और अपनी ओर से उन मेधावी बच्चियों प्राची, अमीषा और गुंजन को साइकिल देने की घोषणा की। जिसकी अनुशंसा विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा की गई। यह तीनों छात्राएं पढ़ने में काफी मेधावी हैं, जो काफी दूर से विद्यालय आतीं हैं। इसके अलावा श्री राय ने विद्यालय में बच्चियों की संख्या को देखते हुए अगले माह सैनिटरी पैड, वेंडिंग मशीन भी अपने ओर से उपलब्ध कराने व तीनों को साइकिल अगस्त के प्रथम माह में उपलब्ध कराने का वादा किया। साथ ही तीनों बच्चियों को को एक साल के लिए पढ़ाई से संबंधित जरूरत का सामान उपलब्ध कराने का वादा भी किया। वहीं प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से तीनों बच्चियों की फीस भी माफ की गई है।

### मुहर्रम त्योहार को लेकर चंदवारा में शांति समिति की बैठक

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर सीओ अशोक कुमार भारती की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वहीं अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती ने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा अपने अपने निर्धारित रूट से ही ताजिया को लेकर जायेंगे और कोई घातक करतब या खेल नहीं खेलेंगे, जिससे की जान माल को क्षति पहुंचे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी द्वारा लगातार सोशल मीडिया समूहों पर नजर रखी जायेगी। सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। वही सभी ने सौहार्दपूर्ण वातारण में मिलजुल कर त्योहार मनाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के सभी अखाड़ों के लाइशेंस धारी व एएसआई विद्या भूषण राय, दिलीप मंडल जनप्रतिनिधि व पुलिस कर्मी उपस्थित थे। मौके पर लक्ष्मण प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, राजकुमार यादव, पुष्पा देवी, मनोज पासवान, संतोष कुशवाहा, धनंजय सिंह, महेश मोदी, मो. अनवर, मो.सलाउद्दीन, मो.शमीम, मो.चुलन आदि मौजूद थे।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिद्धौर।** थाना परिसर में मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने की और संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मोहर्रम पर्व हर साल की तरह इस साल भी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और असामाजिक पोस्ट करने वालों और अश्लील गाना बजाने वालों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## कोडरमा : राष्ट्रीय लोक अदालत में 13445 वादों का किया गया निष्पादन

# 14 करोड़ 73 लाख 18 हजार 307 रुपये राजस्व की वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा बाल कृष्ण तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं प्रधान जिला जज ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों के समय एवं पैंसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। उन्होंने सभी विभाग के पदाकिारियों से अकि से अकि मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। वहीं जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है। इसके लिए यहां के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि लोक अदालत आज के समय में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है। वहीं श्री मीणा ने कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए जिला प्रशासन हमेशा सक्रिय रूप से सहयोग करने को तत्पर है। वहीं उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से समाज के लोगों को सस्ता, सुलभ



एवं सरल तरीके से न्याय मिलता है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा एवं सचिव मनीष कुमार सिंह ने प्राधिकार के सभी कार्यकर्मो में अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया।

**9 बेंचो का किया गया गठन**

राष्ट्रीय लोक अदालत में 9 बेंचो का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में प्रधान जज कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या दो में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, अधिवक्ता टीनू कुमारी, बेंच संख्या तीन में जिला जज तृतीय संजय कुमार चौधरी, अविक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या चार में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या पांच में अपर मुख्यन्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता संगीता रानी, बेंच संख्या छह में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया एवं अधिवक्ता शांति कुमारी, बेंच संख्या सात में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष आरके तिवारी, सदस्य ममता सिंह, बेंच संख्या आठ में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता रीतम कुमारी एवं बेंच संख्या नौ में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, सदस्य शिल्पी चटर्जी व अविक्ता किर्ती कुमारी ने मामले की सुनवाई की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल नौ बेंचो के माध्यम से कुल 13445 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमे लंबित वादों की संख्या 1404 तथा प्री-लिटिगेशन के 12041 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है जबकि विभिन्न विभागों से कुल 14,73,18,307 (चौदह करोड़ तिहत्तर लाख अठारह हजार तीन सौ सात) रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर अनुमंडल न्यायिक पदाकिारी कंचन टोप्पो, मुंसिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय, नमिता मिंज, कोडरमा के पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोतम कुमार सिंह, एलडीएम निवास कुमार, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबांक वन विभाग, उत्पाद विभाग, विुत विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, राजीव कुमार, अजीत कुमार, विकाश कुमार, रविन्द्र कुमार, अनील सिंह, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, मुंगालाल दास, कुमार संजय, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, सहित भारी संख्या में अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार मौजूद थे।

## केटीपीएस से प्रदूषण बढ़ा, विस्थापितों को नहीं मिली सुविधा

# भाजपा नेता सुरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**प्रभावित इलाके में सुविधा देने की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के बांझेडीह में थर्मल पावर प्लांट शुरू हुए कई साल हो गए। मगर विस्थापित परिवारों के साथ ही इलाके को मूलभूत सुविधा नहीं मिल पायी है। नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से अवशिष्ट और गंदे पानी को आम लोगों की रैयती कृषि युक्त भूमि को बर्बाद होने के लिए छोड़ दिया है। भाजपा नेता और प्रदेश किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने उक्त मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक कार्यवायी करने की मांग की है। श्री मोदी ने रविवार को कोडरमा स्थित होटल सेलेब्रेशन में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि केटीपीएस के प्रदूषण के कारण आसपास के 15 किलोमीटर परिधि के क्षेत्र के लोग प्रभावित हैं और आठ पंचायत (करियावां, हिरोडीह, कन्द्रहपड़ी, तमाम, बिरसोडीह, कांको, पिपराडीह व चंदवारा पूर्वी) के लगभग 40 गांव के लोग सीधा-सीधा प्रभावित हैं। जिनकी जमीन भी प्लांट निर्माण में गई है, उन्हें प्रभावित क्षेत्र की सूची में केटीपीएस द्वारा शामिल भी किया गया है, जहां प्रदूषण घर की छतों सड़कों और जमीन पर देखने को मिलेगी। इसे रोकने के लिए इन क्षेत्रों में हर तरफ सघन वृक्षारोपण करवाया जाना था, जिसे मात्र 5-6 गांव में जहां-तहां करवाकर इतिश्री कर दिया है। उन्होंने कहा कि केटीपीएस प्लांट



के चारों ओर आवागमन हेतु सड़कों का बहुत ही बुरा हाल है, एस पौंड की ढुलाई लोगों के आने-जाने के रास्ते से ही कराई जाती है, अलग से कोई रास्ता नहीं बनाया गया है और बार-बार खुली व बड़ी गाड़ियों के आवाजाही के कारण सड़क कई जगह टूट गई है और सड़कों पर छाई गिरकर उड़ता रहता है। छाई के कारण यहां के लोगों को अस्थमा, दमा, फेफड़ा जनित रोग व आंखों की बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है।

**स्थानीयता को प्राथमिकता दिए बगैर बहुतायत में बाहरी लोग कर रहे हैं कार्य**

केटीपीएस स्थापना के समय 2006-07 में तात्कालिक केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने 15 किलोमीटर की परिधि में आने वाले लोगों को केटीपीएस के प्रभावित क्षेत्र की श्रेणी में माने जाने की बात कही थी तथा उनके लिए बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत चीजे मुफ्त में मुहैया कराने की बात कही गई थी जिस पर अभी तक कोई अमल नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केटीपीएस में श्रमिकों की बहाली बड़े पैमाने पर हुई है, जिसमें 40 प्रतिशत स्थानीय लोगों का होना था परंतु लोगों के सीधापन का नाजायज लाभ लेते हुए 40 प्रतिशत अकुशल श्रमिक की बहाली की गई थी, जिसमें स्थानीयता को प्राथमिकता दिए बगैर बहुतायत में बाहरी लोगों से पैसा और पैरबी के बल पर बहाली की गई है। कोरोना काल के बाद से सीएसआर फंड का स्थानीय उपायुक्त द्वारा उनकी मर्जी से किए जाने के कारण अब यह एक नियम बन गया है और सारा फंड का खर्च उपायुक्त कोडरमा के निर्देश पर उनके इच्छानुसार आज भी होता है। पूर्व में इसके लिए एक समिति बनाई गई थी, जिसके सदस्य स्थानीय पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, विधायक व सांसद सहित स्थानीय उपायुक्त व प्रोजेक्ट मैनेजर हुआ करते थे, अब इस समिति को समाप्त कर दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में केटीपीएस द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कदम आज तक नहीं उठाया गया है।

**चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों के अभाव में अस्पताल बंद**

केटीपीएस परिसर के अंदर अस्पताल का निर्माण भी किया गया है, परंतु चिकित्सकों तथा चिकित्सा कर्मियों के अभाव में बंद पड़ा है। एस पौंड से रिसाव होने वाला पानी के कारण सैकड़ो एकड़ रैयति भूमि में खेती नहीं हो पाता है तथा एक नई किस्म की बड़ी-बड़ी घास जमीन में उग आई है और उपजाऊ जमीन बंजर हो गई है। उन्होंने पत्र में कहा है कि यहां से उत्पादित बिजली का आवंटन यहां के स्थानीय, विस्थापित, प्रभावित क्षेत्र के लोगों को केटीपीएस द्वारा निःशुल्क करवाने की आवश्यकता है। वहीं भाजपा नेता सुरेंद्र भाई मोदी ने विभिन्न बिंदुओं पर गहन जांच पड़ताल करवा कर स्थानीय लोगों की पीड़ा को समझते हुए जनहित में केटीपीएस द्वारा बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत चीजों को मुहैया करवाने की मांग की है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता सकलदेव सिंह, चन्दन कुमार, शशिकांत प्रसाद, संतोष साव, रामकुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### इटखोरी में मोहर्रम के लिए शांति समिति की बैठक



**इटखोरी।** इटखोरी थाना क्षेत्र में मोहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ सह प्रभार सीओ सोमनाथ बांकिरा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एसआई विजय सिंह, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए। बीडीओ ने बैठक में शामिल लोगों से मुहर्रम पर्व को शांति पूर्वक मनाने की अपील की तथा सभी से सुझाव भी लिया। बैठक में अफवाहों से बचने और किसी भी तरह की सूचना तुरंत प्रशासन को देने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि मुहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और चिन्हित जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में पूर्व से ही शांतिपूर्वक पूर्व मनाते रहे हैं कभी भी कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी है आशा है कि इस वर्ष भी शांति पूर्वक पूर्व मनाया जायेगा।

### टंडवा एनटीपीसी पावर प्लांट के विस्थापित गांवों की दयनीय दशा



**चतरा।** टंडवा में संचालित एनटीपीसी पावर प्लांट के विस्थापित गांवों की दशा दयनीय है।बारिश के मौसम में कागजी विकास का पोल खुल गया है। गाडिलौंग पंचायत शहीद चौक स्थित पंडा मोहल्ला सड़क की स्थिति बहुत खराब है। सड़क और नाली नहीं होने से स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। जलजमाव और कीचड़ के कारण लोगों का इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। घरों का गंदा पानी भी सड़क पर बहता है, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को परेशानी होती है। बरसात के मौसम में आसपास के लोगों में बीमारी का डर भी है। ग्रामीणों की मांग पर गाडिलौंग मुखिया सबिदा खातून ने पिछले साल नवंबर में टंडवा एनटीपीसी प्रबंधन को सड़क और नाली बनाने की सिफारिश की थी, लेकिन 8 महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों में एनटीपीसी के प्रति आक्रोश है।

### हाईटेक कंप्यूटर कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन



**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर उप प्रमुख दामोदर गोप भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू और मुखिया सुधीर सिंह ने संयुक्त रूप से हाईटेक कंप्यूटर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया। यह कंप्यूटर कोचिंग सेंटर लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है। जिसमें गरीब एवं असमर्थ बच्चियों को कंप्यूटर कोर्स कराएगी। पहली बैच में कुल 50 बच्चियों को छह माह का कोर्स नि:शुल्क कराया जाएगा। वहीं दूसरी पाली में भी 50 बच्चियों को छह माह का कोर्स कराया जाएगा। इस तरह एक वर्ष में एक सौ बच्चियों को दो बैच में कोर्स कराया जाएगा। जबकि कंप्यूटर कोर्स हाइटेक कंप्यूटर कोचिंग एकेडमी के संचालक अंकित कुमार साहू द्वारा कराया जाएगा। जिसमें बच्चों से किसी प्रकार का कोचिंग फीस नहीं लिया जाएगा। कोचिंग का खर्च लोकप्रेरणा केंद्र द्वारा वहन किया जाएगा। हालांकि गरीब बच्चियों को नि:शुल्क लोकप्रेरणा केंद्र द्वारा दशवी की शिक्षा भी दी जाएगी। उप प्रमुख दामोदर गोप ने बताया कि यदि गरीब बच्चियों को कंप्यूटर कोर्स लोकप्रेरणा केंद्र द्वारा कराया जाता है तो बच्चियों के लिए सुनहरा अवसर है। कंप्यूटर का शिक्षा पा कर कहीं भी ऑफिस में काम करने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर लोक प्रेरणा केंद्र के अध्यक्ष अधीन महतो, सचिव मौसमी बाखला, रंजित सिंह, प्रतिमा देवी, अनिता मिश्रा के अलावे दर्जनों बच्चियां शामिल थे।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर रविवार को थाना परिसर में बीडीओ सौरव कुमार की अध्यक्षता में शांति-समिति की बैठक आयोजित की गयी। जबकि संचालन थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने की। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ सौरव कुमार ने कहा कि हर पर्व व त्योहार हमें शांति का संदेश देता है। वहीं उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने कहा कि किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। अफवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि उसपर त्वरित कार्रवाई की जा सके। मौके पर एसआई कार्तिक सिंह मुंडा, एएसआई.दिनेश मुर्मुर, अनिल यादव, मनोज निराला, रामावतार चौरी, मंटू चौधरी, नंदलाल साव, मो.नईम मियां, तारणी सिंह, मो.इरशाद, अजहर रवानी समेत कई लोग मौजूद थे।

## एसडीओ की सख्ती के बाद भी जारी है जहरीले राख की ढुलाई, कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के टंडवा एनटीपीसी प्लांट से जहरीले राख की ढुलाई निर्धारित मानकों को दरकिनार कर बेधड़क जारी है, जिससे आम-आवाम परेशान है। सिमरिया एसडीओ के निदेर्शों को ठेंगा दिखाते हुए दिन में खुलेआम जहरीले राख का ढुलाई जारी है। एसडीओ की सख्ती के बाद भी एनटीपीसी के संबंधित अधिकारी और ट्रांसपोटरों की मिलीभगत से इन दिनों दिन के उजाले में बेधड़क ओवरलोडिंग जहरीला राख का ढुलाई का आरोप है। जहरीला राख ओवरलोडिंग ढुलाई पर परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण ट्रांसपोर्टरो को फायदा हो रहा है, लेकिन सड़क किनारे बसे लोगों का जीवन नर्क



बन गया है। राहगीरों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर खतरा सता रहा है। रांची परिवहन विभाग ने जहरीले राख ओवरलोडिंग ढुलाई मामले में आधा दर्जन से अधिक हाइवा और ट्रकों पर लाखों रुपये का जुमार्ना लगाया है, लेकिन चतरा विभाग अभी भी इस मामले में उदासीन है। प्रदूषण निजात संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने रिटोरिक कंपनी, सौरभ सागर, मोदी कंपनी, एम इंफ्रा कंपनी और नौकर कंपनी द्वारा नियम विरुद्ध ढुलाई पर एनजीटी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### मुहर्रम को लेकर डोमचांच थाना में शांति समिति की बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को शांति और सौहार्द्य वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य शांति प्रिया मौजूद रहीं। बैठक में थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि जुलुस तय रुट से ही निकलेगा, जुलूस में 20 वॉलंटियर रहेंगे। सोशल मीडिया की मोनिटरिंग के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है, इसलिए सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें, बिना पुख्ता जानकारी और बिना सबूत के कोई भी पोस्ट न करें, जिससे शांति और सौहार्द्य बिगड़े। किसी भी प्रकार का घातक खेल नही खेलें।

## आजादी के बाद मोहनपुर व धरतीमांडर गांव में पीसीसी पथ का मिला स्वीकृति, ग्रामीणों ने हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर और धरती मांडर (आदिम जनजाति) गांव को आजादी के बाद पहली बार पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति मिली है। कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु के प्रयासों से लगभग दो किलोमीटर लंबे पथ का निर्माण होगा। यह पथ कुंदा से मेदवाडीह जाने वाली कालीकरण मुख्य पथ से मोहनपुर, धरतीमांडर और कुशुम्भा गांव तक बनेगा। सड़क बनने से चार गांवों के करीब चार हजार परिवारों को आवागमन में सुविधा होगी। फिलहाल, गांव तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क है, जिससे बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता है। प्रसव महिलाओं और बीमार लोगों को मुख्य सड़क तक लाने में परेशानी होती है। स्कूली बच्चों को भी स्कूल पहुंचने में खतरा बना रहता है। ग्रामीण खेती-बारी पर निर्भर हैं और सब्जी उगाकर अपना भरण-पोषण करते हैं। सड़क सुविधा नहीं होने से बाहरी व्यापारी गांव नहीं आते और बरसात में सड़क कीचड़मय हो जाती है।

**जिला प्रशासन व मुखिया लोगों ने जताया आभार**


मोहनपुर, धरतीमांडर और कुशुम्भा गांव



के लोगों ने गांव में पीसीसी पथ की स्वीकृति मिलने पर जिला प्रशासन और कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुखिया ने बताया कि पंचायत में अधिकांश सड़कें कच्ची हैं और उन्होंने पंचायत क्षेत्र में 12 पक्की सड़कें बनाने की स्वीकृति के लिए कई बार चतरा उपायुक्त, मंत्री और सांसद को पत्र लिखकर मांग की है। मांझीपारा, मुस्टंगवा, बैरियाचक, टिकुलिया, खैरा, धरती मांडर, मेदवाडीह स्थित टोला हथियापथल, सरैयडीह, नकटीमांडर, टिकैतबांध, अखरा गांव सहित कई गांवों में सड़क निर्माण की मांग की गई थी। इनमें से तीन सड़कें कुंदा मुख्य पथ से खैरा, मेदवाडीह गांव के टोला हथियापथल और बैरियाचक मुख्य पथ से गांव तक बन चुकी हैं। टेढ़ीबर से मोहनपुर, धरती मांडर और कुशुम्भा गांव को जोड़ने वाली सड़क की स्वीकृति मिल गई है और जल्द ही गांव में सड़क बन जाएगी। मुखिया ने यह भी बताया कि उन्होंने कई गांवों में अपने निजी खर्च से कच्ची सड़कों को ठीक करवाया है और पक्की सड़कें बनवाने के लिए प्रयासरत हैं।

स्पीड न्यूज

## राजद नेता सनाउल्लाह अंसारी सपुर्द ए खाक



**जमशेदपुर।** राजद के वरिष्ठ नेता, मानगो मुंशी मुहल्लाह मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के झारखण्ड उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी (81) रविवार को बाद नमाज जोहर साकची कब्रिस्तान मे सपुर्दे खाक किये गये। वे तड़के तीन बजे स्वर्गवास हुए। कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। जनाजे की नमाज साकची आमबगान ईदगाह मे अदा की गई। मय्यत को मिट्टी देने के पश्चात, मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं की गयीं। जनाजे में डा मो रेयाज, डा मोहम्मद जकरिया, मुमताज शारिक, प्रो जावेद अख्तर अंसारी, सगीर अंसारी, अशफाक आलम, नसीम अंसारी, बाबर खान, रेयाज शरीफ, खुर्शीद एकराम अंसारी व काफी लोग उपस्थित थे।

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं : मंगल

**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा छोटा गोविंदपुर के पटेल भवन में एकदिवसीय बूथ सम्मेलन के तेहत अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कार्यक्रम में काफी संख्या में क्षेत्र के बुद्धिजीवी भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा की कार्यकर्ता मकान की नींव की तरह होते हैं, जो मकान को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। मौके पर जिप सदस्य परितोष कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, सीपीआई के शिभाधार विश्वकर्मा, राष्ट्रीय जनता दल के अरविंद ठाकुर जी, आम आदमी पार्टी के बलराम,मनोज यादव, प्रकाश दुबे,सुनील सिंह, विकास कुमार, सत्यम सिंह ,आनंद मिश्रा, संतोष यादव उपस्थित थे।

## भाजमो ने वृद्धा पेंशन के 321 प्रमाण पत्र बांटे

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ी सरयू राय के निर्देश पर रविवार को बारीडीह विधानसभा कार्यालय में कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में और भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा के सहयोग से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की 321 स्वीकृति प्रमाण पत्र (50 से 59 आयु वर्ग तक) का वितरण किया गया।

## लोगों को उजड़ने नहीं देगी आप : अभिषेक

**जमशेदपुर।** रविवार को आम आदमी पार्टी की महानगर इकाई अपने अध्यक्ष अभिषेक कुमार जी के नेतृत्व में नदी तट पर बसे बस्तियों का दौरा कर सभी लोगों को आश्वासन दिया और कहा ये हाथ पर हाथ धर कर बैठने का नहीं लड़ने का वक्त हैं। आम आदमी पार्टी की जमशेदपुर महानगर टीम ने कल्याण नगर, चंडी नगर, ग्वाला बस्ती आदि बस्तियों का दौरा किया। विदित हो कि जमशेदपुर में स्वर्ण रेखा नदी के तट पर बसे मकानो को तोड़ने का नोटिस सरकार की तरफ से वहां रह रहे लोगों को दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ग्राम न्यायालय से जनता को मिल सकेगा त्वरित न्याय : न्यायमूर्ति षाडंगी

- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया ग्राम न्यायालय, बहरागोड़ा का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रखंड मुख्यालय बहरागोड़ा में स्थित ग्राम न्यायालय, बहरागोड़ा का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति डॉ. बिद्युत रंजन षरंगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय माननीय न्यायमूर्ति सुजीत कुमार प्रसाद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनिल कुमार मिश्रा तथा अन्य न्यायमूर्तिगण की रही। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, बार काउंसिल के पदाधिकारी तथा सदस्यगण व न्यायपालिका के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत केजीबीवी बहरागोड़ा की छात्राओं ने स्वागत गान के साथ किया। कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

न्यायमूर्ति डॉ बिद्युत रंजन षरंगी ने कहा कि ग्राम न्यायालय का उद्घाटन आम जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक कदम है । उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को लागू करने का मुख्य उद्देश्य यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से न्याय उपलब्ध कराना है। वैसे व्यक्ति जो घाटशिला या जमशेदपुर जाने में सक्षम नहीं है वे ग्राम न्यायालय से न्याय पा सकते हैं। दीवानी तथा फौजदारी में दो वर्ष तक की सजा वाले मुकदमों की सुनवाई ग्राम न्यायालय में ही होगी। इसके लिए अब लोगों को अनुमंडल या जिला न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना होगा। यह न्यायालय 15 जुलाई से ही काम शुरू कर देगी।



ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करते मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डा. बिद्युत रंजन षाडंगी। साथ में न्यायमूर्ति सुजीत प्रसाद और प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा।

न्यायमूर्ति सुजीत कुमार प्रसाद ने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा यह कदम उठाया गया जिससे कि आपके घर में न्यायिक प्रक्रिया सुलभ कराया जाए। 2008 में एक्ट पारित हुआ तथा 2009 के अक्टूबर में लागू हुआ जिसके पीछे उद्देश्य था कि स्थानीय स्तर के मुकदमों को कैसे स्थानीय स्तर पर ही निष्पादन किया जाए जिससे लोगों का ज्यादा समय कोर्ट कटहरी के चक्कर में व्यर्थ नहीं करना पड़े और परिवार, समाज के उत्थान में वे अपना समय दें। दो साल से कम की सजा वाले मुकदमों की सुनवाई होगी । उम्मीद है कि यहां के 26 पंचायत के लोग इस ग्राम न्यायालय से पूरी तरह लाभान्वित होंगे।

मौके पर माननीय न्यायमूर्तिगण द्वारा सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन लाभुक तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, वन पट्टा, केसीसी, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज आदि के लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। साथ ही नशापान मुक्ति को लेकर ग्रामीणों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई गई। उन्होने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी सह ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग समेत जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड प्रशासन, स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# आजसू पार्टी झारखंड की खोयी अस्मिता लौटायेगी: सुदेश महतो

- ईंचागढ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में बोले आजसू सुप्रीमो
- मिशन 2024 की शुरुआत ईचागढ़ विधानसभा से करने की घोषणा की

**खबर मन्त्र टीम**

**चांडिल।** राज्य की खोयी अस्मिता को लौटाने और जनता के साथ विश्वास के संबंध को मजबूत बनाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व है। आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वहन में दिन-रात मेहनत करें।

उक्त बातें आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने चांडिल के भादुडीह में आयोजित ईंचागढ़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हम मिशन 2024 की शुरूआत आज ईंचागढ़ से कर रहे हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति और जनादेश हमें दायित्व का बोध कराता है। पार्टी कार्यकर्ता अपने दायित्वों को समझें और जनता के बीच रहकर जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 200 यूनिट बिजली मुफ्त का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार निर्बाध बिजली देने में असफल है। गांव के लोग बिजली व्यवस्था से त्रस्त हैं। ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उसे बदलने में महिनों लग जाते हैं। यह राज्य में व्याप्त कुव्यवस्था का एक नजारा है। उन्होंने कहा हरेलाल बाबु निस्वार्थ भाव से ईंचागढ की जनता का सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमने चांडिल डैम स्वर्णरेखा परियोजना को केन्द्र की योजना में शामिल कराया।





सम्मेलन को संबोधित करते अध्यक्ष सुदेश महतो और कार्यक्रम में उपस्थित आजसू समर्थक।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद**

आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहीस, महासचिव हरेलाल महतो, रविशंकर मौर्य, सुनिल सिंह, सत्यानारायण महतो, शुषेण महतो, मांझी साव (अशोक), सचिन महतो, आरती सिंह, अशित सिंह पातर, गोपेश महतो, मनोरंजन ठाकुर, बादल महतो, दुर्योधन गोप, अरुण महतो, कल्लु अंसारी , जिला महासचिव बुधेस्वर महतो, बैद्यनाथ महतो, योगेंद्र महतो, बिजय मोदक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 133वें डूरंड कप 2024 की तैयारियों के लिए जमशेदपुर पहुंचे मैन ऑफ स्टील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी आगामी 133वें डूरंड कप 2024 की तैयारियों के कमर कस चुकी है. मेन ऑफ स्टील सोमवार, 15 जुलाई को फ्लैटलेट्स ट्रेनिंग ग्राउंड में अपने प्री-सीजन की शुरूआत करने के लिए जमशेदपुर पहुंचे हैं। प्रमुख खिलाड़ियों के आगमन से डूरंड कप की ओर एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत होती है। जमशेदपुर में पहले से ही पहुंचे खिलाड़ियों में श्रीकुट्टन वीएस, एसके साहिल, एल्बिनो गोम्स, इमरान खान, मोहम्मद सनन, मुइरंग, निखिल बारला, विशाल यादव, मोहित सिंह धामी, आयुष जेना, मोहम्मद उवैस और प्रतीक चौधरी शामिल हैं। उनकी उपस्थिति हेड कोच खालिद जमील के मार्गदर्शन में कड़ी ट्रेनिंग और रणनीतिक योजना के प्रति टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। खालिद जमील नियमित रूप से जेएसए लीग मैचों में भाग ले रहे हैं और प्रतिभाओं का बारीकी से निरीक्षण और खोज कर रहे हैं, जहां वह सभी खिलाड़ियों पर गहरी नजर रखते हैं।



## कदमा गांधी बस्ती टीम बनी बस्ती यूथ प्रीमियर लीग की विजेता

- बिरसा युवा मंच ने किया था आयोजन, विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 रुपये नकद इनाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में बिरसा युवा मंच के संस्थापक राजीव रंजन सिंह (सेवानिवृत आईपीएस सह भाजपा नेता) के नेतृत्व में बिरसा युवा मंच के द्वारा जमशेदपुर के पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्ती के युवाओं के लिए पहली बार बस्ती यूथ प्रीमियर लीग के नाम से एक भव्य तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का सोनारी एयरपोर्ट के सामने स्थित क्रिस्टियन मैदान में समापन किया गया। कार्यक्रम में सम्मनित अतिथि शंभू सिंह झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष, सेवानिवृत डीएसपी अरविंद कुमार, जिप सदस्य कविता परमार, रिटायर्ड सेल टैक्स आयुक्त सीताराम, अख्तर इमाम, मिराज खान, राजकुमार सिंह, पारसनाथ मिश्रा, सरदार सोमू, कृष्ण कुमार, मनोज सिंह, सऊद, टाटा स्टील से अरूण सिंह, प्रांतिक दास, ओंकारनाथ सिंह भी मौजूद थे।



विजेता टीम को ट्रॉफी देते पूर्व डीआइजी राजीवरंजन सिंह व अन्य अतिथिगण।

## स्वर्णरिखा नदी की तलहटी में बने 150 अवैध घरों को उजड़ने नहीं देंगे : सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कल्याण नगर, इंदिरा नगर के करीब डेढ़ सौ घरों को तोड़ने का निर्देश संबंधी नोटिस दिए जाने के आलोक में रविवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने भुइयांडीह क्षेत्र के कल्याण नगर और इंदिरा नगर के सभी बस्तीवासियों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा भी मौजूद रहे। सांसद विद्युत महतो ने बस्तीवासियों के संग लंबी चर्चा की और वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी ली। सांसद विद्युत महतो ने जिला उपायुक्त से फोन पर बात कर मामले पर तकनीकी पहलू की भी जानकारी ली। उन्होंने जिला उपायुक्त से बस्ती के किसी एक घर को भी न तोड़ने और बेघर न करने की बात कही।



बस्तीवासियों से बात करते सांसद विद्युतबरण महतो।

## बंगभाषी समन्वय समिति का एक दिवसीय शिक्षक सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति की और से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सर्वप्रथम सभापति विकास मुखर्जी, महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष नेपाल चंद्र दास एवं विश्वजीत मंडल, कोषाध्यक्ष दिलीप महातो तथा पूर्व शिक्षक श्री मदन मोहन माहातो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा 91 वर्षीय शिक्षक श्री मदन मोहन माहातो जी को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य था, राज्य में बांग्ला भाषा का गौरवपूर्ण इतिहास और वर्तमान बांगला शिक्षा व्यवस्था पर चिंता और विस्तृत चर्चा।

## साढ़े चार साल से झामुमो-कांग्रेस कर रही है झूठ की खेती : दीपक प्रकाश

- संकल्प सभा में पोटका विधानसभा के कार्यकर्ताओं को भाजपा ने किया सम्मानित
- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा के सचेतक दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा पूरे प्रदेश में आयोजित की जा रही है। रविवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पोटका विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में पोटका स्थित त्रिपाठी भवन के सभागार में आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा के सचेतक दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो एवं पूर्व विधायक मेनका सरदार मुख्यरूप से शामिल हुए। समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। गत लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सबसे अधिक मत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पोटका विधानसभा के छह मंडलों के छह बूथों के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के साथ विधानसभा स्तर पर दस बूथों के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के सदस्यों को सादर सम्मानित कर आभार जताया गया। वहीं, राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक सुधांशु ओझा ने लोकसभा चुनाव में सांसद बिद्युत महतो की बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए पोटका विस के सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के प्रति आभार जताया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बूथ मजबूती के साथ पूरी तन्मयता से संगठन के कार्यों और जनता की समस्याओं पर संघर्ष का आह्वान किया। इससे पहले, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सांसद बिद्युत महतो एवं कार्यकर्ताओं के संग हाता चौक पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते दीपक प्रकाश। मंच पर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व सांसद बिद्युतबरण महतो।

## एक नजर में

### तुलसी जयंती समारोह में हनुमान रूप सज्जा संपन्न



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत रविवार, 14 जुलाई को श्री हनुमान रुप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ । कक्षा 1 से 3 तथा 4 से 6 तक के छात्र - छात्राओं के लिये दो वर्गो में सम्पन्न हुए इस आयोजन में नगर के 27 विद्यालयों के कुल 232 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये पूरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र मुनका, उपाध्यक्ष राम नंदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष विमल जालान, प्रकाश मेहता एवं साहित्य समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सर्वश्री डॉ यमुना तिवारी व्यथित, अनीता निधि, दिव्येंदु त्रिपाठी, शिखा अखौरी, राजेन्द्र साह राज, आरती श्रीवास्तव, माधुरी मिश्र, एवं नीलाम्बर चौधरी रहे।

### सीतारामडेरा उरांव समाज भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जमशेदपुर।** रविवार को सीतारामडेरा उरांव समाज भवन में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा आयोजित हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 236 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। इसी शिविर में विधवा पेंशन विद्धा पेंशन विकलांग पेंशन महिलाओं के लिए 50 वर्ष से 59 तक का फार्म भरवारा गया। शिविर में कुल पेंशन फॉर्म 90 भरवारा गया शिविर को संबोधित करते हुए डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगते रहना चाहिए। उन्होंने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हर सप्ताह करने हेतु साहू समाज को हर संभव प्रयास करने की बात कही। राकेश साहू ने बताया कि कई रोगियों का नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन 17 जुलाई बुधवार को दोपहर 11 उरांव समाज भवन से पूर्णिमा नेत्रालय अस्पताल ले जाकर कराया जायेगा। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ एस जे सिंह कैंप कोऑर्डिनेटर राजकुमार साह लैब टैक्नीशयन डॉ जमाली नेत्र जांच डॉ नीरज पटेल सी ईश्वरी मनीष राज कैंप ऑगेर्नाइजेशन फेफड़ा जांच (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच के डाक्टर थे।

### रिकार्ड बनाने पर दिग्विजय भारत को मिली उपाधि



**गम्हरिया।** संत कबीर सेवा संस्थान एवं संस्कारोदय अकादमिक विद्यालय, गम्हरिया के प्राचार्य सह निदेशक सतवाहिनी निवासी दिग्विजय भारत को पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई पीढ़ी की संस्कृति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने की दिशा मे बेहतर कार्य करने हेतु वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर 2024 खिताब से तथा डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी ने उन्हें यह सम्मान दिया। ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ दिग्विजय भारत ने अपने हरियाली थीम 'एक पेड़ आपके नाम' के तहत स्वंय हजारों पेड़ लगाया है तथा हजारों लोगों को इसके प्रति जागरूक कर वृक्षारोपण कराया है। डॉ दिग्विजय भारत को लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा में दिये गये समय को देखते हुए इन्हें इस फील्ड में गहन अनुभव के मद्देनजर उन्हें यह सम्मान दिया है।

### टुन्नू चौधरी के नेतृत्व में जयप्रकाश उद्यान में लगे पौधे

**आदित्यपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी के नेतृत्व में आज जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर मे पौधरोपण कार्यक्रम आहूत किया गया तथा पौधों को संरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया। श्री चौधरी ने कहा कि इस तरह के वृक्षारोपण कार्यक्रम आने वाले समय में आदित्यपुर के विभिन्न स्थानों पर चलाये जायेंगे। वहीं अतिथि दलमा रेंज के डीएफओ अभिषेक कुमार ने भी पौधारोपण किया। मौके पर टीएमयू के पूर्व सहायक सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय, बिहार में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित मनोरंजन राय, टीएमयू के कमेटी मेंबर गुंजन वर्मा, अजय ओझा, राकेश मिश्रा, मन्नु, नवीन पांडे, संतोष सिन्हा, उमेश सिंह, राजीव मोहन सिंह, संजय शर्मा, मनोज तिवारी, अशोक मिश्रा, अमित मिश्रा, अनुज सिंह, अमरनाथ सिंह, राकेश पांडे, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह, राजेश सहाय आदि उपस्थित थे।

### बलदेव बने कोल्हान प्रमंडल ड्राइवर महासंघ के संरक्षक



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य ड्राइवर महासंघ के तत्वाधान में आज प्रमंडल स्तरीय ड्राइवर महासंघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गुलशन करजी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनता दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह मेहरा ने शिरकत किया। मौके पर झारखंड ड्राइवर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन करजी ने संगठन की मजबूती के लिए कोल्हान प्रमंडल ड्राइवर महासंघ का संरक्षक बलदेव सिंह मेहरा को घोषित किया। समिति ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष गुलशन करजी ने वर्तमान समय में ड्राइवर संघ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया वर्तमान समय में कुछ राज्यों को छोड़कर पूरे देश में ड्राइवर पर हो रहे प्रतारणा, परेशानियां और उनकी समस्याओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

# अल्काराज लगातार दूसरी बार बने विंबलडन के बादशाह

## विंबलडन के फाइनल में अल्काराज ने जोकोविच को हराया, जीता चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब

एजेंसी

**लंदन।** 21 साल के कार्लोस अल्काराज ने इतिहास रच दिया है। स्पेन के इस स्टार खिलाड़ी ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच को विंबलडन फाइनल में शिकस्त देकर दूसरी बार ये खिताब अपने नाम किया है। विंबलडन में पिछले साल फाइनल में भी नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज आमने-सामने थे। लगभग 5 घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में आखिरकार बाजी अल्करेज के हाथ लगी थी। इस बार भी अल्काराज ने पिछले विंबलडन के फाइनल का नतीजा दोहराते हुए जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराया। ये अल्कारेज के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले कोर्लोस अल्कारेज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था। पिछले साल उन्होंने विंबलडन जीता था और इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। इसके साथ ही 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के लिए साल 2024 में खिताब का सूखा जारी है। मैच की शुरूआत से ही अल्कारेज जोकोविच पर हावी दिखे और इस दौरान जोकोविच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे। यही स्थिति दूसरे सेट में भी जारी रही। हालांकि, जोकोविच ने तीसरे सेट में वापसी करने की कोशिश की, और 4-5 से पिछड़ने के बाद अगला गेम जीतकर साबित कर दिया कि वे आसानी से हार नहीं मानने वाले हैं। उन्होंने तीसरे सेट का छठा गेम भी अपने नाम कर लिया, जिसके बाद तीसरा सेट टाई-ब्रेकर में चला गया।



जोकोविच ने टाई-ब्रेकर में भी 3-3 से गेम को बराबर करके युवा अल्कारेज को बहुत आसान जीत हासिल नहीं करने दी। हालांकि, तीनों सेट में अल्कारेज की निरंतरता देखने लायक थी और उन्होंने टाई-ब्रेकर को 7-4 से जीतकर विंबलडन का दूसरा खिताब अपने नाम किया। इस मैच में अल्कारेज ने बैकहैंड का भी शानदार इस्तेमाल करते हुए पेस जेनरेट की और जोकोविच को लगातार बैकफुट पर रखा। नोवाक जोकोविच ने 7 बार विंबलडन खिताब जीते हैं, वे 8वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से चूक गए। अगर वे ये खिताब जीत जाते तो विंबलडन के इतिहास में ऐसा करने वाले सबसे ज्यादा उम्र के खिलाड़ी भी बन जाते।

### जोकोविच पर हावी रहे अल्काराज

अल्काराज और जोकोविच के बीच खेला गया यह मुकाबला 2.27 घंटे चला। स्पेन के खिलाड़ी ने मैच की शुरूआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने शुरूआती दो सेट अपने नाम किए। इसके बाद तीसरे सेट में जोकोविच ने वापसी की, लेकिन वह मुकाबला अपने नाम नहीं कर पाए। फाइनल मैच का तीसरा सेट काफी रोमांचक रहा। अल्काराज 5-4 से आगे चल रहे थे, तभी जोकोविच ने जोरदार वापसी करते हुए सेट 6-6 से बराबर करते हुए टाई ब्रेक में पहुंचा दिया। हालांकि, एक बार फिर अल्काराज हावी हुए और 7-4 से सेट अपने नाम कर लिया। उन्होंने 7-6 से तीसरा सेट जीता और खिताब अपने नाम कर लिया।

## हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा ने आस्ट्रेलियाई जोड़ी को हराकर जीता विंबलडन मेंस डबल्स का खिताब

एजेंसी

**लंदन।** विंबलडन 2024 के डबल्स का खिताब ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी ने जीत लिया है। गैरवरीयता प्राप्त हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाए और फिर आस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर विंबलडन में पुरुष डबल्स फाइनल में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस जीत के बाद जहां आस्ट्रेलियाई जोड़ी मायूस नजर आई तो वहीं पैटन और हैरी की खूश का ठिकाना नहीं रहा।



हेलियोवारा विंबलडन डबल्स जीतने वाले पहले फिनिश पुरुष बन गए और जब उन्होंने और पैटन ने अपना दूसरा मैच प्वाइंट बदला तो वे अपने घुटनों पर गिरकर रोने लगे। इसके बाद उन्होंने अपने साथी के कंधे पर अपना सिर रख दिया। हेलियोवारा ने कहा कि आंसू सब कुछ कह देते हैं। यह बहुत भावनात्मक है। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश पुरुष हैं

## सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने जीता विंबलडन महिला डब्ल्स का खिताब



**लंदन।** चेक-अमेरिकी जोड़ी कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने नंबर 2 सीड गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ को हराकर विंबलडन महिला डब्लस का खिताब जीत लिया है। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने पहले सेट में दो सेट पॉइंट से पिछड़ने के बाद वापसी की और 2 घंटे और 4 मिनट में मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन को 7-6(5), 7-6(1) से हराकर यादगार जीत हासिल की। यह इन दोनों का जोड़ी के रूप में एक साथ पहला खिताब है जो एक दूसरे के साथ केवल तीसरे टूनार्मेंट में है। इसके अलावा यह सिनियाकोवा की तीसरी विंबलडन डबल्स ट्रॉफी और कुल मिलाकर नौवीं मेजर ट्रॉफी है, जबकि टाउनसेंड ने पहली बार ग्रैंड स्लैम में सफलता का स्वाद चखा है। इससे पहले वे यूएस ओपन और रोलैंड-गैरोस दोनों में डबल्स फाइनल में उपविजेता रहे थे।

## भारत ने पाक को हराकर जीता लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप का खिताब

**बर्मिंघम।** अंबाती रायुडू (50) और यूसुफ पठान की (30) रनों की शानदार तूफानी पारियों की बदौलत इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान को फाइनल मुकाबले में पांच विकेट से हराकर लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। खिताबी मुकाबले में 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया चैंपियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने तीन ओवर में 38 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये थे। रॉबिन उथप्पा (10) और सुरेश रैना (4) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे समय में अंबाती रायुडू और गुरकीरत सिंह ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 60 रन जोड़े। अंबाती रायुडू ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुये (50) रन बनाये। गुरकीरत सिंह 33 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुये। युवराज सिंह और यूसुफ पठान ने पांचवें विकेट के लिये महत्वपूर्ण 42 रन जोड़े। 19वें ओवर में वहाब रियाज ने यूसुफ पठान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। यूसुफ पठान ने 16 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुये 30 रन बनाये। युवराज सिंह (15) और इरफान पठान (5) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया चैंपियंस ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया हैं।

# गिल की कप्तानी में भारत ने 4-1 से जीती सीरीज




- भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रनों से हराया
- अंतिम मैच में संजू का पचासा, मुकेश को मिले चार विकेट
- शुभमन ने निभाई एमएस धोनी की परंपरा, तुषार देशपांडे और ध्रुव जुरेल को थमाई ट्रॉफी

एजेंसी

**हरारे।** पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम मुकाबले में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 42 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने दूसरे (100 रन), तीसरे (23 रन) और चौथे (10 विकेट) टी20 मैच में जीत दर्ज की थी। वहीं, जिम्बाब्वे को पहले मुकाबले में 13 रनों से जीत मिली थी। रविवार को खेले गए पांचवें टी20 मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे 18.3 ओवर में 10 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। भारत ने यह मैच 42 रनों से जीत लिया। इस मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।

### जिम्बाब्वे की खराब शुरूआत

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका मुकेश ने दिया। उन्होंने मधवेरे को एक रन के स्कोर पर बोल्ड किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मुकेश ने ब्रायन बेनेट को निशाना बनाया और उन्हें शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 10 रन बना सके।

### मारुमानी-मायर्स के बीच हुई 44 रनों की साझेदारी

इसके बाद मोर्चा मारुमानी और मायर्स ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई जिसे नौवें ओवर में सुंदर ने तोड़ा। उन्होंने मारुमानी को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 27 रन बनाकर आउट हुए जबकि मायर्स 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में सिकंदर रजा ने आठ, कैंपबेल ने चार, मदांडे ने एक, मावुटा ने चार रन बनाए।

### भारतीय गेंदबाजों ने बरपाया कहर

भारत के लिए मुकेश कुमार ने कुल चार विकेट विकेट चटकाए। उन्होंने मधवेरे, बेनेट, अकरम और नगारवा को आउट किया। इसके अलावा शिवम दुबे ने दो विकेट चटकाए जबकि तुषार, सुंदर और अभिषेक को एक-एक सफलता मिली।

### सैमसन ने जड़ा टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक

इसके बाद मोर्चा संजू सैमसन और रियान पराग ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी इस पारी के दौरान एक चौका और चार छक्के लगाए। इस मैच में शिवम दुबे ने 26 रन बनाए। वहीं, रिंकू 11 और सुंदर एक रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के लिए मुजरबानी ने दो विकेट लिए जबकि रजा रिचर्ड और मावुटा को एक-एक विकेट मिला।

### शुभमन गिल ने जारी रखी एमएस धोनी की परम्परा

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल पहली बार जिम्बाब्वे सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रहे थे। लेकिन उन्होंने सीरीज जीतने के बाद भी एमएस धोनी की परम्परा को जारी रखा। उन्होंने सीरीज जीतने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली बार टीम इंडिया के लिए खेल रहे तुषार देशपांडे के साथ-साथ युवा ध्रुव जुरेल को भी ट्रॉफी थमाई। इससे युवा प्लेयर्स का आत्मविश्वास काफी बढ़ता है।

**भारत 167/6 (20ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल बो. सिकंदर रजा | 12 | 05 | 00 | 02 |
| गिल कै, रजा बो. नगरवा | 13 | 14 | 02 | 00 |
| अभिषेक कै. मदांडे बो. मुजराबानी | 14 | 11 | 01 | 01 |
| सैमसन कै. मरूमानी बो. मुजराबानी | 58 | 45 | 01 | 04 |
| पराग कै. नगरवा बो. मावुता | 22 | 24 | 00 | 01 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 02 | 02 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 00 | 01 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन** : 13-1, 38-2, 40-3, 105-4 135-5, 153-6.

**गेंदबाज** : सिकंदर रजा : 4-0-37-1, रिचर्ड नगरवा : 4-0-29-1, फराज अकरम : 4-0-39-0, ब्लेसिंग मुजराबानी : 4-0-19-2, ब्रैंडन मावुता : 4-0-39-1.

**जिम्बाब्वे 125/10 (18.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ले मधेवीरे बो. मुकेश | 00 | 03 | 00 | 00 |
| मरूमानी एलबीडब्ल्यू सुंदर | 27 | 24 | 05 | 00 |
| बेनेट कै. दुबे बो. मुकेश | 10 | 08 | 02 | 00 |
| मायर्स कै. शर्मा बो. दुबे | 34 | 32 | 04 | 01 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 00 | 00 |
| कैंपबेल कै. तुषार बो. दुबे | 04 | 07 | 00 | 00 |
| मदांडे कै. संजू बो. अभिषेक | 01 | 04 | 00 | 00 |
| अकरम कै. संजू बो. मुकेश | 27 | 13 | 02 | 02 |
| मावुता कै. एंड बोल्ड तुषार | 04 | 07 | 00 | 00 |
| ब्लेसिंग मुजराबानी नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |
| रिचर्ड नगरवा बो. मुकेश | 00 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 09

**विकेट पतन** :1-1, 15-2, 59-3, 85-4, 87-5, 90-6, 94-7, 120-8, 123-9, 125-10.

**गेंदबाज** : मुकेश कुमार : 3.3-0-22-4, तुषार देशपांडे : 3-0-25-1, रवि बिश्नोई : 3-0-23-0, वॉशिंगटन सुंदर : 2-0-7-1, अभिषेक शर्मा : 3-0 20-1, शिवम दुबे : 4-0-25-2.

## हॉकी सब जूनियर नॉर्थ जोन चैंपियनशिप झांसी में

**नयी दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 15 जुलाई से उत्तर प्रदेश के झांसी में शुरू होगी। फाइनल 22 जुलाई को होगा। सब जूनियर पुरुष नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में भाग लेने वाली सदस्य इकाइयां पूल ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड हैं, जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर हैं।

## अंशुमन की मदद के लिए बीसीसीआइ ने बढ़ाये हाथ

**मुंबई।** कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये बीसीसीआइ ने हाथ बढ़ाये हैं। बीसीसीआइ पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की है।

## आई एम साइना हसबैंड : धोनी से मिले बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप



**मुंबई।** अनंत अंबानी वेडिंग समारोह में विशेष तौर पर पहुंचे भारतीय बैडमिंटन स्टार पारुपल्ली कश्यप ने भारतीय पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अपनी हालिया मुलाकात का एक किस्सा शेयर किया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट पर उपस्थिति के दौरान, कश्यप ने खुलासा किया कि उन्हें एक शादी में धोनी से मिलने का अवसर मिला था। 37 वर्षीय ने सुझाव दिया कि चूंकि हर कोई बैडमिंटन का अनुसरण नहीं करता है, इसलिए उन्होंने धोनी से अपना परिचय साइना के पति के रूप में कराया। हालांकि कश्यप ने खुलासा किया कि उनसे मिलने पर धोनी की प्रतिक्रिया कुछ ऐसी थी जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी। कश्यप ने याद किया कि धोनी, जो उन्हें उनके पेशे से पहचानते थे, उनसे अपने साथियों में से एक की तरह बात की थी। कश्यप ने एक पॉडकास्ट पर कहा कि मैं हाल ही में एक शादी में धोनी से मिला। मैंने अपना परिचय साइना के पति के रूप में दिया। मुझे लगा कि मैं यहां साइना का प्लस वन हूं, इसलिए खेल को देखने वाले कुछ लोग मुझे पहचान सकते हैं। मैं क्रिकेट और धोनी का प्रशंसक हूं। इसलिए, जब मैं उनसे मिला, तो उन्होंने मुझसे कहा- पता है भाई, मैं बैडमिंटन खेलता हूं। मुझे पता है कि तुम कौन हो और तुम्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि तुम साइना के पति हो। उन्होंने मुझसे एक दोस्त की तरह बात की, जैसे कि मैं उनकी टीम का साथी हूं।

# उरुग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में कनाडा को 4-3 से हराकर तीसरे स्थान पर जमाया कब्जा

एजेंसी

**शालोर्ट।** कोपा अमेरिका 2024 में तीसरे स्थान के लिए मैच धमाकेदार हुआ, जहां उरुग्वे ने शनिवार को बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में कोपा अमेरिका 2024 के तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में 2-2 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी पर कनाडा को हराया। एक समय पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली, उस समय मैच 2-2 की बराबरी पर था लेकिन पेनल्टी शूटआउट में मैच उरुग्वे ने कनाडा को हरा दिया। रोड्रिगो बेंटानकुर ने उरुग्वे के लिए शुरूआती स्कोरिंग की, जबकि



कनाडाई मिडफील्डर इस्माइल कोन ने हाफटाइम में बराबरी करने के लिए इस संस्करण के बेहतरीन गोल में से एक बनाया। जोनाथन डेविड ने इस संस्करण का अपना दूसरा गोल किया, जिससे कनाडाई टीम का स्कोर पलट गया। स्टॉपेज टाइम में लुइस सुआरेज ने पेनल्टी शूटआउट के लिए मजबूर किया, जहां उरुग्वे ने वाल्वरडे, बेतानकुर, अर्रास्काटा और सुआरेज के हर शॉट को मारा, जबकि रोशेट ने कोन के शॉट को बचाया और फिर डेविस ने द्वंद्व के विजेता को निर्धारित करने के लिए क्रॉसबार मारा। ला सेलेस्टे ने कोपा अमेरिका




के इस संस्करण में केवल एक मैच गंवाया। सेमीफाइनल जिसमें वे कोलंबिया से मामूली अंतर से हार गए। तीसरे स्थान के लिए कनाडा को पेनल्टी पर हराने से पहले, उरुग्वे ने क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के खिलाफ पेनल्टी पर जीत हासिल की, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका को 1-0, बोलीविया को 5-0 और पनामा को 3-1 से हराया। इस प्रदर्शन के बाद उरुग्वे ने तीसरे स्थान पर अपना अभियान समाप्त किया है।

## सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज : करूआना रहे शीर्ष पर

**जागरेब, क्रोसिया।** सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज टूनार्मेंट के तीनों दिन के खेल के बाद यूएसए के विश्व नंबर 3, फबियानों करूआना, ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए कुल 15 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले रोमानिया क्लासिक का खिताब अपने नाम करने वाले करूआना इस समय जोरदार लय में नजर आ रहे हैं।तीसरे दिन करूआना ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए किसी को कोई मौका नहीं दिया और रैपिड में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दिन की शुरूआत भारत के डी गुकेश को मात देकर की और उसके बाद नीदरलैंड के अनीश गिरि और फ्रांस के मकसीम लागरेव को पराजित किया। अब देखना यह होगा कि क्या ब्लिट्ज शतरंज में भी वह अपना यह प्रदर्शन बरकरार रखते हुए एक और खिताब अपने नाम करेंगे। भारत के डी गुकेश ने रैपिड में 9 अंक बनाकर सातवां और विदित ने 4 अंक बनाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद, फबियानों करूआना अब ब्लिट्ज शतरंज में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह एक और खिताब अपने नाम करेंगे।

# स्कॉर्पियो व डंपर की टक्कर में पांच लोगों की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**किशनगंज।** जिले के पौआखाली में एनएच 327 ई पर भेलागुड़ी-पेटभरी के बीच रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों में एक महिला और एक पुरुष के अलावा चार बच्चे शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। दो गंभीर घायलों को सिलीगुड़ी और पूर्णिया रेफर किया गया है। सभी मृतक अररिया जिले के जोकीहाट थाना के थपकोल के रहने वाले हैं। मृतकों में गुलशन आरा (27 वर्ष) पति मोहम्मद खुर्सीद, मोहम्मपुर, अयान (8 वर्ष) पिता खुर्सीद, इरशाद चालक (30 वर्ष) पिता शहाबुद्दीन महादेवा जोकीहाट, मोहम्मद अफान (5 वर्ष) पिता मो. अफसार, अररिया, गुड़िया (8 वर्ष) पिता मुजाहिद जोकीहाट, अररिया शामिल हैं। घटना का कारण एक लेन में ही वाहनों का परिचालन होना बताया जा रहा है।

पीड़ित परिजनों के अनुसार गुलशन आरा दिल्ली से घर आ रहे पति मोहम्मद खुर्सीद को रिसीव करने बागडोगरा हवाई अड्डा जा रही थी। उनके साथ आठ वर्षीय पुत्र अयान के अलावा बहन और अन्य रिश्तेदार भी थे। एनएच 327 ई होकर बागडोगरा एयरपोर्ट जाने के दौरान पौआखाली थाना क्षेत्र के पेटभरी के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें तीन लोगों को मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर नगर पंचायत पौआखाली के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने घायल एक महिला एक पुरुष और छह बच्चों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान दो और बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में स्कॉर्पियो चालक को छोड़ कर अन्य सभी रिश्तेदार थे। घटना में घायल तीन बच्चे का इलाज एमजीएम मेडिकल कॉलेज में तथा चार लोगों का इलाज पूर्णिया में चल रहा है। घायलों में तीन बच्चों में एक लड़का एवं दो लड़की का इलाज एमजीएम में तथा दो पुरुष एवं दो महिला का इलाज पूर्णिया में इलाज चल रहा है। इधर सूचना मिलने पर एसडीपीओ 2 मंगलेश कुमार सहित मौके पर कई थाना की पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

वहीं एसपी सागर कुमार और एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी एमजीएम अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। वहीं जिलाधिकारी तुसार सिंगला भी घायलों का हाल चाल ले रहे थे। घटना को लेकर डीएम ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

## स्पीड न्यूज

### धुरकी में शांति समिति की बैठक

**धुरकी।** थाना परिसर में रविवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर सगमा बीडीओ सत्यम कुमार ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार लाइसेंस प्राप्त अखाड़े पूर्व रास्ते के ही मुहर्रम का जुलूस निकाले। उन्होंने कहा कि अगर कोई मामला आता है तो प्रशासन को सूचना दें। कानून को किसी भी कीमत पर अपने हाथ में नहीं ले। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा सौहार्द के साथ मिलजुलकर मुहर्रम का पर्व मनाने की सुझाव दिया। प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया की पर्व के दौरान सोशल मीडिया फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप ग्रुप में अफवाह फैलाने वाले अथवा सांप्रदायिक सौहार्द माहौल बिगाड़ने वाले मैसेज पोस्ट नही करें। इस तरह का कोई मैसेज आता है तो वही पर इससे स्टॉप करें और पुलिस प्रशासन को सूचना दें। इस तरह के मैसेज डालने वालें को खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मृतकों के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री

**मेराल।** प्रखंड के राजहरा गांव में शनिवार को वज्रपात की घटना में दो महिलाओं की मौत हो गयी थी। इसी क्रम में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने शोकाकुल परिवार से मिलकर आर्थिक मदद की। साथ ही सरकार के द्वारा प्रत्येक मृतक परिवार को चार लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया। बता दें कि घटना क्रम में तीन महिलाएं घायल हो गई थी। जिनका इलाज संगबरिया के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। घायलों में शारदा देवी (38 वर्ष, पति आलोक राम), महेश्वरी देवी (42 वर्ष, पति राजदेव राम) और प्रमिला देवी (35 वर्ष, पति दिनेश राम) शामिल है। वज्रपात की घटना में घटनास्थल पर ही तेतरी देवी (50 वर्ष, पति ललिता राम) और गीता देवी (48 वर्ष, पति जुगल राम) की मौत हो गई थी। साथ ही जुगल राम की चार बकरियां भी मारी गईं।

### शिव मंदिर के 19वें स्थापना दिवस पर शिखर पूजन व रुद्राभिषेक

**गढ़वा।** शहर के सहिजना मोहल्ला के प्राचीन नवदेश्वर शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर नवनिर्मित मंदिर के शिखर का विधिवत शिखर पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान बनारस से पधारे आचार्य पंडित श्री रोहित दीक्षित, श्री संजय चौबे और पंकज पंडित जी के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। मौके पर बनारस से पहुंचे विद्वानों ने कहा कि भगवान शिव की रूद्र पूजा और रुद्राभिषेक करने से या उसमें शामिल होने मात्र से मनुष्य के सभी कष्टों का निवारण होता है। पूजा के दौरान लिए गए संकल्प को भगवान शिव उसे जरूर पूरा करते हैं। विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि इस मंदिर में 126 वर्ष पूर्व शिवलिंग की स्थापना किया गया था। आज से 19 वर्ष पूर्व 2005 में मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया था। यह प्राचीन मंदिर है जिसकी स्थापना 1898 में की गई थी। उस समय से लगातार इस मंदिर में पूरे मोहल्ले के लोग पूजा अर्चना करते हैं। बनारस से आचार्य ने कहा कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग जागृत है। इस मंदिर में सभी लोगों को आकर भोले बाबा का पूजा अर्चना करना चाहिए।

### विधायक ने की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक विश्रामपुर विस क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अध्यक्षता में परिसदन गढ़वा के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जल संसाधन, लघु सिंचाई, कृषि, स्कूली शिक्षा, नगर विकास, मनरेगा, समाज कल्याण, सहकारिता समेत अन्य विभागों से प्राप्त अनागत प्रश्नों की उक्त विभागों से संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही समिति द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ अनागत प्रश्नों एवं अन्य विकासात्मक कार्यों के संबंध में विचार विमर्श कर कार्यों को पूर्ण करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया।

## छेड़खानी से तंग महिला ने मनचले को अकेले में बुलाकर काट डाला प्राइवेट पार्ट

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जब छेड़खानी से तंग आकर एक महिला ने युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। इसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। दरअसल डुमरा थाना क्षेत्र के बड़हरवा गांव में छेड़खानी से परेशान महिला ने शनिवार की सुबह एक युवक का गुप्तांग काट दिया। जख्मी युवक डुमरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी है। परिजनों ने जख्मी हालत में उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका ऑपरेशन के बाद स्थिति में सुधार है। डॉ. प्रियदर्शी आदर्श ने बताया कि युवक का ऑपरेशन सफल रहा है, वह खतरे से बाहर है। घटना के संबंध में दोनों ही पक्ष द्वारा चुप्पी साध ली गई है। इसके कारण पुलिस को भी सूचित नहीं किया गया। ग्रामीण और स्थानीय चौकीदार से मिली जानकारी के अनुसार, युवक गांव की एक विवाहिता को काफी दिनों से परेशान कर रहा था। इससे महिला काफी तंग थी। युवक से परेशान महिला ने शनिवार को उसे झांसा देकर बुलाया और फिर उसके गुप्तांग पर वार कर काट दिया। देर शाम डुमरा थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार दलबल के साथ निजी अस्पताल में पहुंचकर जख्मी व उसके परिजनों से पूछताछ की।

## भीषण बारिश और बाढ़ का कहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्णिया।** बिहार में बारिश से इन दिनों बाढ़ की गंभीर समस्या बनी हुई है। सड़कों पर पानी, घरों में पानी जहां देखों वहां पानी ही पानी। जल जमाव की समस्या से हर तरफ लोग जूझ रहे हैं। गावं की नदियों में पानी के तेज बहाव के कारण कटाव हो रहा है और खेती और रहने लायक जमीन खत्म होती जा रही है। पूर्णिया के बैसा प्रखंड क्षेत्र के होकर बहने वाली कनकई नदी के मुहाने बसे मालोपाड़ा पंचायत के डुमरिया गांव का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है। कनकई नदी की बदली तेज धारा के कारण यहां विगत एक सप्ताह से कटाव जारी है। तीन दिनों में एक सौ से अधिक फीट जमीन नदी में समा चुकी है। गांव के लोग डरे हुए हैं। वे प्रदर्शन करके सरकार का ध्यान अपनी ओर खींचना चाह रहे हैं। ताकि उन्हें समस्या से रूबरु कराया जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन साल पहले नदी गांव से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर थी। नदी की धारा गांव के विपरीत दिशा में था, लेकिन इस बार नदी की धारा ही गांव की तरफ है। कटाव के बाद नदी अब गांव से लगाभग 30-35 फीट की दूरी पर है। जिस तरह से कटाव जारी है उससे देखकर लग रहा है कि दो से तीन दिनों के भीतर गांव तक नदी आ जाएगी।

## प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं बाईक सवार

खबर मन्त्र संवाददाता



बाईक पर बैठे पांच लोग

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपनी अनमोल जिंदगी को हथेली में लेकर और परिवहन नियम एवं पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए रविवार को रिमझीम वर्षा के दौरान एक बाईक पर पांच लोग सवार होकर अपने घर जा रहे थे। यह वाक्या मझिआंव-बरडीहा मुख्य सड़क का है। उस दौरान लोगों से पूछा गया तो उन लोगों ने ना ही अपना नाम और घर नहीं बताया।

केवल यह बताया कि बाहर से मजदूरी करके आ रहे हैं और लेने के लिए गए हुए थे। बताते चले कि एक माह पूर्व 16 जून को मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ पर खरसोता विद्यालय के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना हुई थी, उसे मोटरसाइकिल पर भी चार लोग सवार होकर एक बारात में शामिल होने जा रहे थे और उसी दौरान जेसीबी से मोटरसाइकिल टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। इस तरह से क्षेत्र में काफी मोटरसाइकिल दुर्घटना हो रही है। लेकिन परिजन अपने नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल देकर अनमोल जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं इसके साथ-साथ परिवहन विभाग के नियम को तक में रखते हुए पुलिस प्रशासन को भी ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं।

## होटल विकास इन, रेस्टोरेंट का उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते विकास दुबे व अन्य

**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित अंचल कार्यालय के समीप होटल विकास इन, विकास मार्ट व विकास रेस्टोरेंट की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली व उनकी पत्नी ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद झारखण्ड विकास पार्टी के नेता विकास दुबे ने संयुक्त रुप से फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर विकास दुबे ने कहा कि गढ़वा में लगातार एक से बड़कर एक होटल, रेस्टोरेंट विभिन्न तरह के इलेक्ट्रिक दुकान की शुरूआत हो रही है। लेकिन होटल विकास इन, विकास रेस्टोरेंट व विकास मार्ट की शुरूआत होने से यहां के लोगो को काफी सहूलियत होगी। एक छत के नीचे होने से लोग अपनी पसंद की खाना व घरेलू उपकरण की सामग्री खरीद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास कुमार माली शुरू से ही गरीबों के हित में कार्य करते आए है। इन्होंने अब तक 14 हजार से अधिक बहनों की डोली सजाने का काम किया है। पहले हम जिला वासी को कुछ सामग्री व रेस्टोरेंट में जाने के लिए बाहर के शहरो में जमा पढ़ता था। लेकिन अब गढ़वा जिला में ही सभी समुचित व्यवस्था हो गई है। विकास कुमार माली ने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट और मार्ट में शहर के सभी जगह से सस्ता उचित और विश्वासी सामग्री ग्राहकों को उपल्ब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद

## जायंट्स ग्रुप ने किया पौधरोपण




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जायंट्स सदस्य रवि केशरी के रेहला रोड स्थित फार्म हाउस में पौधरोपण किया गया। मौके पर जायंट्स सदस्यो ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रुप के द्वारा विभिन्न स्थलों पर कई प्रकार के पौधे लगाए जाते हैं। जिससे कि धरती हरा भरा रहे और धरती को प्रदूषण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि इस धरती को बढ़ते तापमान से बचाया जा सके। सदस्यो ने बताया कि इस बरसात में ग्रुप के द्वारा प्रत्येक रविवार को पौधारोपण किया जाएगा। ग्रुप के द्वारा कम से कम 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, फेडरेशन 8 के पूर्व स्पेशल कमिटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, मनोज केशरी, रविंद्र केशरी, अरुण सोनी, रवि केशरी आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते बीडी प्रसाद

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश की बैठक शहर के आदर्श होटल में केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान झामुमो के नवगठित हेमंत सोरेन सरकार एवं पूरे मंत्रिमंडल को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य का कामना की गई। मौके पर बीडी प्रसाद ने कहा कि उम्मीद है कि झारखंड सरकार राज्य के विकास में ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। हम सभी लोग यह उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मंच का 11 सूत्री मांग जो राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाला क्षेत्राधिकार में है उसे अविलम्ब लागू करें व जो केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाला मांग राज्य सरकार से पारित कराकर केंद्र को प्रस्ताव भेजने का कार्य करें। मंत्रिमंडल के गठन में ओबीसी समाज का उचित भागीदारी नहीं मिल पाया है जो की चिंताजनक है। ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करता है कि सभी क्षेत्रों में ओबीसी. का उचित भागीदारी सुनिश्चित करें। पलामू प्रमंडल में ओबीसी के स्वर्णकार व्यवसायियों का सोने चांदी का लूट व स्वर्ण दुकान में चोरी व गोली चालन की घटना लगातार हो रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन व राज्य सरकार के हाथ से विधि-व्यवस्था बेकाबू हो चुका है।मौके पर यूगल किशोर प्रसाद, बिनोद कुमार, डॉ इस्तियाक राजा, रविन्द्र नाथ ठाकुर, वरूण बिहारी यादव, वीरेंद्र साव, अब्दुल मन्नान, विजय साव, कृष्ण प्रजापति, सीताराम साहू, अशोक प्रसाद, उपेंद्र कुशवाहा, गुड्डु, संजय साहू, विजेंद्र साहू, विजय कमलापुरी, देवेंद्र कुमार यादव, दीपक प्रसाद, अमित कुमार शर्मा, राकेश कुमार, रंजीत कुमार, राजू गुप्ता, कमलेश विश्वकर्मा, मंदिश प्रसाद, नरेश चंद्रवंशी, विनोद विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## पुल के संवेदक के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



आक्रोष प्रदर्शन करते ग्रामीण

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत राजा घटहुआं के मेहता टोला के ग्रामीणों ने रविवार को आक्रोश व्यक्त किया। जहां घटहुआं कला गांव स्थित पंचायत सचिवालय के समीप पंडी नदी में निर्माण हो रहे पुल के संवेदक के विरोध प्रदर्शन किया। उक्त टोले के ग्रामीणों ने कहा कि मरीज को चारपाई पर लेटाकर मुख्य सड़क पर लाना पड़ रहा है। साथ ही घटहुआं कला गांव में ही बाइक को खड़ा करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घटहुआं कला गांव स्थित माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल में जाने में काफी परेशानी हो रही है। कहा कि यदि तीन दिनों में पंडी नदी के बीच निमार्णाधीन पुल के दोनों ओर सड़क ठीक प्रकार से नहीं बनेगी तो सभी ग्रामीण अनिश्चित धारणा प्रदर्शन करेंगे। आक्रोश व्यक्त करने वालों में जरिया देवी, पूनम देवी, मनमतिया देवी, संजू देवी, कमला देवी, मंजू देवी, कमला देवी, आरती देवी, रूमा देवी, रीता देवी, संजीव मेहता, मनोज मेहता, राजेश्वर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, शंकर मेहता, रामप्रवेश मेहता, संतोष मेहता, राजकुमार मेहता, श्रवण मेहता, रामाशीष मेहता सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी विकास दुबे के निर्देश पर पहुंचे झारखण्ड विकास पार्टी के सदस्यों ने भी आक्रोश व्यक्त किया। सभी ने कहा कि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। आक्रोश व्यक्त करने वालीं में झारखण्ड विकास पार्टी के जेपी सोनी, अनूप कुमार व अन्य सदस्यों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर निमार्णाधीन पुल के दोनों तरफ अच्छी सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## खबर एक नजर में

### 445 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छतौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पायल टाकीज के पास से पुलिस ने विदेशी शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर दुर्गा धांगड़ बताया गया है। वही उसका एक सहयोगी विनोद धांगड़ मौके से भाग निकला। गिरफ्तार तस्कर के पास से 300 एमएल का 445 पीस विदेशी शराब जब्त की गई है। इस मामले में पीएसआई संगीता कुमारी के बयान पर दोनो तस्करो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया है कि गिरफ्तार तस्कर को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एक ही रात में कई दुकानों में चोरी

**किशनगंज।** जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत बरचौंदी पंचायत के बरचौंदी हाट में एक ही रात में कई दुकानों में चोरी की वारदात को चोर ने अंजाम दिया है। दुकानदारों में तनवीर आलम का कहना है उनके दुकान से ग्रिल लोक तोड़ कर दुकान के अंदर से दस हजार रुपया से अधिक नगद और कुछ सामाग्री की चोरी हुई है। स्थानीय दुकानदारों में नजरूल आलम, अलाउद्दीन, मुमताज आलम का कहना है की बीती रात को दुकानों से चोरी हुई है। स्थानीय ग्रामीण अबूजफर सहित अन्य का कहना है कि चौकीदार के लापरवाही के वजह से लगातार चोरी की घटना हो रही है इससे पूर्व भी उक्त स्थल पर चोरी की घटना हुई है।

### बलान नदी में चार छात्राएं डूबी, एक की मौत

**पटना।** बिहार के बेगूसराय में बलान नदी की धारा में रविवार को चार छात्राए बह गई, जिसमें से तीन को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया जबकि एक छात्रा की मौत हो गई है। हादसा बलान नदी में स्नान करने के दौरान हुआ। घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के खिदिरचक बलान नदी की है। नदी में स्नान करने के दौरान एक छात्रा गहरे पानी में चली गयी। उसे बचाने के लिए बाकी तीन छात्राएं भी गहरे पानी में चली गईं। सभी चार छात्राओं को डूबते देख जब शोर हुआ तो स्थानीय लोगों ने तीन छात्राओं को किसी तरह डूबने से बचा लिया लेकिन एक छात्रा गहरे पानी में चली गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस व झामुमो...

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया है। राहुल गांधी को चिंदी मिल गयी तो बजाज बन गये। उन्होंने कहा कि हमारी 243 और एनडीए के साथ 293 सीटें आयी हैं। लोकसभा में जब अध्यक्ष के चुनाव की बारी आयी तो पूरा इंडिया ब्लॉक कांग्रेस और उनके साथी मैदान छोड़कर भाग गये। उनको पता था कि बहुत बुरा हारेंगे।

**झामुमो ने एक भी वादा पूरा नहीं किया :** उन्होंने कहा कि झामुमो ने अबतक एक भी वादे पूरे नहीं किये। उनके निश्चय पत्र पर सैंकड़ों वादे लिखे हैं। आज मैं जवाब मांग रहा हूं कि बताओ कौन सा वादा पूरा किया है। नौजवानों को कहा था कि सरकारी नौकरी देंगे, नौकरी नहीं दी तो 5 हजार रुपये स्नातक को और 7 हजार रुपये स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताओ किसी एक को भी बेरोजगारी भत्ता दिया है। गरीब महिला को अपनी आकस्मिक जरूरतों के लिये 50 हजार का कर्ज बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड पर देंगे। बताओ किसी को मिला क्या। ये कह रहे थे कि हम राज्य में किसानों को कई सौगाते देंगे। महिला बैंक बनायेंगे। इन्होंने एक वादा पूरा नहीं किया।

**महिलाएं असुरक्षित :** श्री चौहान ने कहा कि ये कैसी सरकार है, जहां माता, बेटी,बहन की इज्जत सुरक्षित नहीं है। सम्मान सुरक्षित नहीं है। वोटों के लालच में आईडी से लेकर आधार बनवाते है। झामुमो और कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड बनाया था अटल बिहारी वाजपेयी ने। झारखंड को बनाने का काम किया था भाजपा की सरकार ने। अब झारखंड को तबाह और बर्बाद करने का काम ये गठबंधन कर रहा है। मैं कोई मंत्री या नेता के रूप में नहीं आया हूं मैं भी आपका कार्यकर्ता हूं। हम यहां परिवार के भाव से बैठे हैं।

### संघ का आह्वान, गांव...

लोकसभा चुनाव के परिणाम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा जनता का जो फैसला है, उसी के अनुरूप पार्टियां सरकार चला रहीं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार एवं प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से गौ सेवा एवं ग्राम विकास को मिलाकर विशेष योजना बना रहे हैं। दोनों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे गांव की स्थिति बेहतर हो। संघ के स्वयंसेवक देशभर में सेवा कार्य कर रहे हैं। सेवा के साथ स्वावलंबन पर भी बल दिया जाता है।

### 46 साल बाद फिर खुला पुरी...

यह रत्न भंडार 1905, 1926 और 1978 में खोला गया था, तब वहां मौजूद बेशकीमती चीजों की सूची बनी। उसमें करीब 128 किलो सोना और 222 किलो चांदी होने का उल्लेख बताया जाता है।

**खजाने का संरक्षक सांप है :** सबसे पहले अधिकृत कर्मचारी और सपेरों की टीम ने रत्न भंडार में प्रवेश किया। ऐसा कहा जाता है कि रत्न भंडार के अंदर एक सांप है, जो इसका संरक्षक है। हालांकि भगवान बलभद्र के मुख्य सेवक हलधर दास महापात्र ने इसे अफवाह बताया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षक डीबी गडनायक ने बताया कि विभिन्न इंजीनियरों ने मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार का निरीक्षण किया। ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल के कर्मियों को रत्न भंडार के अंदर लगायी जाने वाली लाइटों के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया। स्नेक हेल्पलाइन के सदस्य शुभेंदु मलिक ने कहा, 'हम राज्य सरकार के निर्देश पर यहां आये हैं।

**तीन एसओपी गठित :** सुबह न्यायमूर्ति रथ और पाधी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया बनायी गयी है। उन्होंने कहा, 'तीन एसओपी बनी है। इनमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरी अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरी कीमती वस्तुओं की सूची से संबंधित है। 'वस्तु सूची बनाने का काम मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों की नियुक्ति पर सरकार से मंजूरी मिलने के बाद किया जायेगा।

### नगर विकास व...

शहरी गरीबों को सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए किफायती दर पर बैंक ऋण की सहायता, सब्सीडी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

आश्रयगृह किये जा रहे संचालित : शहरी बेघर आश्रितों के लिए 247 आधारभूत सुविधाओं वाला आश्रयगृह संचालित किया जा रहा है। शहरी फुटपाथ वेंडर्स के आजीविका से संबंधित बाधा के निराकरण के लिए उन्हें उपयुक्त स्थान, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। 2023-24 में डे-एनयूएलएम योजना में अन्य राज्यों के मुकाबले झारखण्ड राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सिस्टेमैटिक प्रोग्रेसिव एनालिटिकल रियल टाइम रैंकिंग (स्पार्क-2023-24) अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

यह पुरस्कार 18 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टेन आडिटोरियम में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम सेलिब्रेटिंग अचीवमेंट, इंसपायरिंग एक्सीलेंस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खप्तर सचिव अरवा राजकमल, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार को प्रदान करेंगे। साथ ही परफार्मेंस रिकॉग्निशन फॉर एक्सेस टू फाइनेंशियल इंक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर्स इंपावरमेंट (प्रेज अवार्ड -2023-24) में झारखंड के मेदनीनगर नगर निगम को पीएम-स्वनिधि योजना में फाइनेंशियल इंक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर्स इंपावरमेंट श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय सतेन्द्र कुमार ने सभी निकायों को बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

## फिल्म प्रजाला मनीषी में नजर आयेंगी रौतेला



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में काम करती नजर आ सकती हैं। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी।प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी। इस फिल्म में रवि तेजा ,उर्वशी रौतेला और डिंपल याती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## गाजा में हमास का वरिष्ठ कमांडर ढेर

**गाजा।** इजरायली हवाई हमले में 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की साजिश रचने में शामिल हमास का वरिष्ठ कमांडर मारा गया। इस्राइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। इस्त्रइली सेना ने कहा कि मारे गए कमांडर का नाम अयमान शोवाडेह है, फिलहाल वो हमास की शेजैया बटालियन का डिप्टी कमांडर था और पहले हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख ऑपरेटिव था। शोवाडेह ने इस्त्रइली सैनिकों के खिलाफ कई हमलों का संचालन किया था।सेना ने दावा किया कि यह व्यक्ति शहर के शेजैया में हाल ही में आईडीएफ अभियानों में मारे गए 150 से अधिक आतंकवादियों में से एक था।

## बसपा नेता हत्या के आरोपी मारा गया

**चेन्नई।** बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक प्रमुख आरोपी ने रविवार को पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और हिरासत से भागने की कोशिश की, जिस दौरान उसे मार गिराया गया। पुलिस ने बताया कि जब आरोपी के. थिरुवेंगदम ने पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसपर गोली चलाई। आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मणिपुर में उग्रवादियों का हमला, जवान हुआ शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को जिरीबाम जिले में फिर से तनाव बढ़ने के बाद हिंसा भड़क गई है। कुकी उग्रवादियों के हमले का शिकार होकर सीआरपीएफ के जवान अजय कुमार की मौत हो गई है और इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। मैतेई संगठनों का आरोप है कि यह घटना जातीय तनाव के कारण हुई है। उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के लोगों पर गोलियों और बमों से अंधाधुंध हमले किये हैं।

# अमेरिका में हमलों का इतिहास रहा है पुराना

▶▶ **अब्राहम लिंकन, एम्स गारफील्ड, विलियम मैकिनले और फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट की गईं हैं जानें**

## अब तक चार राष्ट्रपतियों की हो चुकी है हत्या



**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं हो चुकी हैं।

**16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन :** अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टॉड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में ह्यअवर अमेरिकन कजिन नाटक देख रहे थे। बूथ की 26 अप्रैल 1865 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह वर्जीनिया के बाउलिंग ग्रीन के समीप एक खेत में छिपा मिला था।

**20वें राष्ट्रपति एम्स गारफील्ड :** एम्स गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गयी थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी चार्ल्स गितेऊ ने उन्हें गोली मार दी थी। गितेऊ को जून 1882 में दोषी ठहराया गया व मृत्युदंड दिया गया।

**25वें राष्ट्रपति विलियम मैकिनले :** विलियम मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गयी थी। उनके बाद उपराष्ट्रपति थियोडर रूजवेल्ट देश के राष्ट्रपति बने थे। डेट्रॉइट के लियोन एफ ने गोली चलाने का अपराध स्वीकार किया गया था। उसे 29 अक्टूबर 1901 को करंट देकर मृत्युदंड दिया गया था।

**32वें राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट :** रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गयी। इस हमले के दोषी गिसिप्पे जंगारा को मौत की सजा दी गयी।

## ट्रंप के मंच संभालने के कुछ मिनटों बाद ही गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा मैदान



**बटलर।** गॉड ब्लेस द यूएसए के नारों के बीच शनिवार शाम छह बजकर दो मिनट पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में एक मैदान में भीड़ का अभिवादन करते हुए मंच संभाला और कड़ी धूप के बीच अपना भाषण शुरू ही किया था कि कुछ मिनटों बाद गोलियां चलने की आवाज सुनायी देने लगी। ट्रंप रैली में अवैध सीमा पार के मामलों में वृद्धि के बारे में राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ बोल रहे थे तभी कम से कम पांच गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। जैसे ही सीक्रेट सर्विस के एजेंट उनकी ओर बढ़े तो ट्रंप ने अपना कान पकड़ लिया। एजेंटों के चिल्लाने पर वह जमीन पर बैठ गए। कुछ मिनटों बाद ट्रंप खड़े हुए, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें घेर लिया था। उन्होंने ट्रंप के कान से खून बहने पर उन्हें मंच से बायीं ओर ले जाने की कोशिश की। ट्रंप ने कहा कि रुको, रुको, रुको। इसके बाद उन्होंने भीड़ की ओर मुट्ठी बांध कर हाथ में हवा में लहराया और फाइट शब्द बोलते सुनायी दिए। इसके बाद एजेंट उन्हें सीढ़ियों से नीचे काले रंग की एक एसयूवी में ले गए। ट्रंप ने कार में बैठने से पहले भी मुठ्ठी बांध कर हाथ हवा में लहराया।

# पीएम मोदी के एक्स पर हुये 10 करोड़ फोलोअर्स

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया अपनी सक्रीयता के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले इस बात को पहचाना की सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से बेहतर ढंग से जुड़ा जा सकता है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) की बड़ी भूमिका रही है। आज इसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री मोदी के 10 करोड़ (100 मिलियन) फोलोअर्स हो गए हैं। वे इस मंच पर दुनिया के सबसे ज्यादा फोलो किए जाने वाले रानजीतिक हस्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 करोड़ का आंकड़ा छूने पर रविवार को एक विशेष पोस्ट में कहा कि वे भविष्य में इस मंच के



माध्यम से लोगों से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक्स पर सौ मिलियन। इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना और बहुत कुछ को संजोकर खुश हूं। भविष्य में भी समान रूप से इसमें समय व्यतित करने की आशा है।

## औरंगजेब के पाप की निशानी को सरकार समाप्त करें : रमेश बाबा

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु निकाली जा रही ब्रज चौरासी कोस यात्रा अपने सातवें चरण में राधा रानी के दरबार बरसाना पहुंची भारी संख्या में चल रहे कृष्ण भक्तों ने मंदिर पालकी में विराजमान होकर चल रहे लड्डू गोपाल जी को दर्शन कराए सेवायत गोस्वामियों ने ब्रज यात्रा का मंदिर प्रांगण में भव्य स्वागत किया। यात्रा कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद हिंदू पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में मान मंदिर पद्मश्री रमेश बाबा के यहां पहुंची के यहां यात्रा जनसभा में तब्दील हुई। इस अवसर पर पद्मश्री संत रमेश बाबा ने कहा कि हमारी यह इच्छा है जब तक हमारा शरीर इस धरती पर है कलंक की निशानी मुगल आक्रांताओं द्वारा बनाई गई मस्जिद पूर्णतः नष्ट हो, न्यायालय जल्द फैसला कर मुख्य गर्भगृह को हिंदू भक्तों को सौंप कर भगवान को विराजमान करें।

# अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं : बाइडन

▶▶ **पूर्व राष्ट्रपति ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने ट्रंप पर हमले की निंदा की**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (78) शनिवार को हुए इस हमले में कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगने से घायल हो गए। हमलावर ने रैली में मौजूद एक व्यक्ति की भी हत्या कर दी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सीक्रेट सर्विस के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया। घटना के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडन ने डेलवेयर में अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि देखिए, अमेरिका में इस तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है। यह घिनौना है। इससे जाहिर होता है कि क्यों हमें इस देश को एकजुट रखने की आवश्यकता है। हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। बाइडन इस सप्ताहांत डेलवेयर में अपने घर पर समय बिता रहे थे, लेकिन आधी रात के बाद व्हाइट हाउस लौट आए।

व्हाइट हाउस ने कहा कि रविवार सुबह व्हाइट हाउस में, उन्हें आंतरिक सुरक्षा और कानून प्रवर्तन अधिकारियों से अद्यतन जानकारी मिलेगी। राष्ट्रपति बाइडन ने सीक्रेट सर्विस और सरकारी एजेंसियों समेत सभी एजेंसियों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि उनका ट्रंप से संपर्क नहीं हो पाया है लेकिन व्हाइट हाउस ने कहा कि उन्होंने कई घंटे पहले ट्रंप से बात की। ओबामा ने भी हमले की निंदा की और ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ओबामा ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हालांकि,



हम अभी नहीं जानते कि असल में क्या हुआ था लेकिन हमें राहत है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप गंभीर रूप से घायल नहीं हुए। मिशेल और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

बुश ने कहा कि उन्हें और उनकी पत्नी लॉरा को यह जानकर तसल्ली मिली है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अपने ऊपर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम सीक्रेट सर्विस के पुरुष और महिला अधिकारियों की उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा करते हैं। क्लिंटन ने कहा, ह्यह्यअमेरिका में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, खासकर हमारी राजनीतिक प्रणाली में। हिलेरी और मुझे यह जानकार राहत मिली कि ट्रंप सुरक्षित हैं, हम पेनसिल्वेनिया रैली में हुए हमले के सभी पीड़ितों के लिए दुखी हैं तथा यूएस सीक्रेट सर्विस की त्वरित कार्रवाई के लिए उनके आभारी हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि उन्हें ट्रंप पर हुए हमले के बारे में जानकारी दी गयी है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम उनके, उनके परिवार तथा सभी घायलों और इस घृणित गोलीबारी से पीड़ित हुए लोगों लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हम अमेरिकी सीक्रेट सर्विस और स्थानीय प्राधिकारियों का उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

हैरिस ने कहा किइस तरह की हिंसा का हमारे देश में कोई स्थान नहीं है। हम सभी को इस घृणित कृत्य की निंदा करनी चाहिए ।

# गुजारा भत्ता का मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उच्चतम न्यायालय के तलाक के बाद शौहर से गुजारा भत्ता पाने के अधिकार के निर्णय का मुस्लिम महिलाओं ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता और नामचीन सामाजिक कार्यकर्ता नाजिया नफीस ने 10 जुलाई के उच्चतम न्यायालय का तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को उनके शौहर से गुजारा भत्ता का अधिकार देने के फैसले का स्वागत करते हुए राहत और मानवीय संवेदनाओं वाला बताया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिलेगा वहीं दूसरी तरफ उनकी इज्जत कमतर आंकने वाले मुस्लिम पुरूषों में एक डर का माहौल बनेगा कि तलाक के बाद महिला न्यायालय का सहारा लेकर

**न्यायालय के फैसले से वाजिब हक मिलेगा : नाजिया नफीस**

उससे भरण-पोषण ले लेगी। इसके अलावा एक फीसदी परिवार टूटने की आशंका में भी कमी आ सकती है। अधिवक्ता ने रविवार को बातचीत में कहा कि न्यायालय का यह फैसला सराहनीय है लेकिन यह फैसला और पहले आना चाहिए था। उनका कहना है तलाकशुदा महिलाओं की जिम्मेदारी से मां-बाप और भाई-भाभी सभी बचना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में यह फैसला उनके लिए अंधेरे में उजाले की एक किरण बनी है। तलाकशुदा पत्नी का शौहर उसे आसानी से गुजारा भत्ता नहीं देगा जब तक वह दोबारा न्यायालय का सहारा नहीं लेती है। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि तलाकशुदा महिलाओं को इतना सम्बल तो मिला है कि अगर वह अदालत का दरवाजा खटखटाएगी तो गुजारा भत्ता शौहर को देना पडेगा। उनका कहना है कि महिला और पुरूष दोनों को सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि इस्लाम में महिलाओं को ऊंचा मुकाम हासिल है। महिलाओं की रजामंदी को महत्ता दी गयी है। निकाह में भी महिला की रजामंदी को तरजीह दी गयी है। पहले महिला का निकाह पढाया जाता है उसके बाद ही पुरूष का निकाह होता है। मौलवी द्वारा महिला का निकाह पढने के बाद ह्ल तीन बार कबूलह्ल बोलने पर ही वह सफल माना जाता है। उन्होंने बताया कि इस्लाम में तीन तलाक को कभी मान्यता दी ही नहीं गयी। लोग धर्म को अपने हिसाब से परिभाषित कर इस्तेमाल करते हैं। न्यायालय द्वारा तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया गया। न्यायालय के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने 19 सितंबर 2018 कानून बनाते हुए एक साथ ह्यतलाक-तलाक-तलाकह्ल बोलकर निकाह खत्म करने को अपराध की श्रेणी में लाया। इस अपराध के लिए अधिकतम तीन साल कैद की सजा का प्रावधान बनाया। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के बयान पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को समाज में उसका सम्मान मिलने लगे, पुरूष उनको उनका सम्मान और अधिकार दे तो उन्हें कोर्ट- कचहरी जाने की जरूरत क्या है। वह तो मजबूरी में ही अदालत की सहारा लेती है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के इस महत्वपूर्ण फैसले का ऐसी महिलाएं जो खुद रिश्ते में रहना पसंद नहीं करती हैं।

## लोकसभा में गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता, सुरेश मुख्य सचेतक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने श्र गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाया है जबकि सुरेश को मुख्य सचेतक और सांसद मणिक्कम टैगोर और डॉ मोहम्मद जावेद को



सचेतक बनाया गया है। वेणुगोपाल ने पार्टी के इन तीनों सांसदों को लोकसभा में मिली इस जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में, कांग्रेस और इंडिया समूह के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को ऊर्जावान ढंग से उठाएंगे।

## चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी महिला, चार बच्चों की मौत

**मंदसौर।** जिले के गरोठ तहसील के ग्राम पीपल खेड़ा में रविवार की सुबह एक महिला ने पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद अपने चार बच्चों सहित कुएं में कूद गई। जिसमें सभी बच्चों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीपलखेड़ा निवासी रोडसिंह बंजारा और उनकी पत्नी सुगनबाई बंजारा के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद उनकी पत्नी आप पर काबू नहीं पा सकी और अपने दो लड़कों और दो लड़कियों के साथ कुएं में कूद गई। ग्रामीण पहुंचे तब तक चारों बच्चे अरविंद 12 वर्ष, अनुष्का 9 वर्ष, बिट्टू 7 वर्ष और कार्तिक की मौत हो चुकी थी, वहीं महिला को बचाया गया है जिसका उपचार गरोठ अस्पताल में चल रहा है। मामले में गरोठ थाना प्रभारी प्रभात गौड़ ने बताया कि पति और पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

# सुखोई और राफेल ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

**वायुसेना का एयरशो**

▶▶ **सहारनपुर के सरसावा वायु स्टेशन में मनी कारगिल विजय दिवस रजत जयंती**

▶▶ **चॉपर से रस्सी के सहारे हवा में उड़े वायु योद्धाओं को देख दर्शकों का जोश हुआ हाई**



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर सहारनपुर के सरसावा स्टेशन में कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह शुरू किया है, जो 26 जुलाई तक चलेगा। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया। एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। एक तरफ वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने साथ उड़ान भरी तो दूसरी तरफ फाइटर जेट आसमान को चीरते हुए ऊपर निकल गए। भारतीय वायु सेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है, जिन्होंने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी। पाकिस्तान पर भारत की यह तीसरी जीत वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायु सेना ने 16 हजार फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने में अपनी सैन्य क्षमता का प्रमाण दिया है। इस युद्ध के दौरान दुश्मन को निशाना बनाने में अद्वितीय परिचालन बाधाएं थीं। इसके बावजूद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में लड़े गए इस युद्ध को जीतने के लिए ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग में भारतीय वायु सेना का स्थान श्रेष्ठ रहा। वायु सेना ने कुल मिलाकर लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही, ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायु सेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं। कारगिल विजय दिवस पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाता है। वायु सेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान बलिदान देने वाले चार वायु योद्धाओं का नाम हमेशा के लिए भारतीय वायु सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। दरअसल, युद्ध के दौरान 28 मई, 99 को 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस हवाई हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उनके हेलीकॉप्टर को दुश्मन की स्टिंगर मिसाइल ने मार गिराया, जिसमें चार वीर सैनिकों ने प्राणों का बलिदान दिया। इस असाधारण साहस कार्य के लिए उन्हें मरणोपरांत वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 13 जुलाई को वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायु सेना अधिकारियों के साथ राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को सरसावा स्टेशन के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।वायु सेना प्रमुख ने उनके परिजनों को सम्मानित किया।

## ग्रामीणों ने 13 बांग्लादेशियों को किया पुलिस के हवाले

**उत्तर 24 परगना।** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा में फिर मानव तस्करी का आरोप में ग्रामीणों ने भारत-बांग्लादेश के सीमावर्ती गांव में छिपे 13 बांग्लादेशियों को पेड़ से बांधकर रखा और पुलिस के हवाले कर दिया। गुस्साई भीड़ ने बांग्लादेशियों को गांव में मानव तस्करी करने के आरोप में दो स्थानीय युवकों को भी पुलिस को सौंप दिया। रविवार सुबह हुई इस घटना से बागदा थाना अंतर्गत नलदु गढ़ी गांव में काफी तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह एक स्थानीय महिला सुबह की सैर के लिए निकली थी तभी उसने सड़क के किनारे केले के बागान में कुछ महिलाओं को छुपे हुए देखा। इसकी खबर पाकर इलाके के लोग मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। इसके बाद गुस्साई भीड़ आरोपित दलाल के घर पहुंची तो वहां और भी बांग्लादेशी मिले।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !